माघ मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 279, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, रविवार, 29 जनवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : ईशान किशन को दिखाना होगा जलवा



अंदर - फूल और उम्मीद के कवि हैं गोरख पाण्डेय

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# उत्साह और जोश से भरे हुए हैं युवा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने एनसीसी के 75वें स्थापना दिवस पर 75 का सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर की वार्षिक रैली में शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। एनसीसी इस साल अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मना रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने 75 रुपए मूल्य का एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।

इस मौके पर संबोधित करते हुए ढट ने कहा कि भारत का समय आ गया है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण भारत के युवा हैं। भारत की विकास यात्रा का ड्राइविंग फोर्स 'युवा शक्ति है। पीएम ने कहा कि जिस देश के युवा उत्साह और जोश से भरे हुए हों, उस देश की प्राथमिकता सदैव युवा ही होंगे। आज का भारत भी अपने सभी युवा

**वार्षिक रैली**

**पीएम मोदी बोले- हमारी युवा शक्ति के कारण दुनिया भारत की ओर देख रही**

**रक्षा क्षेत्र में सुधारों का लाभ युवाओं को**

साथियों को वो मंच देने का प्रयास कर रहा है जो आपके सपने को पूरा कर सके। देश को किसी न किसी बहाने बांटने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ये लोग कामयाब नहीं होंगे। एकता का मंत्र ही भारत को वैभव प्राप्त कराने का एकमात्र उपाय है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस देश के युवा उत्साह और जोश से भरे हुए हों, उस देश की



प्राथमिकता सदैव युवा ही होंगे। आज का भारत भी अपने सभी युवा साथियों को वो मंच देने का प्रयास कर रहा है जो आपके सपने को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि एक भी मौका खोना नहीं है, बस मां भारती को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लेकर चलते ही रहना है, बढ़ते ही रहना है। नई-नई सिद्धियों को प्राप्त करते ही जाना है, विजयश्री का संकल्प लेकर चलते ही जाना है।

भारत के रक्षा क्षेत्र में सुधारों से देश के युवाओं को लाभ मिल रहा है। पिछले 8 सालों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों में हमारी बेटियों की संख्या दोगुनी हो गई है। आज, हम सशस्त्र बलों के तीनों अंगों में महिलाओं की तैनाती देखते हैं। रैली हाइब्रिड डे और नाइट कार्यक्रम के रूप में आयोजित की जा रही है। इसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। पीएमओ के मुताबिक, वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) की सच्ची भारतीय भावना में 19 देशों के 196 अधिकारी और कैडेट्स को समारोह का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। बता दें पिछले बुधवार को यानी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पीएम मोदी ने एनसीसी के कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित किया था। जहां उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय लक्ष्यों और राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि युवा विकसित भारत के लाभार्थी हैं और उन्हें भविष्य के लिए राष्ट्र का निर्माण करना है। भारत के युवाओं को अनदेखी संभावनाओं का दोहन करना होगा और अकल्पनीय समाधानों का पता लगाना होगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक युवा को इसे जीवन के मिशन के रूप में लेना चाहिए और अपने इलाके, गांव, कस्बों और शहरों को साफ रखने की दिशा में काम करना चाहिए। इसी तरह उन्होंने उन्हें अमृत महोत्सव के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों पर कम से कम एक किताब पढ़ने के लिए कहा।

## माघ मेले के कल्पवासी शिविर में लगी आग

**प्रयागराज।** माघ मेला सेक्टर चार में शनिवार दोपहर में गैस लीकेज से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने खाना बना रहे श्रद्धालुओं को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की चपेट में आने से एक महिला समेत चार लोग झुलस गए। इस घटना के बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। आग से झुलसे श्रद्धालुओं को पहले माघ मेला में स्थित अस्पताल में ले गए वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि प्रतापगढ़ के रहने वाले श्रद्धालु सेक्टर चार में ब्रह्म ऋषि स्वामी आत्मानंद भक्ति के शिविर में रुके थे। शनिवार को पूजा पाठ के बाद वहां भंडारा का आयोजन होना था । कल्पवासी और उनके परिजन मिलकर खाना बना रहे थे। इस दौरान गैस

**हड़कंप**

**आधा दर्जन लोग झुलसे**



लीकेज होने से हादसा हो गया। आग से खाने पीने का सामान, कुर्सी समेत अन्य सामान जल गए। हादसे में बिट्टन सिंह (50), शिवपूजन सिंह (55), विजय सिंह (40), राज भूषण सिंह, चटकीला सिंह, इंद्रपाल सिंह निवासी सराय खजुरी प्रतापगढ़ के जले हैं। इनमें से बिटल सिंह शिवपूजन सिंह, उषा सिंह और विजय सिंह को गंभीर हालत में एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## लखनऊ पहुंचीं भारत और न्यूजीलैंड की टीमें



लखनऊ। आज राजधानी के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया अपना तीसरा टी-20 मुकाबला न्यूजीलैंड से खेलने उतरेगी। इस मुकाबले में शामिल होने के लिए दोनों टीम राजधानी पहुँच गयी हैं। दोनों टीम एयरपोर्ट से होटल के लिए रवाना हो गयीं हैं। स्टेडियम पर चल रही पिच की तैयारी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि लाल मिट्टी वाली विकेट पर मुकाबला खेला जायेगा। पिच नंबर चार और पांच को बीसीसीआई के क्यूरेटर तापोस चटर्जी के निर्देशन में क्यूरेटर सुरेंद्र कुमार ने तैयार किया है। सीरीज का पहला मैच रांची में खेलकर भारत और न्यूजीलैंड की टीमें शनिवार शाम चार्टर्ड प्लेन से लखनऊ के पहुंची हैं। एयरपोर्ट से यह दोनों टीमें सीधे होटल पहुँच रही हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के मीडिया प्रभारी तालिब के अनुसार टीमों के अभ्यास के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। स्टेडियम प्रबंधन ने सुबह के सत्र में अभ्यास की व्यवस्था की है।

## पिछड़ों व दलितों को शूद्र मानते हैं भाजपा के लोग

**लखनऊ।** गोमती तट पर चल रहे मां पीतांबरा महायज्ञ में शनिवार दोपहर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भाजपा कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए गए। उनकी गाड़ी के सामने हंगामा कर नारेबाजी की। इसके बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा धर्म की ठेकेदार नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग पिछड़ों व दलितों को शूद्र मानते हैं। उनको यह तकलीफ है कि हम उनके धार्मिक स्थानों पर गुरुओं, संतों का आशीर्वाद लेने के लिए क्यों जा रहे हैं?



उन्होंने कहा कि मुझे पीतांबरा माता के महायज्ञ में बुलाने वालों को भाजपा व आरएसएस की तरफ से धमकी मिल रही हैं। बीजेपी ने यहां गुंडे भेजे थे जो काला झंडा लेकर विरोध कर रहे थे, जिससे मैं कार्यक्रम में न जा पाऊं, लेकिन हम समाजवादी लोग हैं गुंडों से घबराने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यक्रम में आ रहा हूं तो बीजेपी के लोग क्या गुंडई करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। उधर, स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह माफी नहीं मांगेंगे। वह अपने स्टैंड पर कायम हैं. रामचरितमानस में जो कहा गया है वह देश के दलितों,, पिछड़ों, आदिवासियों का अपमान है। रामचरितमानस से उस दोहे को हटाना चाहिए। भूपेंद्र चौधरी माफी मांगने को कह रहे हैं लेकिन वो हमारी पार्टी के नेता नहीं हैं। समाजवादी पार्टी के जो नेता माफी मांगने को कह रहे हैं वह जाति विशेष के लोग हैं।

## सीएम योगी के सामने मंच पर भिड़े बीजेपी नेता

**लखनऊ।** गुरुवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा द्वारा राज्य मंत्री दानिश अंसारी से अभद्र व्यवहार करने को भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लिया है। पार्टी में मोहसिन पर कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है। दरअसल, गुरुवार को 26 जनवरी को विधानभवन के सामने आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब मंच पर बैठने जा रहे थे तो उनके पीछे, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उसके बाद मोहसिन रजा तेजी से आगे बढ़ते हुए नजर आ रहे थे। दूसरी सीढ़ी से राज्य मंत्री दानिश अंसारी भी ब्रजेश पाठक के बगल में आकर सोफे पर बैठने ही जा रहे थे कि मोहसिन रजा ने उनको धकिया दिया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी बीच मोहसिन ब्रजेश पाठक के बगल में बैठ गए। इस मामले में दानिश अंसारी ने भलमन साहत दिखाई और वह बगल वाले सोफे पर बैठ गए।

# वायुसेना का सुखोई-30 व मिराज-2000 क्रैश

**ग्वालियर।** भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान शनिवार की सुबह मध्य प्रदेश में मुरैना के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एयरफोर्स के दो लड़ाकू जेट सुखोई -30 और मिराज -2000 के एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक पायलट की मौत हो गई जबकि दो घायल हैं। वायु सेना इस बात की जांच कर रही है कि क्या विमान बीच हवा में टकराए थे जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मुरैना के डीएम ने जानकारी दी है कि दो पायलट्स को रेस्क्यू किया गया है। इन दोनों पायलट्स को इलाज के लिए ग्वालियर शिफ्ट किया गया है। तीसरे पायलट के शहीद होने की खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुखोई-30 में दो पायलट थे जबकि मिराज-2000 में एक पायलट था। मुरैना के एसपी आशुतोष बागरी ने बताया आज सुबह 2 विमान मिराज और सुखोई ग्वालियर से उड़े थे। एक

**हादसा**

**ग्वालियर से भरी थी विमानों ने उड़ान, एक पायलट शहीद**

विमान में दो पायलट और दूसरे में एक पायलट था। दो पायलट को रेस्क्यू किया गया। एक पायलट के शरीर के कुछ हिस्से मिले हैं। विमान के कुछ हिस्से भरतपुर में भी मिले हैं जिसके बारे में पता किया जा रहा है।

वहीं, एयरफोर्स ने अपने बयान में कहा, ह्लभारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान आज सुबह ग्वालियर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। विमान नियमित परिचालन उड़ान प्रशिक्षण मिशन पर थे। इसमें शामिल तीन पायलटों में से एक को घातक चोटें आईं। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। फाइटर जेट्स ने आज सुबह मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एयर बेस से उड़ान भरी थी। डिफेंस सोर्सेज



ने कहा कि दोनों विमानों के बीच हवा में संभावित टक्कर तब हुई जब वे बहुत तेज गति से कॉम्बेट मिशन पर थे। अधिक जानकारी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में सामने आएगी।

राजस्थान के भरतपुर में भी एक विमान का मलबा गिरा है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह भारतीयवायुसेब्न का विमान है या कोई चार्टड विमान। भरतपुर जिलाधिकारी ने पहले की रिपोर्ट में चार्टड जेट होने की पुष्टि की थी। वहीं, रक्षा सूत्रों ने पुष्टि की है कि भारतीय वायुसेना के जेट आसपास के क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। भरतपुर के ऊढ अजय शर्मा ने बताया कि सुबह हमे 10 बजे के करीब सूचना मिली थी कि एक प्लेन क्रैश हुआ था। मौके पर आने पर पता चला कि ये एयर फोर्स का कोई फाइटर जेट है। ये किस श्रेणी का फाइटर है ये पता नहीं चल पा रहा है। पायलट के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

# राहुल के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं महबूबा

## खड़गे ने अमित शाह को लिखा पत्र, बनिहाल में रोकी गयी थी भारत जोड़ो यात्रा



**जम्मू-कश्मीर।** कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार (28 जनवरी) को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा से दोबारा शुरू हुई। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अवंतीपोरा में यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुईं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके हस्तक्षेप की मांग की है।

दरअसल, शुक्रवार को राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक के बाद यात्रा कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गयी थी। राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक के बाद पुलिस को उन्हें अपनी गाड़ी में ले जाना पड़ा। जिसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने अमित शाह को पत्र लिखा था। जिसमें कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि काजीगुंड में पैदल मार्च के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भीड़ को देखते हुए राहुल गांधी के चारों ओर सुरक्षा वापस ले ली थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री को पत्र में लिखा, अगले 2 दिनों में यात्रा में भारी भीड़ की उम्मीद है। 30 जनवरी को श्रीनगर में होने वाले समारोह में भी भीड़ हो सकती है। मैं आभारी रहूंगा अगर आप व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की सलाह दें। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने अवंतीपोरा में कहा कि कल हजारों लोग यात्रा में शामिल होना चाहते थे और किसी तरह कुप्रबंधन हो गया।

### पुलवामा में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**जम्मू-कश्मीर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों जम्मू-कश्मीर में चल रही है। शनिवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर पहुंची, जहां राहुल गांधी ने अन्य लोगों के साथ यहां शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी ने ट्विटर पर यह तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया यूजर्स राहुल गांधी के इस ट्वीट पर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि आज, पुलवामा के 40 वीर शहीदों को उनके शहादत स्थल पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। देश के हर जवान की जान बेशकीमती है। भारत उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भुला पाएगा। सोशल मीडिया पर लोग इस पर पानी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## फरवरी महीने में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** 2023 का जनवरी महीना अब बस खत्म होने वाला है। जल्द ही फरवरी महीने की शुरूआत होगी। फरवरी का यह महीना 28 दिन का होनेवाला है। फरवरी महीने में शनिवार और रविवार की छुट्टी के अलावा महाशिवरात्रि सहित कई मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में इन छुट्टियों की जानकारी जरूरी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध फरवरी महीने की बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट पर गौर करें तो फरवरी 2023 में अलग-अलग राज्यों में 10 दिन बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में लोगों को इन बैंक छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन सेवाओं से ही अपना काम चलाना पड़ेगा।

**ऑनलाइन सेवाओं से चलाना पड़ेगा काम**

हालांकि, उपरोक्त दिनों में बैंक शाखाओं में छुट्टियों के बावजूद आप ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिये पैसों का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। बैंक की ऑनलाइन सेवाएं छुट्टियों के दिन भी काम करती रहेंगी।

# बजट में पूरे होंगे वादे : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने सांसद व विधायकगणों के साथ प्रदेश के सभी 18 मंडलों में संचालित विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा के बाद मंत्री व अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान वित्तीय बजट में प्राविधानित राशि के उपयोग की विभागवार समीक्षा की तथा जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को तेज करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगले माह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी-20 के कार्यक्रमों के उपरांत आगामी वित्तीय वर्ष का बजट आंकलन प्रस्तुत किया जाना है। सभी विभाग अपनी भावी योजनाओं के अनुरूप बजट के लिए अपना प्रस्ताव तैयार कर भेजें। आगामी बजट 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा।

बजट प्रस्ताव में लोककल्याण संकल्प पत्र के बिंदुओं का समावेश करें। यह सुनिश्चित करें कि आपका प्रस्ताव वास्तविक हो। जितनी आवश्यकता हो, उतनी ही डिमांड करें। वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने में अब दो माह ही शेष हैं। वर्तमान वित्तीय बजट की समाप्ति से पूर्व सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। विभाग स्तर भी पर खर्च की समीक्षा भी जाए। संबंधित मंत्रीगण भी अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। वित्त विभाग द्वारा आगामी बजट प्रावधान तय करते समय वर्तमान

**बैठक**

**योगी ने सांसद व विधायकों के साथ प्रदेश के सभी 18 मंडलों में संचालित विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा की**

वित्तीय वर्ष में विभाग के प्रदर्शन को भी दृष्टिगत रखा जाए। विभाग की मांग के अनुरूप ही बजट प्राविधान किया जाए। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर संभव सहायता मिल रही है। केंद्र से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें। विभागीय मंत्री स्वयं भारत सरकार के मंत्रीगणों से संवाद करें। केन्द्रांश के अभाव में परियोजना बाधित न रखें। नियमानुसार राज्यांश जारी कर कार्य जारी रखा जाए। सभी विभाग शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। आवंटन के अनुरूप खर्च में होमगार्ड, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, लोक निर्माण विभाग, दिव्यांग जन सशक्तिकरण, एमएसएमई, नगर विकास, वन, व्यावसायिक शिक्षा को प्रयास तेज करने होंगे। इन विभागों में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, इन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं। अंत्योदय के लक्ष्य के अनुरूप हर जरूरतमंद को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य संकल्पित है। दिव्यांगजन, निराश्रित महिला और वृद्धावस्था पेंशन और छात्रवृत्ति की धनराशि नियमित अंतराल पर लाभार्थी को प्राप्त हो।

# यूपी बोर्ड: 50 फीसदी कक्ष निरीक्षक होंगे बाहरी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने अपने कार्यकाल में बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर पूरी तरह से नकेल कस दी है। फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं होने जा रही हैं। इनको नकलविहीन कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माध्यमिक शिक्षा परिषद को हर जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के दौरान कक्ष निरीक्षकों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें कक्ष निरीक्षकों के चयन से लेकर उनके कामों और उत्तरदायित्वों का पूरा लेखा-जोखा दिया गया है।

इसमें कहा गया है कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक बाहरी रखे जाएंगे। साथ ही, जिस दिन जिस विषय की परीक्षा हो, उस सत्र में उस विषय के अध्यापक की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में नहीं लगाई जाएगी। यही नहीं, पुरुष कक्ष निरीक्षक किसी भी बालिका परीक्षार्थी की तलाशी नहीं लेंगे। साथ ही, छात्रों की तरह कक्ष

**कसी नकेल**

**गर्ल स्टूडेंट की तलाशी नहीं ले सकेंगे पुरुष कक्ष निरीक्षक**

**वरीयता के अनुसार नियुक्त किए जाएंगे कक्ष निरीक्षक**

निरीक्षक भी परीक्षा के दौरान मोबाइल, कैलकुलेटर या ऐसे किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक लगाए जाएंगे। यदि एक कक्ष में 40 से ज्यादा छात्र परीक्षा दे रहे होंगे तो वहां तीन कक्ष निरीक्षक भी नियुक्त किए जा सकेंगे। केंद्र की आवश्यक्तानुसार कक्ष निरीक्षक उपलब्ध न होने पर वरीयताक्रम में पहले माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों को नियुक्त किया जाए। अंत में प्राथमिक



विद्यालयों के अध्यापकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाए। जिन परीक्षा केंद्रों पर बालिकाओं की परीक्षा होगी वहां पर महिला कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य रूप से की जाएगी। किसी भी अध्यापक को उसके निहित स्वार्थ के लिए उनके आवेदन के आधार पर किसी परीक्षा केंद्र विशेष पर नियुक्त नहीं किया जाएगा।

परीक्षा केंद्र पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक बाहरी रखे जाएंगे। इसी तरह ऐसे कक्ष निरीक्षक जिनके परिचित और रिश्तेदार जिस परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रहे हैं वो उस केंद्र पर कक्ष निरीक्षण कार्य के लिए पात्र नहीं होंगे। परीक्षा केंद्रों से संबंधित विद्यालय के ऐसे अध्यापकों की सूची संबंधित प्राधानाचार्य या केंद्र व्यवस्थापक द्वारा तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी जाएगी। यही नहीं, परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए निर्णय लिया गया है कि परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परीक्षा केंद्रों पर उन विद्यालयों के शिक्षकों को नियुक्त न किया जाए जिन विद्यालयों के छात्र उस केंद्र पर परीक्षा दे रहे हों। इसी तरह एक ही प्रबंध तंत्र के अधीन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर उसी प्रबंध तंत्र से संचालित विद्यालयों के अध्यापकों को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

## बाटला हाउस मुठभेड़ के दोषी आतंकी की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाटला हाउस एनकाउंटर में पुलिस इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा का कातिल आतंकी शहजाद अहमद की मौत हो गई। आतंकी शहजाद इंडियन मुजाहिदीन का संचालक था। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था और उसका ईलाज दिल्ली के एम्स असपताल में चल रहा था। इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या समेत शहजाद अन्य दूसरे अधिकारियों पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराया गया था। वह तिहाड़ जेल में बंद था और पिछले कई महीनों बीमार चल रहा था। इससे पहले बाटला हाउस एनकांटर मामले में दिल्ली की साकेत कोर्ट ने आतंकी आरिज खान को दोषी पाया था और उसे फांसी की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने इस मामले को रेसेस्ट आफ द रेयर केस माना है। सितंबर 2008 को हुए एनकाउंटर में आतंकवादियों की तरफ से की गई गोलीबारी में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा शहीद हो गए थे। इस मामले को लेकर राजनीति भी खूब हुई थी।

# गर्भवती गोवंश की हत्या, सात नामजद दर्जनभर अज्ञात के खिलाफ केस

**अपराध**

### सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे, किया मुआयना

### पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने गोवंश को दफनाया

**लालगोपालगंज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने धारदार हथियार से गर्भवती गोवंश की हत्या कर सड़क किनारे फेंक दिया। गांव से कुछ दूर सड़क किनारे मृत गाय पाए जाने की सूचना ग्रामीणों को हुई तो हड़कंप मच गया। गोवंश के शरीर पर घाव के कई गहरे निशान पाए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में गड्ढा खोदकर गोवंश को दफन कर दिया गया। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने सात लोग नामजद और दर्जनभर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति है।



नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज अंतर्गत कमालापुर गांव स्थित गोवंश हत्या के बाद पड़ताल करती पुलिस

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कमालापुर गांव में अराजकतत्वों ने गर्भवती गोवंश की बेरहमी से हत्या कर दिया। बदमाशों ने धारदार हथियार से गोवंश के शरीर पर कई घाव किए हैं। शनिवार सुबह जब ग्रामीण घर से निकलो तो गांव के कुछ दूर पर सड़क किनारे घायल गाय मरी पड़ी थी। जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर चौकी प्रभारी लालगोपालगंज हर्षवीर सिंह व इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों के पहुंचने पर ग्रामीण कार्रवाई करने की मांग करने लगे। बाद में पुलिस ने मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराया और गड्ढा खोदकर उसे दफन कर दिया गया। वहीं गांव के सुनील कुमार पटेल, आलोक तिवारी, अशोक कुमार पासी, रामबाबू, पप्पू पाल आदि ने जानबख्श का पूरा निवासी सात लोगों को नामजद करते हुए दर्जनभर के विरुद्ध नवाबगंज थाने में तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मो. अफसार, नवशाद, अफसार, मो. मोबीन, महमुद हसन, इरसाद, कौनैन को नामजद करते हुए दर्जनभर अज्ञात के विरुद्ध पशु क्रूरता एवं गोवंश अधिनियम की धारा मैं एफ आई आर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**संक्षेप**

## मुंबई में ले जाकर दोस्त के कमरे में रख कर युवती से करता रहा दुष्कर्म

**मऊआइमा।** एक युवती को सात दिन पूर्व एक युवक बहला फुसलाकर कर मुंबई लेकर गया तथा अपने दोस्त के कमरे में रख कर कई दिनों तक दुराचार करता रहा। युवती के बहुत रोने पर कहीं शिकायत पर जान से मारने की धमकी एंव वीडीओ वायरल करने की धमकी देकर मऊआइमा छोड कर युवक भाग गया। युवती शनिवार को घर पहुंची तो परिजन थाने लेकर आए और दुराचारी युवक एंव उसके मित्र के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर के भाले का वन निवासनीय एक 18 वर्षीय युवती को एक युवक 21 जनवरी को बहला फुसलाकर कर मुंबई भगा ले गया। आरोप है कि मुंबई में अपने मित्र के कमरे में रख कर कई दिनों तक दुराचार करता रहा। बाद में युवती के गिडगिडाने पर कहीं शिकायत पर जान से मारने एंव वीडीओ वायरल की धमकी देकर शनिवार को युवती को मऊआइमा में छोड कर भाग गया। युवती घर पहुंच कर आप बीती बतायी। परिजन युवती को लेकर मऊआइमा थाने आए। युवती के पिता की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने महमदपुर घीनपुर निवासी सलमान खान पुत्र मोहम्मद हफीज उर्फ नरहा तथा सलमान के मित्र समीर पुत्र अज्ञात ग्राम तिलई बाजार निवासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस पीडिता युवती का मेडिकल के लिए भेज दी है।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य

# देश के बलिदानियों के चलते आज हम स्वतंत्र हैं : प्रेमशंकर

**मेजा।** क्षेत्र के एसआरपी इंटर कालेज सिरसा में गुरुवार को 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रेमशंकर सिंह भाजपा नेता व गिरिराज ट्रस्ट के अध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के बाद छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कालेज प्रबंधन ने प्रेमशंकर सिंह को मोमेंटो प्रदान कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया । इस दौरान प्रेमशंकर सिंह ने स्कूल कक्षा दस में अव्वल आये तीन बच्चों को 11 हजार रुपये नगद दिया । इसके अलावा बच्चों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए गिरिराज ट्रस्ट की ओर से आरओ और वाटर कूलर दान किया ।

श्री सिंह ने सभी को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सबसे पहले मैं देश के उन सभी महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को सलाम करता हूं और श्रद्धांजलि अर्पित करता है जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में रह सकें। इन लोगों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आजादी के लगभग 3 साल बाद 26 जनवरी 1950 को देश एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणराज्य बना ।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स (मध्य प्रदेश)

### उत्तर प्रदेश वॉलीबाल टीम के प्रशिक्षक होंगे आनंद शर्मा

### भोपाल पहुंची यूपी की वॉलीबाल टीम

**करछना।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स (मध्य प्रदेश) में प्रतिभाग करने वाली उत्तर प्रदेश बालक वॉलीबाल टीम के प्रशिक्षक जिम्मेदारी जनपद के आनंद शर्मा को दी गई है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक किया जाना है। आनंद भारतीय डाक विभाग के प्रयागराज में सेवारत हैं तथा प्रयागराज में नैनी के निवासी हैं। आनंद शर्मा के प्रशिक्षण में खेलो इंडिया यूथ गेम्स पुणे में उत्तर प्रदेश की बालक वॉलीबाल टीम कांस्य पदक विजेता रह चुकी है इसके पूर्व गुवाहाटी में आयोजित



आनंद शर्मा

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश चैंपियन (स्वर्ण पदक विजेता) रही । उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव सुनील कुमार तिवारी ने आनंद शर्मा नामित किए जाने की सूचना दी । डाक विभाग प्रयागराज के मनोरंजन क्लब के सचिव राजेश वर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश पाठक, महासचिव सुनील कुमार तिवारी समेत पूरे एसोसिएशन परिवार व खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश को धन्यवाद ज्ञापित किया ।आनंद शर्मा को उत्तर प्रदेश वॉलीबाल टीम का प्रशिक्षक बनाए जाने पर डाक विभाग प्रयागराज के अधिकारियों, यूनियन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्रयागराज मंडल कोऑर्डिनेटर प्रभात कुमार राय, चंद्रभान राय, निरंजन राय, पंकज शुक्ला, कमलाकर पांडे, मनोज राय, सुनील पांडे, विमल पांडे, हरिशंकर सिंह, रविकांत यादव, समेत जनपद के सभी वॉलीबाल के खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं।

# चौसठी मठ वाराणसी की ओर से आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सहसों।** चौसठी मठ वाराणसी की ओर से शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मेला क्षेत्र में आए श्रद्धालु भक्तों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ0 रजनीश तिवारी, डॉ0 रवि साहू, डॉ0 सुषमा पटेल, डॉ0 एम फातिमा, डॉ0 इजहार, डॉ0 अमित साहू आदि कुशल डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां प्रदान की गई। मौके पर डॉ0 डीसी पांडे, डॉ0 अनिल साहू, आनंद मिश्रा, ओपी शुक्ला0 डॉ0 आरके सिंह,बेबी साहू अजीत पांडे आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# चौपाल लगाकर पुलिस कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**शंकरगढ़।** अंतर्राज्यीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो तथा वहां समुचित विकास हो ऐसी शासन की मंशा के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के बॉर्डर के गांव चुंदवा में चौपाल का आयोजन किया गया । चौपाल में जिले के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं को सुनी।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार आज के दिन जिले के बड़े अफसर अपने जिले के अंतर्राज्यीय सीमा के गांव में जाकर प्रवास करें तथा लोगों की समस्याओं को सुनें। उसी के अनुरूप आज इस गांव में आप लोगों के बीच में चौपाल का आयोजन किया गया और लोगों की समस्याओं को सुना गया। उसके निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। यही नहीं आप लोगों ने जो सुझाव दिए उस पर भी नियमानुसार अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा शासन की मंशा है कि बॉर्डर पर बसने वाले गांव की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो। वहां की गांव का विकास हो। इसके लिए आज मध्य प्रदेश की सीमा से लगे गांव में चौपाल लगाई गई है। चौपाल लगाकर आपकी शिकायत सुन निस्तारण करने का प्रयास किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी रामविलास राय ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप शौचालय के लिए लाभार्थी को 12000 रुपए नकद दिए जाते है। इसके अलावा पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास सरकार द्वारा दिया जा रहा है। नायब तहसीलदार बारा ने बताया की शासन द्वारा अनेक लाभकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सम्मान योजना, सुमंगला योजना, दुर्घटना बीमा योजना, दैविक आपदा योजना, पारिवारिक लाभ योजना, पायलट योजना आदि चलाई जा रही है। जिसका लाभ पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने शंकरगढ विकास खंड के नौढ़िया उपरहार में पुलिस चौकी खुलवाने व बार्डर पर एक गेट बनवाने की बात कही गई तो पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस चौकी के लिए जमीन की शिनाख्त कर ली गई है। शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। एक ग्रामीण द्वारा जगशाला की भूमि भूमाफियाओं द्वारा कब्जाने की शिकायत पर जांच करा कर कारवाई की बात कही गई। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के साथ डीसीपी यमुनापार दीपक भूकर, एसीपी बारा संतलाल सरोज, थानाध्यक्ष शंकरगढ मनोज कुमार सिंह के अलावा ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ श्रीमती निर्मला देवी, शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह उर्फ बबली (प्रधान), मंगलेश सिंह, गुलाब सिंह, कामता प्रसाद सिंह, फैजान अहमद, मूलचंद गुप्ता, रतन केसरवानी, राम चंद्र सिंह, मिश्रीलाल सिंह, सुधाकर सिंह श्रीमती मुन्नी देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। पुलिस कमिश्नर ने चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित चार चौकीदारों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। चौपाल के बाद पुलिस कमिश्नर ने हमराहियों के साथ बार्डर का निरीक्षण किया।

# गणतंत्र दिवस पर बिशप हार्टमन एकेडमी में हुआ ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम



समारोह में शामिल बच्चे

**थरवई।** गणतंत्र दिवस पर थरवई स्थित बिशप हार्टमन एकेडमी में बड़े ही धूम धाम के साथ ध्वजा रोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके उपरांत विद्यालय में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम वह भी बड़े भव्य तरीके से संपन्न हुआ। साथ ही सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में उन्हें बताया की गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है इसका क्या महत्व है के बारे में बतलाया गया। जिसमें मौके पर फादर विलियम स्टेनली मथायस सिस्टर ग्रेशमा एल एक्स कोलिस व विद्यालय के सभी टीचर्स गण भी उपस्थित रहे।

# सिर में गंभीर चोट होने के कारण साधु राम यादव की हुई मौत

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई के हेतापट्टी गांव निवासी साधु राम यादव 50 वर्ष पुत्र स्व बृजलाल यादव की मौत सिर में गंभीर चोट होने के कारण हुई है उक्त बातें एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव ने बताई है उन्होंने बताया कि मृतक साधु राम के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट होने के कारण मौत की पुष्टि हुई है शुक्रवार की सुबह मृतक का शव घर से 500 मीटर दूर स्थित गांव के किनारे खेत में पाया गया था। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव ने बताया कि शनिवार को मृतक की बुआ जोखनी देवी पत्नी सतई निवासिनी बेरवा थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है उधर हत्या के खुलासा के लिए सर्विलांस टीम क्राइम ब्रांच थरवई पुलिस की टीमें हत्या की खुलासे के लिए लगी हुई हैं एसीपी थरवई ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# प्रकाश हॉस्पिटल महासंग्राम क्रिकेट प्रतियोगिता डीहा में आरम्भ

**करछना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिवार को पांचवा प्रकाश हॉस्पिटल क्रिकेट महासंग्राम का शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन डॉ विजय बाबू जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक ने फीता काट कर शुभारंभ किया, इस प्रतियोगिता में दर्जन भर से अधिक टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया

उद्घाटन मैच खेलने आई डीहा टीम तथा सेमरहा की टीम के बीच उद्घाटन मैच खेला गया जिसमें डीहा की टीम कान्हा इलेवन विजई हुई टॉस जीतकर कान्हा इलेवन ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया अच्छी गेंदबाजी करते हुए अंबुज इलेवन की टीम को 8 ओवर में 60 रनों पर ही रोक दिया मुकाबला काफी कांटे का हुआ अंततः जीत कान्हा टीम 11रन से विजयी रही अंबुज सेमरहा , (कप्तान) सत्यम, सनी, अंजनी, रवि, गोलू, अमर, प्रियांशु, उज्जवल,



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हॉस्पिटल के निदेशक

विजय, समरकान्हा डीहासूरज, विजय, शरद, कान्हा यादव (कप्तान) सुनील, मनोहर, सनी, शेखर, लाला, आकाश ने उद्घाटन मैच में प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव प्रधान प्रेमचंद आदिवासी प्रधान पुत्र ओमप्रकाश आदिवासी एडवोकेट जितेंद्र शुक्ला राजेश निषाद कृष्णा यादव शरद यादव से राम सागर यादव मानिकचंद यादव अंबुजा सतीश चंद केसरवानी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने भाग लिया और वहीं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

## माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में धूम-धाम से मना गणतंत्र दिवस

**नैनी।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी, प्रयागराज के प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में 74वां गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजन, विद्यारंभ संस्कार का भव्य समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नन्हे-मुन्ने भैया बहनों के विद्यारंभ संस्कार एवं हवन पूजन के साथ दो चरणों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि माननीय मधुकर आनंद संयुक्त आयुक्त सर्विस टैक्स एंड जी एस टी ने ध्वजारोहण के पश्चात भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति एवं संस्कारयुक्त वातावरण में शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ,और यह विद्यालय इसके लिए सर्वथा उपयुक्त है। आज के दिन यानी गणतंत्र का अर्थ है जनता के द्वारा जनता के लिए शासन आज ही के दिन हमारे देश को गणतंत्र दिवस के रूप में घोषित किया गया था' अध्यक्षता कर रहे हीरालाल मिश्र कमांडेंट पी ए सी फतेहपुर ने कहा कि समाज में हमारी अलग जाति, धर्म या कई अन्य चीजें हैं जो हमें अलग करती है लेकिन इसकी एक व्यापक तस्वीर यह है कि हम सभी भारतीय हैं सभी भारतीयों के द्वारा एकजुटता के रूप में गणतंत्र दिवस के इस पर्व को मनाया जाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ विक्रम सिंह पटेल अध्यक्ष पूर्व छात्र परिषद ने भी अपना आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मां सरस्वती प्राकट्य उत्सव मनाया गया, सरस्वती पूजन के पश्चात विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें 3 वर्ष तक के कुल 176 नन्हे-मुन्ने भैया बहनों के जिह्वा पर शहद से ओम लिखकर मंत्रोच्चार के साथ अक्षर आरंभ कराया गया तथा उन्हीं नन्हे-मुन्ने भैया बहनों के द्वारा यज्ञ कुंड में आहुति दिलाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा हिंदी ,अंग्रेजी एवं संस्कृत के भाषण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# पूर्व प्रधान ने ग्रामीणों संग किया ध्वजारोहण

**सोरांव।** 26 जनवरी को क्षेत्र में चारों तरफ गणतंत्र दिवस की धूम रही। नगर पंचायत, ग्राम पंचायत भवनों, विद्यालयों सरकारी, अर्धसरकारी, निजी संस्थानों तक में लोग देशभक्ति से ओत-प्रोत दिखे। इसी क्रम में गुरुवार को मलाक चौधरी गांव में 74 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरा गांव देश भक्ति गीतों से गूंजायमान रहा। वहीं पूर्व प्रधान श्रीमती सहदेई पटेल ने तिरंगा फहराकर एवं राष्ट्रगान गाकर लोगों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। और बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। ध्वजारोहण समारोह में चन्द्रमणि पटेल (पूर्व प्रधान), नरेन्द्र यादव उर्फ बबलू (सपा जिला महासचिव) राजेन्द्र कुमार कश्यप उर्फ गप्पू, सूर्यमणि पटेल (एडवोकेट), कुंवर बहादुर पासी भावी पार्षद प्रत्याशी वार्ड नं0 14, विनय प्रताप पटेल, संदीप, मंगल, गौरी शंकर उर्फ टीपू पाण्डेय, अतुल कुमार, जेलर, नितेश्वर, निहाल, बच्चे लाल, कल्लू पटेल, आशीष पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल पूर्व प्रधान व नरेन्द्र यादव सहित अन्य

## निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना

**मेजा।** क्षेत्र के उरुवा में शुक्रवार की शाम को सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश एक निजी समारोह में शामिल होने पहुंचे,उनके साथ पूर्व विधायक नीलम करवरिया व करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की गौरतलब हो कि क्षेत्र के नेवढिया गांव निवासी कुलभान गुप्ता पिछले कई वर्षों से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सुरक्षा में तैनात हैं। शुक्रवार को उन्ही के बेटे के तिलकोत्सव में शामिल होने उरुवा के एक गेस्ट हाउस में जिसमें सतीश महाना पहुँचे थे। श्री महाना ने वर को आशिर्वाद देते हुए बधाई दिया। इस दौरान भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को मेजारोड स्थित कार्यालय पर मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने माल्यार्पण कर स्वागत किया उसके बाद मेजारोड बाजार के सुंदरीकरण और बाजार में स्ट्रीट लाइट के लिये ज्ञापन सौंपा । इस दौरान विनय कुमार शुक्ल, मुन्ना पाण्डेय सहित दर्जनों लोग रहे।



शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते गायत्री मिश्रा व अन्य

# वीर बलिदानियों के कारण हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं : गायत्री मिश्रा

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के मेजा विकास खण्ड मुख्यालय पर गुरुवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्र ने ध्वजारोहण कर वीर शहीदों को नमन किया। प्रमुख गायत्री मिश्र, प्रमुख प्रतिनधि गंगा प्रसाद मिश्र सहित खण्ड विकास अधिकारी ने मुख्यालय में बने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। श्रीमती गायत्री मिश्र ने कहा आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है इसके लिए देश कितने लोग, जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था, हमारा देश भारत गणतंत्र बना था। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के कारण यह दिन हमारे देश के राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से मयंक, मदन बाबू सहित दर्जनों लोग रहे।

उत्तर मध्य रेलवे G20

निविदा सूचना संख्या- 13-विद्युत/ सा0/प्रयागराज/22-23 दिनांक- 27.01.2023

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक- 20.02.2023 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

| क्रम संख्या | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम | काम की लागत (₹में) | बिड सिक्योरिटी (₹में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ELG-115-22-23 | प्रयागराज मंडल में वितरण ट्रांसफार्मर की मरम्मत। | ₹ 1934081.44 | ₹ 38700.00 |

कार्य समाप्त करने की समयावधि : 06 माह

निविदा खुलने की तिथि: 20.02.2023, समय- 15:00 बजे ।

नोट- 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है ।


149/23 (ADM)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in




शनिवार को नैनी बृज पर भीषण जाम में फंसे लोग

# प्रयागराज



# माघ मेला में आग, 7 भक्त झुलसे



पंडाल में आग लगने के बाद जला सामान



आगम में झुलसे भक्त

**हादसा**

### भारद्वाज महोत्सव के पंडाल में सिलेंडर लीकेज के बाद वॉल फटा, महिला की हालत नाजुक

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में शनिवार को भारद्वाज महोत्सव के पंडाल में आग लग गई। आग लगने से एक महिला श्रद्धालु समेत 7 भक्त बुरी तरह से झुलस गए। सभी झुलसे लोगों को स्वरूप रानी नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। महिला की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

जिस समय हादसा हुआ उस वक्त महिला श्रद्धालु गैस सिलेंडर से भोजन पका रही थी। भोजन पकाते समय सिलेंडर में लीकेज हुआ इसके बाद उसका वॉल फट गया। वॉल फटने के बाद सिलेंडर धू-धू कर जलने लगा।सिलेंडर से निकलने वाली तेज लपटों ने पंडाल को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग विकराल होने लगी और किचन में खाना बना रहे श्रद्धालुओं को भागने का मौका नहीं मिला। आग की चपेट में आने से एक महिला श्रद्धालु समेत चार अन्य लोग झुलस गए।

## फायर ब्रिगेड को पहुंचने में हुई देरी

माघ मेले में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध हटने के बाद शनिवार को काफी भीड़ देखी गई। परेड ग्राउंड से ही माघ मेले में वाहनों की कतारें लगने से जाम की समस्या रहे। वीकेंड होने के कारण माघ मेले में भी काफी बड़ी संख्या में बाहरी श्रद्धालु अपने निजी वाहनों से स्नान करने आए हैं।यही फायर ब्रिगेड घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लगा। प्रतापगढ़ के रहने वाले श्रद्धालु सेक्टर चार में ब्रह्मा ऋषि स्वामी आत्मानंद भक्ति के शिविर में रुके हुए थे। शनिवार को पूजा के बाद वहां भंडारे का आयोजन किया गया था।भंडारे का प्रसाद बनते समय यह हादसा हुआ। आग लगने से किचेन का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि बाद में पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया और आग फैलने नहीं पाई। फिलहाल मौके पर आला अधिकारी मौजूद हैं और रेस्क्यू जारी है। इस घटना में जोर से श्रद्धालुओं का माघ मेले में स्थित अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया है। एसपी माघ मेला डॉ राजीव नारायण त्रिपाठी ने बताया कि माघ मेले में आज दोपहर करीब 2:00 बजे भारद्वाज महोत्सव में आग लग गई थी।फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में जो लोग सिलेंडर के आसपास मौजूद थे झुलस गए। आग से झुलसे सभी लोगों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है।

# कुअँर पट्टी में शोभायात्रा व पञ्चाङ्ग पूजन के साथ माँ शीतला कृपा महोत्सव का आज होगा आगाज

**महोत्सव**

### 31 जनवरी को महोत्सव में भोजपुरी सम्राट मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव व कल्पना पटवारी माँ के दरबार में लगाएंगी हाजिरी

### 2 फरवरी को बाबा बागेश्वर धाम का सजेगा भव्य दरबार



भोजपुरी सम्राट कल्पना पटवारी, दिनेश लाल यादव व मनोज तिवारी

**मेजा।** कुअँर पट्टी में आज से शुरू होने जा रहे माँ शीतला कृपा महोत्सवम के तीसरे दिन 31 जनवरी को भोजपुरी दुनिया के सम्राटों का जमावड़ा रहेगा। 2 फरवरी को धीरेंद्र शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम का भव्य दरबार लगेगा। उक्त जानकारी डीजीएस परिवार के जनसेवक भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने डीजीएस गेस्ट हाउस में शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान दी । उन्होंने बताया कि महोत्सव में भोजपुरी सम्राट सांसद मनोज तिवारी, सांसद दिनेश लाल यादव(निरहुआ) और महिला भोजपुरी सम्राट कल्पना पटवारी माँ शीतला के समक्ष अपनी अर्जी लगाते हुए अपने भक्ति गीतों से लोगों को सराबोर करेंगे ।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के कुअँर पट्टी के सोनाभवन स्थित माँ शीतला मंदिर में स्थापित माँ शीतला का स्थापना दिवस डीजीएस परिवार माँ कृपा महोत्सवम के रूप प्रत्येक वर्ष मनाता है । इस वर्ष भी 29 जनवरी से पाँच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सवम मनाया जाएगा । पाँच दिवसीय महोत्सव का आगाज आज भव्य शोभायात्रा और पञ्चाङ्ग पूजन के साथ महोत्सव का आगाज होगा । 30 जनवरी को बेदी रचना के साथ मानस पाठ आरम्भ होगा । 31 जनवरी को मानस पाठ का समापन व माँ का अभिषेक, भव्य आरती व छप्पन भोग ।1 फरवरी को शिवशक्ति समर्चा,लखराव व सवालाख पार्थिविश्वर महादेव की विशाल पूजा होगी । 2 फरवरी को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा ।



पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया

## स्कूल जा रही छात्रा की रास्ते में हुई मौत



मृतक छात्रा की फाइल फोटो

**उतरांव।** शनिवार की सुबह छात्रा स्कूल जा रही थी अचानक रास्ते मे हुई मौत। आप को बताते चले की कक्षा 9 की छात्रा अंजली भारतीया उम्र लगभग 17 पुत्री संतलाल निवासी उत्तरांव के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज निमिथरिया मे कक्षा 9 की छात्रा थी शनिवार की सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी रास्ते मे जैसे ही बारिभीट चौराहे पर पहुंची थी। तभी अचानक साईकिल से लड़खड़ा कर गिर गयी। चौराहे पर उपस्थित लोग तुरंत नजदीकी डाक्टर के पास ले गये।मौके कालेज के प्रबंधक डॉ नागेंद्र कुमार सिंह व छात्रा के परिजन भी पहुँचे लेकिन तब तक छात्रा की मौत हो चुकी थी।छात्रा की मौत से कालेज मे मातम छा गया।छात्रा दो बहन एक भाई था। छात्रा की मौत से माता पिता भाई बहन परिवार वालों और रिस्तेदार का रोरोकर बुरा हाल है।

# केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में गणतंत्र दिवस समारोह की धूम

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठनए प्रयागराज के कार्यालय प्रांगण में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रमोद कुमार महाप्रबन्धक/कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया गया। महाप्रबन्धक महोदय ने इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी तथा सरकारी कामकाज में राष्ट्र.प्रथमए सदैव.प्रथम की भावना को आत्मसात करने की भी सीख दी।

महाप्रबन्धक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा संगठन भारतीय रेल के विकास हेतु सुरक्षितए कुशलए पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली के माध्यम से राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की ओर सतत प्रयत्नशील है। वर्ष 2022-23 के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा कोर को 5000 रूट किलोमीटर से अधिक विद्युतीकरण का लक्ष्य मिला है। जिस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होने आशा व्यक्त किया कि पिछले वित्तीय वर्ष में किये गए रिकार्ड 4276 रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण को पीछे छोड़ते हुए संगठन वर्तमान वित्तीय वर्ष में रेल विद्युतीकरण का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।



तिरंगे की सलामी लेते प्रमोद कुमार महाप्रबन्धक/कोर

महाप्रबन्धक महोदय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि ईशानगर.उदयपुरा खंड के विद्युतीकृत हो जाने से प्रयागराज से भोपाल तक एक महत्वपूर्ण विद्युतीकृत मार्ग की प्राप्ति हुई है और साथ ही उत्तर मध्य रेलवे 100ः विद्युतीकृत हो गया है। इसके साथ ही तमिलनाडुए गुजरात और राजस्थान में अनेक महत्वपूर्ण सेक्शनों का विद्युतीकरण हुआ है जिससे रेल खंडों की क्षमता में बढ़ोत्तरी होने के साथ.साथ क्षेत्र में होने वाले सामाजिक व आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

महाप्रबन्धक महोदय के संदेश के पश्चात एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक कोर ने सास्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों के लिए कई पुरस्कारों की घोषणा भी की।

अध्यक्षा रीवो श्रीमती पूनम कुमार ने सास्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया। कोर की विभिन्न परियोजनाओं में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महाप्रबन्धक महोदय का गणतंत्र दिवस संदेश पढ़ा गया।

# एमएलसी चुनाव : 30 जनवरी को सुबह आठ बजे से चार बजे तक होगा मतदान

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन-2023 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव को निर्विघ्न संपन्न करवाने के लिए आयोग की तरफ से जारी की गई गाइडलाइन को प्रभावी कर दिया गया है। एडीएम (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षदेव पांडेय ने बताया कि मतदान 30 जनवरी को सुबह आठ बजे से दूसरे पहर चार बजे तक होगा। एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि मतदान दिवस पर समस्त मतदान केंद्रों को धूम्रपान मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाता है। उल्लंघन करने पर रुपए 200 तक जुमार्ना चार्ज किया जाएगा। उन्होंने जनसामान्य से अपील किया है कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2023 की धारा-4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। जैसे- सभागार, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रतीक्षालय, मनोरंजन केंद्र, रेस्टोरेंट, शासकीय कार्यालय, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थान, पुस्तकालय, लोक परिवहन अन्य कार्यस्थल एवं अन्य कार्यालय धूम्रपान निषेध क्षेत्र में आते हैं। एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए भी गाइडलाइन जारी की गई है। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, कैमरा, पेन, पेंसिल, सादा कागज एवं पानी की बोतल पूर्णतः प्रतिबंधित है। मतदान दिवस पर समस्त मतदान केंद्रों पर उपरोक्त सामग्री ले जाना नियम विरूद्ध हैं। उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जाम से कराह रहा शहर, पुल पर रेंग रहे वाहन

**प्रयागराज।** माघ मेले का चार प्रमुख स्नान बीत चुके हैं, लेकिन इतना जाम कभी नहीं दिखा, जितना शनिवार को देखने को मिला। पूरा शहर दिनभर जाम की गिरफ्त में रहा। नैनी के नये पुल पर घंटों वाहनों की कतार लगी रही तो झूंसी में भी वाहनों की भारी लाइन देखने को मिली। इस जाम में हजारों वाहन फंसे रहे। जाम की सूचना पर स्थानीय पुलिस बल के साथ उच्चाधिकारियों ने भी मोर्चा संभाला, लेकिन यातायात को सामान्य होने में घंटों का समय लग गया। बताया जाता है कि प्रथम पहर से ही जीटी जवाहर चौराहे के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। नैनी के नये पुल के साथ-साथ शास्त्री ब्रिज पर भी वाहन रेंगने की स्थिति में पहुंच गए।

# केन्द्रीय चिकित्सालय उमरे में वरिष्ठ नागरिक प्रतीक्षा कक्ष और लिफ्ट का शुभारम्भ



नागरिक प्रतीक्षा कक्ष और लिफ्ट का फीता काटकर शुभारम्भ करते उमरे महाप्रबंधक व मरीजों को फल व उपहार देतीं श्रीमती रूबी रानी

**प्रयागराज।** रेल प्रशासन अपने कर्मठ रेल कर्मियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य और उनको मिलने वाले सुविधाओं की गुणणत्ता को बेहतर करने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में प्रयागराज स्थित केन्द्रीय चिकित्सालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार और अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन श्रीमती रूबी रानी सिंह द्वारा बहिरोग विभाग में एक वरिष्ठ नागरिक प्रतीक्षा कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अंतः रोग विभाग में एक लिफ्ट का भी शुभारम्भ किया गया। इस दौरान अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन श्रीमती रूबी रानी सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल एवं उपहार वितरित किए गए।

इस मौके पर प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डा. जगदेव रावत, चिकित्सा निदेशक डा. एस के. हांडू व सभी विभागाध्यक्ष व मंडल रेल प्रबन्धक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सभी को साथ लेकर चलना ही सनातन है : स्वामी प्रभाकर जी महाराज

**कार्यक्रम**

### रामचरितमानस की चौपाई पर संदेह अर्थ का अनर्थ निकालना आज्ञानियों का काम

**प्रयागराज।** अन्नपूर्णा मार्ग स्थित गायत्री गंगा चैरिटेबल संस्थान की ओर से लगाए गए शिविर में संगम की रेती से स्वामी प्रभाकर जी महाराज ने कहा कि सनातन सभी को साथ लेकर चलता है सनातन में छोटा बड़ा ऊंच-नीच का भेदभाव होता ही नहीं रामचरित मानस की चौपाइयों का अर्थ का अनर्थ निकालकर अज्ञानी लोग भ्रामक सूचनाएं दे रहे हैं। जिससे धर्म में आस्था रखने वाले सनातनी आहत हैं। जब प्रभु की कृपा होती है तो चमत्कार अपने आप होने लगते हैं । वेद शास्त्रों में वर्णित है कि जिसके ऊपर प्रभु की कृपा हो जाती है लंगड़ा चलने लगता है आंखों अंधा देखने लगता है इत्यादि प्राचीन काल में इस तरह की कई घटनाएं चमत्कार हुए हैं। इसको चमत्कार अंधविश्वास ना कहकर प्रभु की कृपा माननी चाहिए।



## कुंडलिनी योग साधना से परमानंद दिव्यानंद की होती है अनुभूति : हेमागिरी



**प्रयागराज।** कुंडलिनी योग साधना से परम आनंद दिव्य आनंद की अनुभूति होती है उक्त बातें ओल्ड जीटी मार्ग स्थित क्लीन साधना पीठ शिविर में गुरु मां साध्वी हेमा आनंदमई अपने शिष्यों को बता रही थी । उन्होंने बताया कि परमानंद दिव्य आनंद की अनुभूति मां सरस्वती का अवतरण और अमृत का पान अपने अंतर की सरस्वती त्रिकुट यानी इडा पिंगला और सुषुम्ना के माध्यम से ही संभव है । सहस्त्रार में प्रविष्ट होने पर एक दिव्य रसायन का रिसाव होता है जिससे अमृत अर्थात गंगा कहा गया है । जो कुंडलिनी जागरण के पश्चात ही परम आनंद प्राप्त होता है । कलिंग साधना पीठ में हर रोज साधक माताजी से कुंडलिनी साधना का अभ्यास करते हैं माताजी ने बताया कि इस अभ्यास से मनुष्य का जीवन खुशियों से भर जाता है उसके पास किसी भी चीज की कमी नहीं रहती है।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



ध्वजारोहण करते इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी

**प्रयागराज।** 74 वें गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर महावीर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में ध्वजारोहण एवं मां सरस्वती का पूजन हवन का कार्यक्रम संस्था निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने किया । इस अवसर पर इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने सभी अध्यापक अध्यापिका और छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी मुख्य आकर्षण महावीर पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं उनके द्वारा हवन का विधि विधान से कार्यक्रम निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी के द्वारा हुआ इस अवसर पर समस्त संकायों के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे यह जानकारी संस्था के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने दी।

# राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को कायम रखना हम सबका नैतिक दायित्व : धनंजय सिंह पूर्व सांसद

**जंघई।** विगत वर्षों की इस वर्ष भी जन कल्याण सेवा संघ जंघई द्वारा 51 मीटर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय शंकर दुबे अज्जू भैया रहे। अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि धनंजय सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र को आजादी दिलवाने में हमारे महापुरूषों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं शूरवीरों का महत्वपूर्ण योगदान हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। विशिष्ट अतिथि अजय शंकर दुबे अज्जू भैया ने कहा कि हम सभी को बड़ा लक्ष्य दिया गया है कि जनता की सेवा करना हैं, अगर सच्ची निष्ठा और लगन से हम कार्य करेंगे तो भविष्य उज्जवल होगा। प्राचार्य नागरिक पीजी कॉलेज जंघई प्रो0 राजीव मालवीय ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर तमाम वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह साहब, अनिता सिंह चौहान, प्रशांत शुक्ला विक्की, ओपी सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला, अनुरेश तिवारी, बच्चन मिश्रा प्रधान, प्रमोद गुप्ता प्रधान, कलेक्टर शुक्ला, आशीष दुबे, कार्यक्रम आयोजकों में रोहित ब्राह्मण, विजय मिश्रा, दिनेश गुप्ता, आनंद मिश्रा, अन्नु सिंह, आशीष शुक्ला, आशीष मिश्रा, अनुभव तिवारी, ऋषभ तिवारी, शुलभ तिवारी, विशाल तिवारी, संदीप पांडेय, धीरज उपाध्याय, सुमित तथा आगुंतकों में योगेश सिंह, बबलू सिंह, राजा मौर्या, राजीव दुबे, गंगाधर शुक्ला, परमिल दुबे, किशन पाठक, रिंकू सिंह, मनीष तिवारी, कृष्णराज शुक्ला, पवन शुक्ला, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, परमिल दुबे, बाबा शुक्ल, आनंद उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का माला पहनाकर किया गया स्वागत

# स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के सानिध्य में दिव्य भंडारा का आयोजन



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते संतगण

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी स्नान पर्व पर अन्नपूर्णा मार्ग स्थित सेक्टर तीन में सद विप्र समाज सेवा (सद्गुरु कॉशसनेस सोसायटी ध्यान साधना )शिविर में स्वामी कृष्णानंद जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में हवन पूजन के बाद दिव्य भंडारा का आयोजन किया गया इसमें हजारों साधु ,संत तथा शिष्य गण ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वामी जी के परम शिष्य वीरभद्र सिंह ने सभी को प्रसाद वितरण कर दान दक्षिणा देकर सभी को विदा किया। कार्यक्रम का संयोजन शिविर के आयोजक न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान एवं लोक सेवा आयोग सदस्य कल्पराज तथा शिविर के प्रबंधक वीरभद्र प्रताप, सुरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह ,आशीष ,रामू बाबा राजेश ।महाराज इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



## संक्षेप

### 31 लीटर शराब के साथ तीन बंदी

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम व महेवाघाट थाने की पुलिस ने शुक्रवार की रात अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 31 लीटर महुआ की शराब बरामद की है। कड़ाधाम पुलिस ने नौढिया गांव के गरीबे के कब्जे से 13 लीटर, महेवाघाट पुलिस ने छेछुन निवासी घोघका पुरवा के कब्जे से 10 लीटर व भैया लाल के कब्जे से आठ लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

### सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, मरम्मत की मांग

**कौशाम्बी।** सिराथू-सरायअकिल मार्ग से डिहवा गांव को जोड़ने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ती है। बच्चे आए दिन सड़क में बने गड्ढों पर गिरकर चोटिल होते रहते है। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की मांग की है।

# समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने सुनी जनसमस्या


**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय जनता की फरियाद को सुना। आयोजित समाधान दिवस के मौके पर चार शिकायती पत्र आए, जिसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए। जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। कहा कि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अपर राजस्व टीम के साथ कड़ाधाम थाना उप निरीक्षक सुनील यादव, सातो घोसियाना चौकी इंचार्ज कमलेश यादव नायब तहसीलदार, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



समाधान दिवस में जनसमस्या सुनते डीएम, एसपी

# रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत निहालपुर अंडर रेलवे पुल से 500 मीटर पूरब दिल्ली हावड़ा रेललाइन के अप मार्ग पर शनिवार की सुबह लोगों ने एक शव पड़ा देखा। जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए शव का पंचनमा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



बता दें कि निहालपुर क्षेत्र के लोग सुबह शौच के लिए रेल लाइन की ओर गए थे। इस दौरान उनकी निगाह एक शव पड़ी। यह देख लोग हैरान रह गए। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची सिराथू चैकी पुलिस ने शव शिनाख्त रामअभिलाष पुत्र स्व अमृत लाल (50) निवासी मेडुआ सलेमपुर कनैली के रूप में की गई। बताया गया कि मृतक अपनी रिश्तेदारी के साथ तिलक समारोह में शामिल होने 26 जनवरी को अजरौली गया था। परिजनों के अनुसार 27 जनवरी को बेटी के वहाँ जाने को तैयार हुआ लेकिन वहां गया नही। शनिवार सुबह 28 जनवरी निहालपुर अंडर रेलवे पास से 500 मीटर पूर्व अप लाइन पर उसका शव मिला है। परिजनों की तहरीर पर सिराथू चैकी पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई थी। हालांकि शव मिलने के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल रहा। वहीं चैकी इंचार्ज ने कहा कि घटना का रहस्य जल्द ही सामने होगा।

# निर्माणाधीन थाना कड़ाधाम का डीएम एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



कड़ा कोतवाली के निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करते डीएम, एसपी

## निरीक्षण

### टेक्नीकल टीम गठित कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जॉच कराने के निर्देश

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली के निर्माणाधीन भवन का शनिवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बंधितों को दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता,आवास विकास परिषद से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने फिनिशिंग के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये। इतना ही नहीं टेक्नीकल टीम गठित कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जॉच कराने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कटरा बजहा गांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पीटकर घर से निकाल दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सरायअकिल थाना क्षेत्र के नगरेहा कोठी गांव की सुमन देवी की शादी दो साल पहले बजहा कटरा गांव में मैहर के साथ हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही मायके एक लाख रुपये नकदी के साथ सोने की चेन आदि लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर महीने भर पहले ससुरालवालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर बात नहीं बन सकी। शुक्रवार को पिता के साथ सरायअकिल थाने पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आरोप : सगाई के बाद बनाया सम्बंध, अब शादी से कर रहा इंकार

**कौशाम्बी।** पइंसा इलाके के एक युवक ने सगाई के बाद होने वाली युवती से मनमानी करने के बाद सात फेरे से इनकार कर दिया। पीड़ित युवती के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का विवाह पइंसा इलाके में कुछ दिन पूर्व तय हुआ था। दोनों परिवार के बीच सगाई व मंगनी की रश्म अदायगी भी हो गई। आरोप है कि सगाई के बाद युवक का घर आना-जाना शुरू हो गया। इसी दौरान उसने युवती से मनमानी करने लगा। शादी की तारीख पक्की होने के बाद युवक ने सात फेरे से इनकार कर दिया। इसकी जानकारी युवती के घर वालों को हुई तो दोनों परिवार के लोग इकट्ठा हुए। भरी पंचायत शादी से इंकार करते हुए युवक ने परिजनों के साथ मारपीट की। सैनी थाने की पुलिस ने पीड़ित युवती के मां की तहरीर पर आरोपित युवक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# मीटिंग हाल का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ



सैनी कोतवाली के मीटिंग हाल के शुभारंभ पर मौजूद डीएम, एसपी

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नवनिर्मित मीटिंग हाल का शनिवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान सीओ के.जी सिंह सहित कोतवाली का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह मीटिंग हाल बैठक आदि करने के लिए अच्छा होगा। वहीं एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मौजूद अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी भूनेश्वर चैबे ने डीएम एवं एसपी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में एसडीएम सिराथू राहुल देव भट्ट एवं नायब तहसीलदार अंकिता पाठक सहित तमाम कर्मचारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बकाया धन मांगने पर ट्रैक्टर चालक को प्रधान व उसके भाई ने पीटा

**कनैली, कौशाम्बी।** कौशाम्बी कोतवाली अंतर्गत सोंधिया गांव निवासी पदुम उर्फ रेवती रमण दुबे पुत्र स्व राजेन्द्र दुबे ट्रैक्टर चालक है। उसका आरोप है कि शनिवार की दोपहर तकरीबन बारह बजे वह ईट का बकाया धन लेने अहमतिया गांव के प्रधान गंगा पाल के घर गया था। घर पर आवाज देने पर ग्राम प्रधान का भाई शिवसागर पुत्र रामबहोरी पाल बाहर निकला। आने का कारण पूछा तो उसने ईट का बकाया धन मांग लिया। आरोप है कि तगादा का नाम सुनते ही वह लाल पीला होते हुए गाली गलौज करने लगा। आवाज सुन कर प्रधान गंगा पाल भी आ गया, कहा कि तुम्हारी इतनी हिम्मत की घर पर पैसा मांगने चले आए, और दोनों ने मिलकर पिटाई की। हालांकि शिकायत कर्ता का यह भी आरोप था कि उसके जेब में रखा तगादे का चार हजार रुपए भी छीन लिया गया। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने कौशांबी कोतवाली में तहरीर दी है। उधर पुलिस की कार्यवाही में जुट गई थी।

## बाइक की टक्कर से युवक जख्मी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के चक अहमदीपुर निवासी नन्हे पुत्र कैलाश चंद्र खेत की ओर गया था। देर शाम वह खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क पार करते हुए बाइक सवार पड़ोसी युवक ने टक्कर मार दिया। सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पुलिस ने युवक की तहरीर पर आरोपित बाइक चालक सुरेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# मतदेय स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



मूरतगंज स्थित मतदेय स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए मतदेय स्थलों का डीएम सुजीत कुमार व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव शनिवार को स्थलीय निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं को जांचा। इस दौरान विकास खण्ड मूरतगंज में बनाए गए मतदेय स्थल का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। डीएम ने सम्बंधित अफसरों से साफ तौर पर कहा कि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो, इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली जाए। वहीं मतदेय स्थल में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता करते हुए सभी जरूरी सुविधाओं को शीघ्र पूर्ण कराए जाने का भी निर्देशों दिया।

## गला घोटकर हत्या का किया प्रयास

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के असकरनपुर मंगरोहनी गांव में शनिवार सुबह मामूली बात पर युवक ने गला घोटकर पत्नी की हत्या का प्रयास किया। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

असकरनपुर मंगरोहनी गांव की शकुंतला देवी ने बताया कि शनिवार सुबह वह दरवाजे पर बकरी बांध रही थी। इस दौरान बकरी ने सींग मार दी थी। जिससे शकुंतला रोने लगी। तभी उसका पति मौके पर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि अपशब्द कहने का विरोध करने पर पति ने पिटाई की। साथ ही गला घोटकर हत्या का प्रयास किया। गला घोटने से महिला बेहोश हो गई। यह देख आरोपित पति फरार हो गया। मोहल्ले वालों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध दशा में युवक की मौत ठेके के पास मिली लाश

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के भक्तन का पुरवा गांव स्थित शराब की दुकान के पास शुक्रवार रात एक युवक की लाश मिली। उसकी मौत कैसे हुई, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के अहिरन का पुरवा गांव का संजय दिवाकर (28) खेती करता था। उसने दो शादियां की थी। दोनों पत्नियां अपने-अपने मायके में रहती हैं। शनिवार शाम संजय बाल कटवाने जाने की बात कहकर घर से निकला। रात को भक्तन का पुरवा गांव स्थित शराब की दुकान के पास उसकी लाश मिली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवारीजनों की रो-रोकर हालत खराब है। नगर कोतवाल संतोष कुमार शर्मा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी। फिर उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी युवक ने किशोरी से किया दुराचार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी से पड़ोसी युवक ने दुराचार किया। पीड़िता आपबीती परिजनों को बताते हुए आरोपित के घर उलहना देने पहुंची तो आरोपितों ने मां-बेटी को पीट दिया। शुक्रवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव की एक महिला ने शनिवार सुबह कलह से आजिज आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। भीखमपुर गांव की संध्या पत्नी रूपचंद (35) गृहणी है। बताया जाता है कि किसी न किसी बात को लेकर आए दिन परिवार में उसका झगड़ा होता था। इसी से परेशान होकर शनिवार सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उनके होश उड़ गए। परिवार वालों ने महिला को मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

### तमंचा, कारतूस के साथ पकड़ा गया युवक

**कौशाम्बी।** पिपरी थाने की पुलिस ने काठगांव के समीप से शातिर बदमाश को पकड़ा। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपित बदमाश मोहम्मद हमजा निवासी मंदरी थाना पूरामुफ्ती है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है।

# मारपीट में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहांवा गांव में दबंगों ने शुक्रवार की शाम घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए विवाहिता को पीट दिया। देवरानी को पिटता देख जेठानी बीच-बचाव करने पहुंची तो उसकी भी पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

बलिहावां गांव की शकीला बेगम पत्नी मोहम्मद चांद ने बताया कि पड़ोसी कल्लू से जमीन के विवाद चल रहा है। दो दिन पहले दोनों परिवार के बीच कहासुनी हो गई थी। इसी अदावत में शुक्रवार की शाम पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल शकीला के घर में घुसकर हंगामा करते हुए आरोपितों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस पर महिला ने विरोध किया तो आरोपितों ने उनको पीट दिया। देवरानी के साथ मारपीट देख जेठानी बीच-बचाव करने के लिए दौड़ी तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। महिलाओं की चीख सुन घर-परिवार के साथ गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। देर शाम पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित कल्लू, जुल्काल, खुर्शीद समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बाइक चोरी, एफआईआर दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा गांव की सुमन देवी पत्नी झब्बू का मुकदमा चल रहा है। बुधवार को मुकदमे की पैरवी के लिए पिता के साथ मंझनपुर आई थी। न्यायालय परिसर के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद वह अंदर चली गई। थोड़ी देर बाद बाहर निकली तो बाइक नहीं मिली। पिता के साथ खोजबीन करने के बाद थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध दशा में मजदूर की मौत, ठंड की आशंका

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के तिल्हापुर बालू घाट में शनिवार भोर संदिग्ध दशा में मजदूर की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथी मजदूर ठंड लगने की आशंका जता रहे हैं। महेवाघाट निवासी राम प्यारे पुत्र सुदीन निषाद (23) तिल्हापुर स्थित यमुना में नाव के जरिये बालू का खनन करता था। शुक्रवार रात अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। महारानियां घाट पर नाव की रखवाली कर रहे साथी मजदूर के अनुसार पेट में तेज दर्द के साथ वह ठंड से कांप रहा था। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। अचानक तबीयत बिगड़ती देख वह कंधे पर लाद उसे घाट से ऊपर ला रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बागेश्वर धाम को क्लीन चिट पर मनाई गई खुशी

## खुशी

### अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद ने आयोजित किया कार्यक्रम

**कनैली, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद कौशाम्बी की तरफ से शनिवार को बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को क्लीन चिट मिलने खुशी जताई गई। वहीं सूर्य प्रकाश त्रिपाठी व जिला प्रमुख अजय मिश्रा की अगुवाई में तमाम विप्र जानो ने खुशी का इजहार किया। कहा कि इस क्लीन चिट से सनातन धर्म को नीचा दिखाने के लिए, कुछ लोग जो साजिश रच रहे है पर उन्हें यह जान होना चाहिए कि मोदी और योगी की सरकार में सनातन धर्म को कोई आंख भी नही दिखा सकता है। हिंदुस्तान में सनातन धर्म सदैव श्रेष्ठ व पूजनीय रहा है और रहेगा। डीजे के साथ तमाम सनातन धर्म प्रेमी इसमें मौजूद रहे। इस दौरान अंकित त्रिपाठी, भानु, विपिन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



डीजे की धुन पर खुशी का इजहार करते लोग

## संक्षेप

### नारेबाजी करते हुए वकीलों ने न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

**लालगंज।** जिले के साथी अधिवक्ता की एफआईआर दर्ज न होने पर दूसरे दिन शनिवार को भी यहां वकीलों का गुस्सा बरकरार दिखा। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से लेकर नेशनल हाइवे पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। वहीं पुलिस प्रशासन पर अधिवक्ता के उत्पीडन का आरोप लगाते हुए नाराज वकीलों ने न्यायिक कामकाज का शनिवार को भी बहिष्कार किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि प्रशासन ने वकीलों पर उत्पीडन बंद नही किया तो यह आंदोलन तेज होगा। संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र, प्रवीण यादव, घनश्याम सरोज, विकास मिश्र, विजय श्रीवास्तव, मनोज शुक्ल, विनय शुक्ल, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, रामकुमार पाण्डेय, संदीप तिवारी, केबी सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आनन्दमोहन श्रीवास्तव, आशीष तिवारी, संदीप सिंह, प्रमोद सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में पसरा सन्नाटा

**दु:खद**

### पीएम के बाद शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

**पट्टी।** दामाद की मौत पर शोक संवेदना जताने घर आ रहे एक परिवार की कार सामने खड़े डंपर से टकरा गई। दुर्घटना में कार पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए पीजीआई लखनऊ ले जाया गया है। वही मृतकों का शव पोस्टमार्टम के पश्चात घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया

आपको बतादे पट्टी कोतवाली क्षेत्र के विरौती गांव के रहने वाले दयाशंकर पुत्र स्वर्गीय श्रीनाथ की बेटी कर्मावती की शादी सुल्तानपुर जनपद के चांदा थाना अंतर्गत लाला की सराय गांव में हुई थी। कर्मावती के पति की 2 दिन पूर्व आकस्मिक मौत हो गई। जिसकी जानकारी जब दयाशंकर को हुई तो वह अपने परिवार के साथ दो कार से घर आ रहे थे । इस दौरान जब वह उन्नाव जनपद में पहुंचे थे कि उनकी एक गाड़ी जिसे दयाशंकर का नाती योगेश चला रहा था वह सड़क पर खड़े रेत से लदे डंपर से जा टकराई। इस दुर्घटना में दयाशंकर पुत्र श्रीनाथ, देवमणि पुत्र दयाशंकर, योगेश पुत्र देवमणि शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकी इस हादसे में देवमणि की पत्नी कंचन शुक्ला, राजमणि की पत्नी मंजू शुक्ला, बृजेश की पत्नी सुप्रिया शुक्ला व नौ माह के रूद्र शुक्ला पुत्र बृजेश शुक्ला को भी गंभीर चोट आई। घायलों को इलाज के लिए पीजीआई ले जाकर भर्ती कराया गया है। जहां गंभीर हालत में उनका इलाज चल रहा है। वही पोस्टमार्टम के पश्चात मृतकों का शव गांव पहुंचा तो अन्य परिवारी जनों में कोहराम मच गया, फिलहाल मौके पर जुटे ग्रामीणों की मदद से मृतकों के शव को अंतिम संस्कार के लिए शनिवार को ले जाया गया।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत, कोहराम


मृतक-लालता सरोज (फाइल फोटो)

**लालगंज।** कोतवाली के भटनी के पास शुक्रवार की रात अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल मे मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। लालगंज कोतवाली के सारीपुर गांव निवासी लालता सरोज (40) पुत्र शिवकरन सरोज शुक्रवार को संग्रामगढ़ थाना स्थित गांव मे अपनी ससुराल गया हुआ था। वहां से रात में वह बाइक से अपने घर सारीपुर लौट रहा था। कोतवाली के भटनी के पास रात करीब दस बजे बाइक अनियंत्रित होकर सडक किनारे लगे पोल मे टकरा कर पलट गयी। जिससे युवक लालता गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर मृतक के परिजन रोने बिलखने लगे। मृतक अपने दो पुत्र को निराश्रित छोड गया है। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मेधावियों ने देशभक्ति का दिखाया हुनर

**लालगंज।** गणतंत्र दिवस पर नगर स्थित मदरमैरी एण्ड जीसस कान्वेंट स्कूल में मेधावियों ने देशभक्ति का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम मे शामिल बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जुडे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर अभिवावको व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि स्टेट बैंक आफ इण्डिया के रीजनल मैनेजर सुमित सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। वहीं विशिष्ट अतिथि मुख्य प्रबंधक रोहित बाजपेई व प्रबंधक राहुल जैन ने गणतंत्र दिवस के मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्रीयता पर आधारित नाटक तथा देशभक्ति पर आधारित लोकनृत्य की भी मनोहारी प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने भी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए देशभक्ति का गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगाया। समारोह में प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर मक्खन शुक्ला समेत बड़ी संख्या मे लोगों की उपस्थिति दिखी।

# राम-नाम जप से होता है मनुष्य का उद्धार : भार्गव मुनि महराज

**कलश यात्रा**

### लखनसेनपुर में निकली भव्य कलश यात्रा, श्रद्धालुओं का हुआ समागम

**प्रतापगढ़।** लखनसेनपुर गांव में शनिवार को शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा को लेकर कलश रखकर भक्तिमय यात्रा निकाली। कलश यात्रा में अंचल के सकैडो श्रद्धालुओं का भक्तिमय उल्लास झलका। वहीं यहां वैदिक पूजन अर्चन के बीच नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा यज्ञशाला स्थल से पहले बुढ़िया माता के स्थान पर पहुंची। कलश यात्रा मे शामिल श्रद्धालु रानीगंज कैथौला बाजार स्थित राम-जानकी मंदिर में पहुंचकर भी मत्था टेका। कलश यात्रा यज्ञशाला स्थल पर पहुंचकर कथाश्रवण मे तब्दील हो गयी। यहां श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए अयोध्या से आए वेद व्यास श्री भार्गव मुनि महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम नाम जप से ही मनुष्य का उद्धार हो जाता है। उन्होनें कहा कि जिस पर प्रभु की कृपा होती है, उस पर श्री हनुमान की असीम कृपा सदैव बनी रहती है।कथा में आए दूर-दराज के लोगो ने भक्तिमय होकर भगवान की महिमा का रसपान किया। मुख्य जजमान धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अरुण प्रताप सिंह ने श्रीराम जानकी व शतचंडी माता की आरती करने के बाद कथा वेद व्यास का भी श्री अभिषेक किया। इस मौके पर नरसिंह बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, आशुतोष सिंह, विजय पांडेय, प्रमोद सिंह, अमर बहादुर सिंह, कुंवर सिंह, दुर्गा सिंह, दिनेश सिंह, बबन सिंह, उमेश सिंह, सुजीत सिंह आदि रहे।


लखनसेनपुर में कलश यात्रा मे शामिल श्रद्धालु

# संविधान में अद्भुत समन्वय भारतीय लोकतंत्र का है संरक्षण : सिविल जज

**लालगंज।** सिविल न्यायालय में भारतीय संविधान के गौरव व महत्वता को लेकर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा सम्मान कार्यक्रम भी किया गया। सभागार मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बतौर मुख्यअतिथि उन्होनें कहा कि भारतीय संविधान मे न्यायपालिका तथा कार्यपालिका व व्यवस्थापिका के बीच अदभुत समन्वय लोकतंत्र के संरक्षण का मूल है। उन्होनें कार्यक्रम मे मौजूद लोगों से राष्ट्रीयता की भावना की मजबूती के साथ देश के गौरव को बढाने मे योगदान का भी आहवान किया। कार्यक्रम मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की मजबूती मे योगदान के लिए सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी व चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता तथा संस्कृत व्याकरणाचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय को शॉल तथा स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अध्यक्षता अनिल महेश व संचालन अधिवक्ता विनोद मिश्र ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डा. अनुज नागेन्द्र, अधिवक्ता अनूप पाण्डेय, अबरार अहमद तथा वेदप्रकाश के राष्ट्रीय गीतों पर लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। समारोह को लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल, पूर्व जिपंस राजेश पाण्डेय, छोटेलाल सरोज, स्वामी बाबा नरेन्द्र ओझा, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय ने भी संवैधानिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, हरिशंकर द्विवेदी, अमरनाथ यादव, उमेश तिवारी, सोमनाथ मिश्र, वीरेन्द्र सिंह, संजय ओझा, विभाकर शुक्ल, मस्तराम पाल, अखिलेश द्विवेदी, विनय शुक्ल, संतोष पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, प्रदीप मिश्र, प्रवीण शुक्ला, अंजनी मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।


कार्यक्रम में सिविल जज को सम्मानित करते अधिवक्ता

# प्रतापगढ़ ने गोंडा, रायबरेली को दी करारी शिकस्त, दिलचस्प मुकाबले में जीता गाजीपुर

**कबड्डी**

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में 49 वीं सीनियर महिला यूपी कबड्डी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में 49 वीं सीनियर महिला यूपी कबड्डी चैंपियनशिप के दूसरे दिन प्रतापगढ़ टीम ने अपने दो मैचों में गोंडा को 42-11 और रायबरेली को 31-11 के अंतर से करारी शिकस्त दी। दिलचस्प मुकाबले में गाजीपुर की टीम ने गौतमबुद्ध नगर को 27-26 के अंतर से पराजित किया।

इसके पूर्व संयोजक दिनेश गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह, विनोद सिंह, प्रदेश महासचिव राजेश कुमार सिंह, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, डा. अलीशा खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। त्रिलोचन सिंह, सुदीप पांडेय, कौशलेंद्र सिंह, मो. आसिफ, दशरथ पाल, अभिषेक कश्यप, नरसिंह शर्मा, डा. एहसान, रघुपति यादव, रामपाल, मनोहर यादव निर्णायक जबकि स्कोरिंग शेर बहादुर, दशाराम यादव, कर्मराज सिंह, पुष्पा सिंह, हुबलाल, पीके पांडेय ने किया। अध्यक्षता कुंवर वीरेंद्र सिंह संचालन सचिव सुरेश सिंह, डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। जोन इंचार्ज मो. अकरम, प्रभात कुमार पांडेय, जेपी सिंह, परमेंद्र बहादुर सिंह,विजय सिंह, प्रभात त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। राजन मिश्र, मो. इरफान, लालमणि सिंह, दिवाकर सिंह, प्रशांत, धर्मेन्द्र, बृजेश सरोज आदि मौजूद रहे।


कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ी


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए

### 49 वीं सीनियर महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में शनिवार के परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रतापगढ़ - गोंडा 42-11 | मेरठ -भदोही 24-5 | प्रयागराज - चंदौली 18-5 | गौतमबुद्धनगर -झांसी 32 - 22 |
| प्रतापगढ़ - रायबरेली 32-11 | गाजियाबाद - सोनभद्र 25-22 | मथुरा -कुशीनगर 20-7 | आजमगढ़ - महराजगंज 17 - 10 |
| गोरखपुर - कानपुर 33-6 | रायबरेली - गोंडा 18-6 | बागपत - मिजार्पुर 42-34 | यूपीपी - लखनऊ 31 - 17 |
| गाजीपुर - झांसी 29-4 | मऊ - अमेठी 36-26 | मेरठ - गाजियाबाद 30-9 | प्रयागराज - कुशीनगर - 22 - 16 |
| गौतमबुद्धनगर -बिजनौर 32-12 | शामली - कानपुर 24-1 | सोनभद्र - भदोही 29-13 | चंदौली - मथुरा 18 - 12 |
| आजमगढ़ - लखनऊ 25-16 | गोरखपुर - जौनपुर 46-26 | मुजफ्फरनगर -रायबरेली 18-3 | मिजार्पुर -बलिया 28 - 15 |
| यूपी पुलिस - महराजगंज 29-10 | गाजीपुर -गौतमबुद्ध नगर 27-26 | वाराणसी -मऊ 32-12 | मेरठ -सोनभद्र 32 - 10 |
| प्रयागराज - मथुरा 26-10 | बिजनौर -झांसी 15-8 | शामली - गोरखपुर 49-32 | गाजियाबाद - भदोही 41 -20 |
| चन्दौली -कुशीनगर 18-6 | आजमगढ़ - यूपीपी 53-8 | जौनपुर -कानपुर 30 -7 | मुजफ्फरनगर -गोंडा 32 - 10 |
| बागपत -बलिया 45-8 | लखनऊ -महराजगंज 31-8 | गाजीपुर -बिजनौर 36 - 6 | वाराणसी - अमेठी 24 -2 |

### जीआरपी के गले की फांस बनी वीआईपी यात्रियों से लूट की घटना

**प्रतापगढ़।** ट्रेनों में लूट को अंजाम देकर फरार चल रहे शातिर बदमाश जीआरपी के पहुंच से दूर हैं। गरीब रथ एक्सप्रेस में हुई लूट में चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। जबकि महीनों पहले पदमश्री सम्मान कजरी गायिका के लूटे गए मेडल को अभी तक वह खोज नहीं पाई है। चूंकि ये दोनो ही लूट में शिकार यात्री वीआईपी हैं। अभी तक दोनों में से किसी का खुलासा नहीं होने से अब ये जीआरपी के लिए किसी कलंक से कम नहीं है। हालांकि वह इस कलंक को लेकर चैन से सो नहीं पा रही है। इसे मिटाने का भरसक प्रयास कर रही है। टीम जगह जगह दबिश दे रही हैं।लेकिन उसको चुनौती देने वाले लुटेरे पकड़ से बाहर है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। चार दिन पहले गरीब रथ एक्सप्रेस में सफर कर रहे महिला यात्री का बैग अमेठी स्टेशन पर लुटेरा लेकर कूद गया था। बैग में करीब चार लाख के गहने और नकदी बताया जा रहा है। लूट की शिकार महिला का पति जंबू के राज्यपाल का करीबी है। इस मामले में सीओ जीआरपी संजीव सिन्हा ने बताया है पुलिस टीम लगी हुई है। अमेठी और उसके आसपास के अपराधियों को ट्रेस किया जा रहा है। पूछताछ चल रही है। गायिका का मेडल भी तलाशा जा रहा है। घटनाओं का जल्द खुलासा होगा।

# एएसपी व एसडीएम ने सुनीं शिकायतें



समाधान दिवस में समस्याओं की सुनवाई करते एएसपी व एसडीएम

**लालगंज।** थाना समाधान दिवस में यहां जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र व एसडीएम सौम्य मिश्र ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। एएसपी रोहित मिश्र ने मातहतो को समाधान दिवस में आयी शिकायतों के निस्तारण के लिए कडे निर्देश दिये। वहीं एसडीएम ने जमीनी विवाद से जुड़े मामलो मे क्षेत्रीय लेखपालों व पुलिसकर्मियों को संयुक्त रूप से समाधान दिवस के बाद मौके पर निस्तारण कराए जाने को कहा। समाधान दिवस मे बारह प्रार्थना पत्रों मे अफसरो ने तीन का निस्तारण किया। संयोजन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया। इधर समाधान दिवस के बाद एएसपी ने कोतवाली में लंबित विवेचनाओं के भी निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। एएसपी ने अनुसूचित जाति उत्पीड़न के साथ महिला उत्पीड़न से जुडे मुकदमों मे विवेचना के निस्तारण मे धीमी प्रगति को लेकर मातहतो को फटकार भी लगायी। उन्होने गंभीर अपराधों मे वांछित आरोपियो के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी किये जाने के सख्त निर्देश दिये।

### शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रतापगढ़।** सुवंसा के पूरे खरगराय गांव में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और भंडारे में महाप्रसाद लेने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। गांव के अलावा शहर से भी नामचीन लोग महाप्रसाद की लाइन में खड़े नजर आए। भगवान शिव के दर्शन के उपरांत महाआरती में अपार जनसमूह उमड़ा रहा। हर तरफ सिर्फ शिव ही शिव की गूंज थी।

# लोहंगपुर को हराकर अकरम की टीम बनी विजेता

**प्रतापगढ़।** मोहित ट्रेडर्स क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। जिसमे लोहंगपुर की टीम को हराकर अकरम ईट उद्योग की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता। विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विश्वजीत सिंह मोहित ने नगद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया। मोहित ट्रेडर्स क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला अकरम ईट उद्योग व कृष्णा इलेवन टीम और लोहंगपुर व सेतापुर टीम के बीच शनिवार को खेला गया। लोहंगपुर व अकरम ईट उद्योग की टीम ने सेमीफाइनल मुकाबला जीत कर फाइनल में पहुंच गई। फाइनल मुकाबले में अकरम ईट उद्योग की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी को मैदान में उतरे लोहंगपुर के खिलाड़ियों ने 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 109 रनों का लक्ष्य रखा। वही जवाब में उतरे अकरम ईट उद्योग के खिलाड़ियों ने 10.3 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। कमेंट्री आशुतोष तिवारी, मोनू मिश्र, विकास पांडेय, शकील व अंपायर की भूमिका में विकास ओझा और हरिदेव सिंह रहे। मुख्य अतिथि विश्वजीत सिंह मोहित ने सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान पर ननका पाण्डेय, शिवम सिंह, मुन्ना काका, गोपाल अग्रवाल, संतोष सिंह, मोनू पाण्डेय, मो. शरीफ आदि मौजूद रहे।


पुरस्कृत विजेता टीम के खिलाड़ी

# पीएम मोदी व सीएम योगी का बेजोड़ नेतृत्व : प्रेम शुक्ला

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला शनिवार को समाजसेवी शिवानी मातनहेलिया के शहर स्थित आवास पर मीडियाकर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस तरीके से प्रदेश को विकास की राह पर ले जा रहे है वह भारत में एक अलग राज्य का दर्जा प्राप्त कर रहा है। सांस्कृतिक क्षेत्र, खेलकूद क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एक नया मुकाम हासिल कर रहा है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व राजा प्रतापगढ़ अनिल प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, डॉ क्षितिज कुमार श्रीवास्तव, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रतापगढ प्रभारी अर्पित खंडेलवाल, श्रवण मखीजा, मनोज केसरवानी, विजय गुप्ता, सुरेश सोनी, बृजेश केसरवानी, जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के युवा मंच के संयोजक नीरज अग्रहरी, कुंदन सिंह, संदीप सिंह, विनय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


मीडियाकर्मियों से बातचीत करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला

# स्वर्ण पदक से नवाजे गए एसपी सतपाल अंतिल

**प्रतापगढ़।** पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल को गणतंत्र दिवस की चौहत्तरहवीं वर्षगांठ पर पुलिस महानिदेशक की ओर से सर्वोच्च सम्मान पुलिस प्रशंसा चिन्ह के तहत स्वर्णपदक से नवाजा गया है। भारतीय पुलिस प्रशासनिक सेवा के 2015 बैच के युवा आईपीएस सतपाल अंतिल को डीजी की ओर से यह गोल्ड प्रतापगढ़ में बेहतरीन पुलिसिंग तथा अपराध नियंत्रण का रसूख बनाने के लिए प्रदान हुआ है। एसपी सतपाल अंतिल द्वारा जिले की कमान संभालने के बाद प्रतापगढ़ में अपराध नियंत्रण में पुलिस प्रशासन को कारगर सफलता मिली है। डेढ वर्ष से अधिक के कार्यकाल में एसपी के प्रयास से कोतवाली, थानों व सीओ कार्यालयों के सुसज्जीकरण एवं परिसर में जनसुविधाओं से पुलिस महकमें में बेहतर सुधार हुआ है। आईपीएस सतपाल अंतिल के जनसंवाद व थाना क्षेत्रों में चौपालों में शिकायतों के निस्तारण में खासी सफलता मिली है। अधिवक्ता संगठनों समेत सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थानों, पंचायत प्रतिनिधियों के संगठनों के द्वारा पुलिस अधीक्षक को इस प्रशंसा चिन्ह पर शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जाहिर की है।


पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में छह घायल

**कुंडा।** नगर पंचायत के कबरियागंज निवासी जितेन्द्र कुमार (33) पुत्र भारत लाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर सेघायल हो गया। बाघराय थाना क्षेत्र के चैबरियन का पुरवा गांव निवासी अंकित यादव (28) पुत्र जय नारायण बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मवईकला निवासी मो. याकूब (40) बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर सेघायल हो गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के दिनेश पटेल (20) पुत्र बबलू पटेल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर सेघायल हो गया। महेशगंज थाना क्षेत्र के जोखूका पुरवा गांव निवासी मंजू तिवारी (35) पत्नी अवनीश कुमार उसका बेटा रात तिवारी (8), बेटी ऐमा तिवारी (13) वाहन की टक्कर सेघायल हो गई। आसपास के लोगों नेघायलों को इलाज को सीएचसी मेंभर्ती कराया।

# जनसंपादकीय

## प्रसिद्ध कथाकार शिवमूर्ति के साथ लोकयात्रा

**स्वप्निल श्रीवास्तव**



प्रसन्नताएं आकस्मिक नहीं होती, उनके लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती हैं। शिवमूर्ति जी लखनऊ से भाई के साथ फैजाबाद आए और वही से हम अपने यात्रापथ पर आगे बढ़े। फैजाबाद से बस्ती और वहाँ से बस्ती झबांसी रोड पर स्थिति रुधौली कस्बे में पहुंचे। रुधौली-सहजनवा मार्ग की आठ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए हमें बेहद संकरी सड़कों से गाँव की तरफ जाना था। रास्ते में आमी नदी पड़ी। यह नदी डुमरियागंज तहसील के हलौर कस्बे के निकट गाँव तिलगढ़िया के एक पोखरे से निकलती है। पिपरा के राजघाट से होते हुए यह नदी मगहर पहुँचती है जहां कबीर की समाधि हैं। इस नदी को देखकर मुझे अपने बचपन के दिन याद आ गए। अब इस नदी पर पुल बन गया है जब पुल नही बना था तो हम इस नदी को नाव से पार करते थे। अब नदी पर न नाव है और न मल्लाह। सारे दृश्य विदा हो चुके हैं लेकिन वे सब हमारी स्मृति में दर्ज है।

शिवमूर्ति जी ने कहा कि आप धुर झगाँव में रहते हैं और यह सच भी है। गाँव पहुँचने के लिए पर्वतारोहड़ का आनंद मिलता है, सड़क के रास्ते से आने के लिए कई जगह बस बदलनी पड़ती है, टैंपो की सवारी के बाद पैदल का रास्ता तय करना पड़ता है। भले ही कार ने हमारा रास्ता आसान कर दिया हो लेकिन असली लुत्फ कठिन रास्तों में मिलते हैं। आसान रास्तों का सुख याद नही रहता। हमारे रास्ते हरियाली से भरे हुए थे। दूर-दूर तक गेहूं के खेत उसके बीच पीली सरसों के रंग। उन्हें देख कर तबीयत हरी हो जाती थी। चलते - चलते हम अपने गाँव के पास के कस्बे घोसियारी बाजार पहुँच चुके थे। मैंने शिवमूर्ति जी को बताया कि यह हमारे इलाके का हजरतगंज है जहां आसपास के लोग चाय पीने आते हैं, जिनकी हैसियत चाय से बड़ी होती है, उनके लिए ठर्रे और अंग्रेजी शराब की दुकान का इंतजाम है। एक वक्त में यहाँ मौसमी सब्जियां मिलती थीं लेकिन आलू और प्याज का मौसम बीत जाने के बाद उन्हे खरीदने के लिए रुधौली जाना पड़ता था। यहाँ हर सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता था।

अब यहाँ सब कुछ बदल गया था। यहाँ रोज बाजार सजती है। जो चीजें शहर में मिलती है, वह यहाँ भी सुलभ है। यहाँ फाइबर कैफे पहुँच चुके हैं, कस्बे की दुकाने सड़कों पर स्थापित हो गयी हैं। इलाके का जीवन स्तर और अर्थशस्त्र बदल गया है। शिवमूर्ति जी को मैंने बताया कि इस बाजार के पास में जेबकतरों का गाँव है जिनका पेशा जेब काटना हैं।

मैं जिस गाँव में रहता हूँ उसमें अस्सी फीसदी आबादी मुस्लिम है। बाकी में ओबीसी और एक दो सवर्ण जातियाँ हैं। इसके बावजूद यहाँ कोई धर्म जाति का विभाजन नहीं था, सभी लोग एक जैसे थे। एक दूसरे का त्योहार इस तरह से मनाते थे जैसे वे उनके ही त्योहार हो। ताजिये के त्योहार मुहर्रम में सबसे ज्यादा हिन्दू समाज शामिल होता था। इसी तरह होली में मुसलमानों की संख्या ज्यादा होती थी। मुसलमानों के नाम हिन्दू नाम थे। इन्हें जोगी कहा जाता था। ये भरथरी और गोपीचंद्र का जीवन आख्यान और निर्गुण मगन होकर गाते थे। इन्हें नाथ संप्रदाय से जोड़ कर देखा जाता है।

लोकगायक तो गाँव में ही था, ढोल बजानेवाले जोड़ीदार को बाहर से बुलाना था। मुस्लिम होते हुए भी उनके हिन्दू नाम थे। गायक का नाम झीनन और ढोलकिये का नाम संतलाल था। दोनों ने मिलकर निर्गुण और अन्य तरह के गीत गाए। उसके बाद राजा भरथरी का आख्यान सुनाया जो बेहद करुण और रोचक था। बहुत दिन बाद लोकरस प्रवाहित होते हुए देख रहा था। गाँव का यह घर हम लोगों के आने के बाद आबाद होता था, बाकी दिनों में वीरानगी छायी रहती है। मुझे उन दिनों की याद आ रही थी जब घर लोगों से भरा हुआ रहता था।

ओसारे में गवैयों को सुनने के लिए गाँव के लोग इकट्ठा हो चुके थे। उनके चेहरों पर उत्साह था। इस तरह का उत्साह नचदेखवों में दिखाई देता है। शिवमूर्ति जी इस दृश्य को अपने वीडियो कैमरे में दर्ज कर रहे थे। सारंगी वादन और ढोल की आवाज, दोनों मिल कर यादगार दृश्य का सृजन कर थे। कुछ लोग मंडली के पास बैठे हुए तो कुछ अलाव के पास लेकिन उनके कान उधर ही लगे हुए थे। आधी रात तक लोकरस की धारा बहती रही और हम उसके साथ बहते रहे।

अगले दिन बुद्धा नदी और बबूल - वन घूमना था। एक जमाने में वह बंजर का इलाका था लोग दिन में जाते हुए डरते थे लेकिन अब वह क्षेत्र गुलजार हो चुका है। इसी इलाके में राम लखन साधु की कुटी थी। यह आश्रम उन्होंने उस समय बनाया था, जब यह इलाका निर्जन था। बबूल - वन के ठाट ही अलग थे, यहाँ हिरणों के झुंड थे लेकिन जैसे ही आहट मिलती, वे छलांग लगा कर जंगल में गुम हो जाते थे। वहाँ रंग बिरंगे परिंदे, नीलगाय और साड़ थे। गाँव से जाने के एक दिन पहले अलाव गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें मेरे कई बालसखा उपस्थित हुए। सबके पास बचपन के दिनों के किस्से थे। मोहनलाल इस गोष्ठी के मुख्य आकर्षण थे। उनके पास असम और बंगाल के अनोखे वृतांत थे। इस किस्से में उनके निकाह का किस्सा था। उनकी बेगम असम की है। उनकी सुनायी गयी कहानियों में जादुई यथार्थवाद था। मोहनलाल मेरी कहानी मुसलमानी के नायक हैं।

आधी रात तक बतकही चलती रही। लोग अपने-अपने अनुभव सुनाते रहे। अलाव में आग जलती रही। जब हम लौट रहे थे तो हमारे साथ बहुत सी स्मृतियाँ चल रही थी। ये कुछ दिनों तक हमारे साथ रहेगी फिर हम शहर के कोलाहल में उन्हें भूलते जायेंगे।

**(लेखक कवि व कथाकार हैं, संपर्क 9415332326)**


## केशव शरण की कविताएँ

### 1. मारे गयों की गणना

कोई गणना नहीं होती/ कितने जानवर मारे गये/ कितने पंछी/ कितने कीट/ कितनी तितलियाँ/ कितनी मछलियाँ
इंसान की भी गणना/ कम दिखायी जाती है
जो मारे जाते हैं/ वे कसूरवार नहीं होते हैं
जो मारते-मरते हैं/ वे भी कसूरवार नहीं होते हैं
कसूरवार हैं वे/ जो भगवानों में आने के लिए/ आदमियों को मरवाते हैं
ऐसा ही होता है/ उनका युद्ध भी/ उनका एक समझौता है
जब मारे गये लोगों की दुनिया/ बहुत तबाह हो जाती है/ उनके स्वजनों/ संग्रहालयों, राष्ट्रीय धरोहरों/ और पुस्तकालयों समेत/ तो वे शांति पर संधि करते हैं/ और सद्भाव के मसीहा बनते हैं
मारे गये लोगों के लोग/ निर्माण में लगते हैं/ जिसमें शामिल हो जाते हैं/ जानवर भी/ पंछी भी/ कीट भी/ तितलियाँ भी/ और मछलियाँ भी।

### 2. उपलब्धियों में शामिल

अद्भुत है कि/ जो मैं चाहता हूँ/ यह सरकार/ साकार कर देती है
जैसे कि/ एक लम्बे अरसे से/ मैं गंगा पार रेत पर
तम्बुओं का एक छोटा-सा गाँव चाहता था
और उसमें कुछ दिन रहना/ तथा जल परिवहन/ प्रथम घाट से अंतिम घाट तक
एवम् एक सार्वजनिक संवाद केंद्र के लिए/ कोई सुन्दर-सा भवन
पर दुख है कि/ मैं इनका भारी किराया नहीं भर सकता हूँ/
इन्हें बस सरकार की उपलब्धियों में/ शामिल कर सकता हूँ




**संपर्क 9415295137**


# श्रम और समता के कवि संत रविदास

नयी आमद



**डा. विंध्याचल यादव**



सेतु प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित किताब 'राग रविदास' हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि श्रीप्रकाश शुक्ल की नई नवेली किताब है, जो भक्ति आंदोलन के शांत किंतु शक्तिशाली स्वर संत रविदास और दलित-दमित समाज के साथ बनते लोकवृत्त पर केंद्रित है।

श्रम-समता-स्वाधीनता और सामाजिक वर्जनाओं की घनघोर पीड़ा के कवि संत रविदास अपने स्वभाव में साधु थे किंतु संस्कार से स्वाभिमानी। हिंदू संस्कृति की रूढ़ियों, विप्र-संस्कृति के पाखंड और कर्मकांडों पर विनम्रता पूर्वक प्रतिवाद करते हुए रविदास अपने समय में ईश्वर की अवधारणा को खारिज नहीं करते बल्कि उसको बदलने की कोशिश करते हैं। उनके यहां प्रभु से प्रार्थनाएं तो हैं लेकिन उनका स्वर पीड़ा से विंधा हुआ है। समानता की भावना ही असल में वह आकांक्षा है जिसके लिए वे प्रभु के पास जाते हैं। क्योंकि समानता की अनुपस्थिति ही उनकी पीड़ा का कारण है। इस तरह हिंदू समाज का हिस्सा रहते हुए इसमें मौजूद सवर्ण,वर्ण और पाखंड एवं प्रभुता का एक शालीन प्रत्याख्यान रविदास की कविताएं करती हैं। इन्हीं अर्थों में रविदास ईश्वर की सत्ता को पश्चिमी मृत्युवादी घोषणाओं के अर्थ में नकारे बगैर एक ठेठ भारतीय देशज आधुनिकता का लोकवृत्त सृजित करते हैं। इस किताब में श्रीप्रकाश शुक्ल ने रविदास के 'संत' और 'भक्त-राग' से अधिक उनके 'कवि-राग' को महत्व दिया है, जैसा कि हजारी प्रसाद द्विवेदी अपने 'कबीर' में कबीर के संदर्भ में नहीं कर पाते। हजारीप्रसाद द्विवेदी के लेखे कबीर मूलतः भक्त थे, बाकी सब 'फोकट का माल'।रविदास के लिए जितनी महत्वपूर्ण ईश्वर और जीव की अभिन्नता थी उससे कम मूल्यवान कविता और भक्ति की अभिन्नता नहीं थी। रविदास के लिए कविता और भक्ति अलग नहीं है। कवि के रूप में रविदास की पहचान उनकी मनुष्यता और स्वाधीन चेतना को बुनियादी तौर पर मान्यता देती है। अपनी इसी स्वाधीन चेतना और मौलिक कवि दृष्टि से रविदास ने ईश्वर को श्रम से जोड़ दिया और इस प्रक्रिया में 'श्रम' को ही ईश्वर बना दिया। मध्यकालीन धर्म साधना में 'श्रम' को ईश्वर बनाने का उनका योगदान बेहद क्रांतिकारी है।जाति के ऊपर कर्म की मध्यकाल में यह एक बड़ी विजय है। स्वर्ण और वर्ण का निषेध जिस तरह रविदास की रचनाओं में मिलता है, वह भारतीय संस्कृति में मौजूद सनातन हिंदू मानस को बुरी तरह झकझोरता है। स्वर्ण और वर्ण के प्रति उनकी कविताओं में व्यक्त उदासी क्रमशः श्रम और समता के पक्ष को रेखांकित करती है।इसी तरह हिंदुत्व की श्रेणीबद्धता को नकारते हुए समानता के जिन मूल्यों की मांग रविदास की कविता करती है उससे उत्तर भारत की दलित जातियों को एक दूसरे से जोड़ने में निर्णायक मदद मिलती है।

यूं भी रविदास को गंगा,बनारस और सीर के भूगोल के बगैर नहीं समझा जा सकता, जहां रहते हुए मडुवाडीह में कबीर से संवाद के बीच उनका सगुण से निर्गुण में रूपांतरण होता है। उनके 'बेगमपुरा' की अवधारणा को भी इस भूगोल और संस्कृति व समाज के बगैर नहीं समझा जा सकता। रविदास की कविताओं में इस काशी के खिलाफ एक 'प्रति काशी' की उपस्थिति का एहसास होता है। उनके यहां धूप,दीप और नैवेद्य की जगह 'नाम की महत्ता' है। यहां यही नाम ही भजन भी है और आरती भी। आरती को लेकर रविदास का बड़ा प्रसिद्ध पद है- नामु तेरो आरती मजनु मुरारे₹ ।यहां आकर लगता है रविदास के इस पद के पीछे एक गहरी सांस्कृतिक बेचैनी है और वे पारंपरिक आरती के वर्चस्व के समानांतर एक मुक्तिकाम आरती का विकल्प देना चाहते हैं। जहां नामस्मरण ही मजन अर्थात स्नान है। उनके यहां 'चित्त'को कागज बनाना है और आंखों को 'स्याही'। विषाक्त सामाजिक वर्चस्ववाद के खिलाफ नामस्मरण और भाव-भगति रविदास की ताकत है। रविदास भारतीय संस्कृत में व्याप्त पुरोहित वर्ग के वर्चस्व का प्रतिवाद करते हैं जिसने अपने प्रपंची अनुष्ठानों के माध्यम से ईश्वर को 'अपने ईश्वर' में बदल दिया है- आपन अनत और नहिं मानत तातें मूल गवाई। भूख प्यास और गरीबी से अधिक रविदास को तत्कालीन समाज में वर्चस्व की सत्ता से टकराना पड़ा था इसी कारण हम देखते हैं कि वह कई पदों में आरती शब्द की अनुष्ठान इक मनोवृति की तीखी आलोचना करते किंतु अपना पक्ष बड़ी विनम्रता से रखें इसी सामाजिक विषमता और उत्पीड़न की बड़ी गाड़ी उदासी रविदास की कविता में पाई जाती है। जाति-पीड़ा, कर्मकांड,यज्ञ-योग और विप्रसंस्कृति के पाखंड के साथ उनके समय में आयी हैजा और चेचक की महामारियां भी हैं जिनका शिकार दलित और दुखियारी जनता सर्वाधिक होती है। इन महामारियों के बीच रविदास ने कर्मकांड की उपासना में फंसे मंदिरों के अक्षमताओं को समझ लिया था।समझ लिया था कि इन दीन-दुखियों की पीड़ा का निवारण मंदिर के राम नहीं मन के राम करेंगे।यहीं से रविदास सगुण से निर्गुण की तरफ चलते हैं। राम जन होउं न भगत कहाउं सेवा करूं न दासा।/जोग जग्य गुन कछू न जानू,तातें रहूं उदासा।

निष्कर्षतः कहें तो रविदास को भक्त की जगह कवि के रुप में देखकर इस किताब के लेखक ने अपने समय की राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और धर्मांधता की बढ़ती प्रवृत्तियों का प्रत्याख्यान किया है।यह गौरतलब है कि हिंदी के बहुत बड़े आलोचक रामविलास शर्मा रविदास के परवर्ती एक दूसरे भक्त कवि तुलसीदास की सर्वप्रमुख रचना रामचरितमानस को हिंदू धर्मग्रंथ तक घोषित करने की भूल की,जिसका पूरा फायदा समाज की प्रगतिविरोधी शक्तियां कर रही हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा भी कबीर को भक्त सिद्ध करने का ही प्रतिफल रहा है कि रूढ़िवादी हिंदू शक्तियां उन्हें अपने हिंदूत्व के ढांचे के अनुकूल होने का दावा कर रही हैं और रामविलास शर्मा जैसे तमाम हिंदी आलोचकों की तरह ही सगुण से निर्गुण धारा की क्रांतिकारी विलक्षणता को मटियामेट कर रही हैं। संभवतः इसीलिए श्रीप्रकाश शुक्ल का बहुत स्फीतिकर झुकाव उनके कवि-रुप की तरफ है।यह किताब रेखांकित करती है कि रविदास की कविताई ने हिंदू धर्म-संस्कृति के श्रेणीबद्ध समाजिक ढांचे के अंतर्विरोधों को उसी के टूल्स और भाषा में प्रतिउत्तर दिया है। उनकी आरती संबंधी कविताएं और 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसी उक्तियां इसी तरह के काउंटर नैरेटिव हैं।

यह किताब रविदास के जन्मस्थान को लेकर हुई साहित्यिक बहस पर बहुत गहराई और प्रामाणिकता से तो विचार करती ही है, साथ ही जन्मस्थान से संबंधित कांग्रेस बनाम बहुजन समाज पार्टी की राजनीति को भी रेखांकित किया है। लेखक का निष्कर्ष है कि रविदास का जन्म स्थान मंडुआडीह नहीं, सीरगोबर्धन गांव ही है,जिसे रविदास अपनी कविता में बेगमपुरा के रूप में यूटोपिआइज करते हैं। किताब के एक बड़े हिस्से में रविदास को मानने वाले दलित समुदाय के पंजाबी और राजस्थानी जन द्वारा बनाए गए रविदासिया धर्म और उसके सिद्धांतों को हिंदू धर्म के विकल्प के तौर पर चिह्नित किया गया है।रविदासिया धर्म के औचित्य पर लेखक कहता है कि-सैकड़ों वर्षों से दलित, हिंदू धर्म के भीतर गुलामी का जीवन जीते रहे हैं पहले यह मुसलमान हुए।समानता वहां भी नहीं मिली। फिर यह दलित लिंगायत में भी गए। वहां भी समानता नहीं मिली। फिर यह सिख धर्म में गए वहां भी इनके प्रति घृणा का भाव ही मिला,तब इन्हें अपने धर्म की बात करनी पड़ी जो 'अपना' हो अपना लगे यही 'आजादी का धर्म' है ।₹

यह किताब श्रीप्रकाश शुक्ल की वृहद पुस्तक 'भक्तिकाव्य का लोकवृत्त और रविदास की कविताई' के पूर्वरंग के रुप में हमारे सम्मुख है, जिसमें श्रीप्रकाश शुक्ल ने रविदास का मूल्यांकन जितना साहित्यिक किया है, उतना ही समाजशास्त्रीय भी। रविदास जयंती पर माघी पूर्णिमा में सीर स्थित रविदास मंदिर पर लगने वाले लक्खी मेले में आने वाली जनता को और उनकी गतिविधियों को केस स्टडी की तरह किताब में बरता गया है। इस दृष्टि से रविदास पर लिखी यह एक अनूठी किताब है। यह अनूठी इस अर्थ में भी है कि हमारे समय का एक कवि अपने पूर्वज पितामह कवि को किस आत्मीयता से देख रहा है-कविता के मन से और आलोचना की आंख से। हमें नहीं भूलना चाहिए कि श्रीप्रकाश शुक्ल रविदास जन्मस्थान के गंगायाम घोषः जैसी समीपता के दायरे में रहते हैं और उन पर कविता लिखते हैं।

**( लेखक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर हैं, संपर्क 80041 30639)**

# फूल और उम्मीद के कवि हैं गोरख पाण्डेय

स्मृति दिवस पर



**कौशल किशोर**

29 जनवरी गोरख पांडेय का स्मृति दिवस है। यह उनकी 34 वीं पुण्यतिथि है। उनका जन्म 1945 में पंडित के मुंडेरवा, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश में हुआ था। गोरख पांडे सिर्फ कवि नहीं थे। इसके साथ वे एक चिंतक, दार्शनिक और संगठनकर्ता भी थे। इन सभी क्षेत्रों में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका रचना कर्म करीब दो दशक का रहा है। उनके पहले चरण की शुरूआत बनारस में होती है। यह उनके बनने का दौर है। नक्सलबाड़ी किसान आंदोलन का सांस्कृतिक प्रभाव साहित्य की खास परिघटना है। इसने भारतीय साहित्य की जमीन और दिशा को बदलने का काम किया। हिन्दी में एक नई पीढ़ी सामने आई। 'शुरूआत' नाम से हिन्दी के चार कवियों का संग्रह सामने आया जिसकी भूमिका हंसराज रहबर ने लिखी। कुमारेन्द्र, आलोक धन्वा, वेणु गोपाल, कुमार विकल आदि उस दौर की अगली कतार के कवि थे।

नक्सलबाड़ी का प्रभाव गोरख पांडे के जीवन और रचनाओं पर पड़ा। 'वसंत के वज्रनाद' ने मुक्ति का जो स्वप्न दिया, इसे मूर्त करना उनके जीवन का मकसद बन गया। इसी स्वप्न के साथ वे बनारस से दिल्ली आये। यह दूसरा चरण है जहां उनके सृजन और स्वप्न को विस्तार मिला। उल्लेखनीय है कि भारी दमन उत्पीड़न के कारण जहां नक्सलबाड़ी की आग को शासक-सत्ता द्वारा खत्म मान लिया गया था। वहीं, उसकी वैचारिक आग साहित्य में धधकती है। वह आंदोलन बाद में फिनिक्स पक्षी की तरह जी उठता है। उसकी क्रांतिकारी उष्मा को महसूस किया जाता है। गोरख पांडे इसके सांस्कृतिक प्रवक्ता और उसके प्रमुख कवि के रूप में सामने आते हैं। न सिर्फ विषय-वस्तु के धरातल पर बल्कि कहन के स्तर पर भी गोरख की कविताओं और गीतों में गुणात्मक रूप से भिन्नता दिखती है। यह इमरजेंसी के बाद अस्सी के दशक का दौर था, जब लोक संवेदना के नाम पर चिड़िया, पेड़-पौधे आदि को केन्द्र कर कविताएं लिखी जा रही थीं। इसी समय 'कविता की वापसी' का नारा दिया गया। यह कविता में कलावाद को प्रतिष्ठित करना था। यही वक्त है जब गोरख पांडे का कविता में हस्तक्षेप देखने में आता है। उन्होंने कविता के विभिन्न रूपों में जनवाद को प्रतिष्ठित किया और छंद मुक्त से लेकर गीतों, गजलों में कविताएं लिखीं।

गोरख पाण्डेय के भोजपुरी में लिखे नौ गीत चर्चा में आये और लोगों की जबान पर चढ़ गए। उनके आंदोलनों में सांस्कृतिक हथियार बन गए। वस्तु और रूप दोनों धरातल पर यह कविता की नई जमीन थी। यह जमीन जन संघर्षों की जमीन थी। यह यथार्थ जनजीवन का यथार्थ था। यह सौंदर्य श्रम और संघर्ष का सौंदर्य था। गोरख पाण्डेय का लिखा गीत 'जनता के आवे पलटनिया हिलेला झकझोर दुनिया' आज भी संघर्षों में गाए जाते हैं। यह कविता में जनशक्ति के आलोड़न की अभिव्यक्ति है। 1983 में उनका पहला कविता संग्रह आया 'जागते रहो सोने वालो'। इस शीर्षक से ही समझा जा सकता है कि गोरख अपने गीतों-कविताओं से क्या संदेश देना चाहते थे। एक अन्य भोजपुरी गीत में वे कहते हैं 'गुलमिया अब हम नाहीं बजइबो, अजदिया हमरा के भावेले।' उन्होंने किसानों के लिए कहा कि ये सूरज हैं, हम उनकी किरण हैं। किसान जनता और शोषित श्रमिक जन के साथ जो अपनापा, प्रेम और भावनात्मक रिश्ते की अभिव्यक्ति गोरख की कविता में है, वह अद्भुत ही नहीं है बल्कि हिन्दी कविता में आज दुर्लभ है। 'नेह के पांती' में गोरख कहते हैं 'तूं हव श्रम के सुरुजवा हो, हम किरनिया तोहार/तूं हव जग के परनवा हो, हम संसरिया तोहार/रचना के हव तूं बसूलवा हो, हम रुखनिया तोहार/तूं हव नेह के पतिया हो, हम अछरिया तोहार/तूं हव मुकुति के धरवा हो, हम लहरिया तोहार'।

गोरख पाण्डेय की कविताओं-गीतों में हम कला का उच्च स्तर तथा सौंदर्य का नया नमूना पाते हैं। भोजपुरी कविता में उन्होंने अद्भुत बिम्बों की रचना की है। ये गढ़े हुए नहीं हैं बल्कि लोकजीवन व आम जिंदगी के हैं। यह जनकवि का इंद्रियबोध और दृष्टि है जो उसे पकड़ती है, कविता में ले आती है और श्रम की दुनिया को गरिमा प्रदान करती है। 'मैना' को लेकर उन्होंने कविता लिखी। इसमें सामाजिक द्वन्द्व और शोषक वर्ग की क्रूरता सामने आती है। गोरख ने 'मेहनतकशों का गीत', 'मोर्चे का गीत', 'आशा का गीत', इंकलाब का गीत', सोहनी का गीत', पैसे का गीत', 'समझदारों का गीत', 'मल्लाहों का गीत', 'संसद का गीत', 'वतन का गीत' जैसे अनेक गीत लिखे। इनके शीर्षक से ही संदर्भ को समझा जा सकता है।

गोरख पाण्डेय की शोषित पीड़ित जन के साथ का आत्मीय लगाव है जो उनका दुख कवि का दुख बन जाता है। उसकी गहन अनुभूति न सिर्फ इसके कारणों की पड़ताल करती है बल्कि दुख को पैदा करने वाली दुनिया ;व्यवस्थाद्ध को बदल देने की उत्कट आकांक्षा तक जाती है। यह दुख दर्द बन छलछलाता है, बेचैन कर देता है और कविता में कुछ यूं व्यक्त होता हैः 'ये आंखें हैं तुम्हारी/तकलीफ का उमड़ता हुआ समुन्दर/इस दुनिया को/जितना जल्दी हो बदल देना चाहिए'। इस कविता में 'जितना जल्दी हो' आवेजक है जो बदलाव को मात्र आकांक्षा तक सीमित नहीं कर उसे आवेग और त्वरण से पूर्ण क्रिया में बदल देता है। यहां प्रेम और घृणा के बीच का तीव्र द्वन्द्व है। गोरख के काव्य की यह खासियत है कि वहां अपने जन के प्रति अगाध लगाव है, वहीं शोषक-शासक वर्ग, प्रभु वर्गों, प्रतिगामी शक्तियों और सत्ताधारियों के प्रति नफरत का भाव है।

गोरख पाण्डेय की समझ है कि कला-संस्कृति का क्षेत्र वैचारिक क्षेत्र है जहां आपको सुरक्षात्मक नहीं वरन आक्रामक होना पड़ेगा। 1984 के सिख विरोधी हिंसा पर लिखी कविता में यह तेवर दृष्टव्य है। वे सवाल करते है 'बोलो, यह पंजा किसका है?/यह खूनी पंजा किसका है?...सत्तर में कसा कलकत्ते पर/कुछ जवां उमंगों के नाते/कस गया मुल्क की गर्दन पर/पचहत्तर के आते आते/आसाम की गिली मिट्टी में/यह आग लगाता आया है/पंजाब के चप्पे पर/अब इसका खूनी साया है'। कविता में सवाल है तो उसका जवाब भी है, कुछ इस तरहः 'यह पंजा नादिरशाह का है/यह पंजा हर हिटलर का है/ये जो शहर पर आग सा बरसा है/यह पंजा हर जालिम का है' और आगे इसके विरुद्ध उठ खड़े होने और कर्रवाई में उतर जाने का जागरण भी हैः 'ऐ लोगो! तोड़ो वरना/हर जिस्म के टुकड़े कर देगा/हर दिल के टुकड़े कर देगा/यह मुल्क के टुकड़े कर देगा'। यह कविता आजादी के बाद की दमनकारी सत्ता की बर्बरता को सामने लाती है, बाबरी मस्जिद ध्वंस जैसी फासीवादी कुकृत्य, गुजरात 2002 की सांप्रदायिक हिंसा....के इतिहास को दृश्यमान करते हुए यह 1984 से आगे बढ़कर वर्तमान में पहुंच जाती है और हमारे साथ चलती है।

इस तरह एक तरफ गोरख पाण्डेय ने कविता को क्रांतिकारी राजनीति व वैचारिकी पर खड़ा किया, वही उसमें कला के नए प्रतिमान गढ़े और कलात्मक विस्तार दिया। यही कारण है कि गोरख पाण्डेय की कविताएं जनवादी काव्यधारा में मॉडल का काम करती हैं। उनका कविकर्म सामाजिक कर्म भी था जो जन सांस्कृतिक आंदोलन में नेतृत्वकारी भूमिका के रूप में सामने आया। आज उनको याद करना अपने साथी, सहयात्री और सहयोद्धा को याद करना है। हमारा करीब डेढ़ दशक का साथ रहा।



हमलोगों ने मिलकर बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों सहित पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब आदि का दौरा किया। यह सांस्कृतिक आंदोलन को खड़ा करने और उसे संगठित करने की कोशिश थी। उसी का प्रतिफल 1985 में जन संस्कृति मंच (जसम) की स्थापना के रूप में सामने आया। मंच के निर्माण से लेकर उसकी वैचारिकी की निर्मिति में गोरख पाण्डेय की महती भूमिका थी।

जसम का निर्माण कोई अचानक हो जाने वाली सांस्कृतिक परिघटना नहीं थी। सांस्कृतिक आंदोलन को संगठित करने की प्रक्रिया का आरंभ उत्तर प्रदेश जन संस्कृति मंच और नवजनवादी सांस्कृतिक मोर्चा, बिहार के साथ गोरख पाण्डेय की पहल पर दिल्ली में नवजनवादी सांस्कृतिक संगठन के निर्माण से होता है। गोरख पाण्डेय का एक संस्कृतिक एक्टिविस्ट, विचारक व संगठनकर्ता का रूप सामने आता है। उनकी चिंता और चिंतन के केंद्र में यह बात है कि जो संस्कृतिकर्म हो रहा है, जो सांस्कृतिक टीमें अस्तित्व में आ रही है, उन्हें और लेखकों व संस्कृतिकर्मियों को कैसे संगठित किया जाए? उसका वैचारिक आधार और सांस्कृतिक स्वरूप क्या हो? सांस्कृतिक आंदोलन की दिशा क्या हो?

जन संस्कृति की परंपरा क्या है? वैचारिक दृढ़ता के साथ व्यवहारिक लचीलापन वाली कार्यशैली कैसे बने? विमर्श का विषय यह भी था कि राजनीति के साथ साहित्य का रिश्ता क्या हो? इस दौर के सवालों से जूझने और हल करने के संबंध में गोरख पाण्डेय की भूमिका को रेखांकित किया जाना चाहिए। उनके सृजन और विचार से लेकर संगठनात्मक कार्य में भी सृजनात्मकता और कल्पनाशीलता मौजूद रही है। वे हजार विपरीतताओं और नाउम्मीदी के बीच भी हमारे स्वप्न को जिलाए रखते हैं तथा संघर्ष को धार देते हैः 'हमारी यादों में छटपटाते हैं/कारीगर के कटे हाथ/सच पर कटी जुबानें चीखती हैं हमारी यादों में/हमारी यादों में तड़पता है/दीवारों में चिना हुआ प्यार/....यहीं पर एक बूढ़ा माली/हमारे मृत्युग्रस्त सपनों में/फूल और उम्मीद रख जाता है।'

**(एफ - 3144, राजाजीपुरम, लखनऊ . मोबाइल - 8400208031)**

# हिंदी गजल का शिल्प-सौंदर्य और वर्तमान

मूल्यांकन



**हरेराम समीप**

राजेन्द्र वर्मा हिन्दी के बहुआयामी साहित्यकार हैं। अपनी चार दशक की लेखन-यात्रा में उन्होंने जहाँ कविता, गीत, गजल, दोहे, हाइकु आदि की अनेक पुस्तकें लिखीं हैं, वहीं कहानी, उपन्यास, व्यंग्य और आलोचना पर भी अनेक उत्कृष्ट पुस्तकें हमें प्रदान की हैं। हिंदी गजल से उनका विशेष लगाव रहा है। वे बरसों से गजल-कर्म में तल्लीन हैं। जाहिर है, बरसों की इस गजल-साधना ने उन्हें गजल के व्याकरण-ज्ञान में भी पारंगत बना दिया है। खुशी की बात है कि राजेन्द्र जी ने अपने इस व्याकरण-ज्ञान या इल्मे-अरूज को आधार बनाकर कठिन श्रम और लम्बी साधना से 'हिंदी गजल : शिल्प और सौंदर्य' ग्रन्थ की रचना की है। इस पुस्तक के अस्तित्व में आने की एक वजह यह भी है कि राजेन्द्र जी को हिन्दी गजल के वर्तमान परिदृश्य में जो बात सबसे अधिक खटकती रही है, वह है गजल में गुणवत्ता या प्रभावशीलता की कमी। यूँ तो हिन्दी में आज खूब गजलें लिखी जा रही हैं और पत्र-पत्रिकाओं में उन्हें स्थान भी मिल रहा है, लेकिन इन गजलों में क्या कमी है और किस प्रकार के दोष हैं, इसका ज्ञान न तो गजलकार को होता है और न ही पत्रिका के सम्पादक को। परिणाम यह होता है कि पाठक अच्छी गजलों से वंचित रह जाते हैं। यही स्थिति फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर भी है। वहाँ गजलें छाई तो रहती हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश गजल के व्याकरण की कसौटी पर दोषपूर्ण और बेढब ठहरती हैं। विडम्बना यह भी है कि इन बेढब गजलों पर कभी कोई सार्थक टिप्पणी नहीं करता और परिणामस्वरूप, ऐसे गजलकार उसी तरह की दोषपूर्ण गजलें, बिना व्याकरण संबंधी बारीकियों से परिचित हुए जीवन भर लिखे चले जाते हैं। हम जानते हैं कि गजल के छंद-विधान पर सभी गजलकारों की पकड़ नहीं होती और वे कहीं-न-कहीं बह्र या वजन में गलतियाँ कर जाते हैं; कभी कभी भाषा की गलती से गजल का सौंदर्य भी धुँधला हो जाता है। नई पीढ़ी का इन बारीकियों पर पर्याप्त ध्यान भी नहीं होता, दूसरी ओर उन्हें इस तरह की कोई मार्गदर्शक पुस्तक भी सहज उपलब्ध नहीं होती जिससे वे खुद को सुधार सकें। यह किताब उस अभाव को पूरा करती है।

राजेन्द्र जी चाहते हैं कि हिंदी गजल की पहचान उसके कथ्य, शिल्प और भाषा के साथ-साथ हिंदी गजल के सौंदर्य को विकसित करते हुए अपने उत्कर्ष को प्राप्त करे और वह उर्दू गजल से किसी भी निकष पर पीछे न रह पाए– यह पुस्तक इस दिशा में गंभीर चिंतन करते हुए एक शिक्षक की भूमिका निभाती दिखती है, जो गजलकारों की नई पीढ़ी को बेहतर गजल लिखने के लिए न केवल प्रेरित करेगी, बल्कि उर्जस्वित भी करेगी।

लेखक ने पुस्तक को सात खंडों में विभक्त किया है। पहले खंड में गजल का उद्भव, विकास, विरासत, विस्तार, उसकी पहचान और उसका वर्तमान स्वरूप वर्णित है, दूसरे खंड में गजल के शिल्प के अंतर्गत शेर, बहर, अरकान आदि को विस्तार से समझाते हुए वे गजल के अनेक पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं। तीसरे खंड में हिंदी गजल के सौंदर्य को स्पष्ट किया गया है, जिसमें काव्यगत सौन्दर्य से लेकर कथ्यगत सौंदर्य, भाषिक सौंदर्य, शिल्पगत सौंदर्य आदि को सूक्ष्मता से विश्लेषित कर तत्समबंधी अशआर भी प्रचुरता से उद्धृत किए गए हैं। चौथे खंड में हिंदी गजल का वर्तमान परिदृश्य की एक झलक पेश करने की कोशिश है, जिससे गजल के ज्ञाता और गजल प्रेमी दोनों हिंदी गजल से परिचित हो पायेंगे। पाँचवें खंड में जहाँ हिंदी गजल के विकास में आ रही चुनौतियाँ को पेश किया गया है, जिसमें कथ्यगत, शिल्पगत और भाषागत कमियों की ओर संकेत किया गया है, वहीं छठे खंड में बदलते समय में हिंदी गजल की संभावनाओं की तलाश की गयी है। अंतिम खंड में हिंदी गजल के विकास में आलोचना पर यथेष्ट प्रकाश डाला गया है और समकालीन कविता में गजल के समावेश को लेकर आलोचकों की प्रवृत्ति पर सवाल भी उठाया गया है।

पुस्तक के अंत में तीन महत्वपूर्ण सूचियाँ दी गई है। इनमें फारसी छंदों और हिंदी छंदों में साम्य को रेखांकित किया गया है और कुछ मात्रिक छन्द खोजे गए हैं जिनमें हिंदी गजल आसानी से लिखी जा सकती है। अंतिम सूची में उन पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं का उल्लेख है जिनका उपयोग पुस्तक में हुआ है। इससे पता चलता है कि




राजेन्द्र जी ने गजल के स्वरूप और उसके वर्तमान पर कितना विशद अध्ययन किया है। इस प्रकार उन्होंने गजल पर व्यापक और सार्थक चर्चा करके एक सामान्य गजलकार के बुनियादी प्रश्नों का समाधान इसमें प्रस्तुत कर दिया है। यह पुस्तक केवल गजल के व्याकरण पर ही केन्द्रित नहीं है, बल्कि हिंदी गजल के समकालीन परिदृश्य की भी एक भरपूर झाँकी प्रस्तुत की गई है। कुल मिलाकर उनका यह कार्य एक जरूरी शोधपूग्रंथ की तरह हमारे सामने आता है। राजेन्द्र जी ने यह काम जितनी गंभीरता और जिम्मेदारी से किया है, उसके लिए गजल की दुनिया सदैव उनकी ऋणी रहेगी

**(मो. 9871691313)**

संक्षेप

## भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन मंदिर का हुआ शिलान्यास

**नैनी।** शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र के व्योहरा गांव में राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के मंदिर का निर्माण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी पूर्णानंद सरस्वती जी महाराज एवं स्वामी अशोक नंदन जी महाराज के द्वारा हवन पूजन एवं यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जयप्रकाश जायसवाल छुट्टन ने किया। जिसमें मुख्य रूप से छेदीलाल जायसवाल,विजय कुमार जायसवाल,पदुम जायसवाल, घनश्याम जायसवाल,राजकुमार जायसवाल,राकेश जायसवाल,विनोद जायसवाल, लाल जी जायसवाल,डबलू जायसवाल,टी.एन जायसवाल ,विनय जायसवाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्थापना वर्ष से ही इफको का मुख्य उद्देश्य देशहित में किसानों का उत्थान करना रहा है : संजय कुदेशिया


गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रगान में शामिल इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व अन्य अधिकारी

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में गुरुवार को 74 वां गणतंत्र दिवस गर्वतापूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यकारी निदेशक ( इकाई प्रमुख ) संजय कुदेशिया के द्वारा ध्वजारोहण करने के बाद सभी राष्ट्रगान में शामिल हुए। मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल दिनेश सिंह व हवलदार मनोज सिंह के नेतृत्व में इफको के सुरक्षा गार्डो एवं पी.ए.सी बैण्ड ने मार्च पास्ट करते हुए देशभक्ति धुनों पर मनोहर प्रस्तुति दी। कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने देश के विकास में इफको के अतुलनीय योगदान पर चर्चा करते हुए कहा स्थापना वर्ष से ही इफको का मूलमंत्र किसानों का उत्थान करना रहा है। जिस पर इफको आज भी कुशलतापूर्वक कायम है। देश के किसानों की प्रगति में अतुलनीय कार्य करने पर इफको के प्रबंध निदेशक डा० उदयशंकर अवस्थी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इफको ने दुनिया का पहला नैनो यूरिया विकसित किया जिसका श्रेय इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी को जाता है। उन्होंने बताया कि इफको की फूलपुर इकाई में नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू हो गया है। नैनो यूरिया के उत्पादन से भारत सरकार को 1.5 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी के रूप में बचेगा जिसका इस्तेमाल केंद्र सरकार देश के अन्य विकास कार्यों में कर सकती है। इफको ने इसका पेटेंट भी करवाया है जिसका तकनीक हस्तांतरण भी हमीं कर सकते हैं। इफको की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इफको फूलपुर यूनिट को ऊर्जा दक्षता के लिए प्रतिष्ठित प्लैटिनम अवार्ड एवं पर्यावरण प्रबंधन के लिए गोल्ड अवार्ड प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर ओम बाल विद्या मंदिर व केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह ने किया। अंत में महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया व अन्य महिला सदस्यों द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया जिसमें विभिन्न व्यंजन-पकवान आदि की व्यवस्था की गई। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक गिरीधर मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, ए.पी.राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के.पटेल,रजेश कुमार, डॉ अनीता मिश्रा, अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## सीवीओ प्रयागराज ने शौचालय के पात्र अभ्यर्थियों का किया भौतिक सत्यापन

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के बकचुंदा और पट्टीनाथ राय में गांव में शौचालय के पात्र अभ्यर्थियों के पात्रता सूची का भौतिक सत्यापन किया गया। शनिवार को शौचालय के पात्रता सूची का सत्यापन करने पहुंचे जिले के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन के गहलौत ने अपनी टीम के साथ उपरोक्त दोनों गांव पहुंचकर पात्र अभ्यर्थियों की जांच की। जांच के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री गहलौत ने गांव में हर पात्र अभ्यर्थियों की जांच कर सूचीबद्ध किया। उन्होंने बताया कि पट्टीनाथ राय गांव में 236 तथा बकचुंदा गांव में 97 अभ्यर्थी पात्र मिले। इस मौके पर सीवीओ के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी रामनगर डॉ. आर पी सिंह तथा पशु चिकित्सा अधिकारी मेजारोड बैजनाथ प्रजापति, ग्राम प्रधान पट्टीनाथ राय नेहा संदीप मिश्र, मोहिनाथ मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र तथा ग्राम प्रधान बकचुंदा रमेश कुमार यादव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षेप

## समूह सखियों को साड़ी और प्रमाण पत्र मिला तो चेहरे पर मुस्कान छा गई



**उरुवा।** गुरुवार 26 जनवरी को विकास खंड स्तर पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों पर तैनात (बिजनेस कॉरस्पॉडेंस) समूह सखी को उरुवा ब्लॉक परिसर में साड़ी वितरण किया गया। साड़ी वितरण के दौरान लोकेश ऐप के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया गया। साड़ी और प्रमाण पत्र मिलते ही समूह सखियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। साड़ी और प्रमाण पत्र का वितरण उरुवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम ने किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी उरुवा कुमार गौरव, खंड परियोजना प्रबंधक विनय कांत शुक्ल, जेई एमआई प्रदीप अवस्थी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुदामाराम गावड़े व बीसी सखी ललिता, शिवलली, गुड्डी देवी, सीमा कनौजिया, रीमा, आरती, शीला व अन्य समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विकास खंड कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी ने फराया तिरंगा



**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास खंड कार्यालय करछना पर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सरोज द्विवेदी ने ध्वजारोहण कर देश की आन बान तिरंगा राष्ट्रगान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेद, सुरेश पांडे प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी, मिथिलेश द्विवेदी, मनीष शुक्ला, बृजेश द्विवेदी, कमल सिंह, मनीष यादव, अमित यादव, राम रूप सिंह, सोनल शुक्ला, राम सकल राज कपूर गौतम सचिव, एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, दुष्यंत सिंह, अतुल कुमार मिश्रा, अमित यादव ,अक्षत सिंह, मोहम्मद आरिफ, सचिन यादव ,महेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष रोजगार संघ, विनोद कुमार एडवोकेट, चन्दन शुक्ला आदि बड़ी संख्या में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ब्लाक कर्मी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर रही निपुण सम्मान की धूम


कार्यक्रम में सम्मानित निपुण बच्चे साथ में खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य

**प्रयागराज।** गणतंत्र दिवस पर के अवसर पर बीआरसी कौड़िहार पर सर्वप्रथम ध्वजारोहण के पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र एवं एकेडमिक टीम ने मिलकर विभिन्न विद्यालयों में जाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के साथ-साथ निपुण बच्चों को भी सम्मानित किया। इस कड़ी में सर्वप्रथम बीआरसी कौड़िहार पर ध्वजारोहण के उपरांत प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज प्रथम के 49 निपुण बच्चों को सम्मानित कर बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया गया। तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी जय सिंह ने प्राथमिक विद्यालय करीमुद्दीनपुर के बच्चों का जिमनास्टिक प्रदर्शन देखा और उसकी सराहना करते हुए वहां के कक्षा 1, 2 व 3 के 96 निपुण बच्चों को सम्मानित किया। इसी कड़ी में आरपी विज्ञान प्रभाशंकर शर्मा ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर सीएस घाटमपुर में निपुण बच्चों का सम्मान किया। घाटमपुर में पुरातन छात्र परिषद के सदस्य सुरेश कुमार यादव जेई द्वारा विद्यालय को स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु स्मार्ट टीवी देखने की घोषणा की। खंड शिक्षा अधिकारी व उनकी एकेडमिक टीम सीएस मधेशा पहुंची एवं वहां पर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम पर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया एवं विकासखंड का पहला विद्यालय जिसने अपने आपको निपुण घोषित किया है कि समस्त 134 बच्चों को सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र व उनकी टीम लगभग 4:00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त रही। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी टीम पर भरोसा जताते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यदि हमारे प्रयासों में पवित्रता बनी रहे तो हमारा ब्लॉक मार्च 2023 तक निपुण लक्ष्य अवश्य हासिल करेंगा।

## केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**बारा।** केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादे को पूरा नहीं करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी नहीं देने का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन एसडीएम बारा को सौंपा है। संयुक्त मोर्चा के ज्ञापन में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करने, एमएसपी पर गठित समिति को रद्द करने, एमएसपी पर सभी फसलों की कानूनी गारंटी के लिए किसानों के उचित प्रतिनिधित्व के साथ नई कमेटी बनाए जाने की मांग की गई है। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा, खेती में लागत बढ़ रही है। किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहा है। इसलिए किसानों के सभी प्रकार के कर्जमाफी की भी मांग की गई है। मोर्चा ने बिजली संशोधन विधेयक को वास लेने की भी मांग की है। संयुक्त मोर्चा ने अपने ज्ञापन में लखीनपुर खीरी हत्याकांडका मुद्दा भी उठाया है और उस मामले में जेल में बंद किसानों को तत्काल रिहा किए जाने की मांग की है। इसके अलावा किसानों ने सूखा, बाढ़, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावी फसल बीमा लागू करने की मांग की है। सभी मध्यम, छोटे और सीमांत किसानों, श्रमिकों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह किसान पेंशन योजनाचलाने की मांग भी रखी गई है। इस मौकेपर तहसील अध्यक्ष बारा गगन कुमार सिंह, महासचिव सुरेंद्र सिंह, राजू सिंह, अवधराम सिंह, मुहीबउल्ला, जगतपाल सिंह, कन्हैयालाल सिंह, अर्जुन सिंह, अनुसुइया, हंसराज सिंह, विपिन सिंह, कमलेश कुमार सिंह शामिल रहे।

## वृद्ध को मृतक बता करोड़ों कीमत की जमीन कब्जा कर लिया

**फाफामऊ।** थरवई थाना अंतर्गत उत्तम गिरी की चकिया बहमल गांव के एक वृद्ध को मृतक बता उसके परिवार के लोगों ने वृद्ध के हिस्से के करोड़ों रुपए कीमत की जमीन को अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। वृद्ध को खुद को मृतक बताए जाने की जानकारी हुई तो वह अचंभित हो उठा। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज सहित कई अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। पुलिस उच्चाधिकारियों को भेजे गए उत्तम गिरी चकिया के सूर्यभान सिंह उर्फ गोपाल सिंह का आरोप है कि वह कई वर्ष पहले संत हो गया और वह लंभुआ सुलतानपुर में रहकर भक्ति करने लगा। लेकिन वह बीच बीच में अपने घर बहमल पुर पर भी आता जाता था। आरोप है कि लेकिन उसके परिवार के लोग उसके परिवार के लोग उसे मृत बताकर उसके हिस्से की करोड़ों रुपए के कीमत की जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।


इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में झण्डारोहण करते हुए

## मऊआइमा में 74 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में सरकारी एंव गैर सरकारी संस्थाओं में गणतंत्र दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया।तथा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोज किया गया। मऊआइमा क्षेत्र के इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में गुरुवार को मौसम खराब होने के बावजूद गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण मैनेजर डाक्टर नदीम इंतेखाब ,प्रबंधक नूर उद्दीन सैफी ने फहराया। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्या निकहत खान ,उप प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार राय ,मेराज आरिफ , राशिद लतीफ ,हसीन मुश्ताक ,रिजवान ,अनीस ,बासित सहित विधालय के समस्त स्टाप एंव छात्र छात्राएं मौजूद थे। विधालय में अनेकों प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत मऊआइमा कार्यालय पर ध्वजारोहण अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक हीरालाल ,अशीष कपूर , रूखसार मेराज , वलीद ,इकरा ,जमील ,कुंदन ,आजम खान आदि समस्त स्टाप मौजूद थे। थाना परिसर में इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने ध्वजारोहण किया, हाजी अब्दुल कय्यूम डिग्री कालेज में प्रबंधक शोएब अंसारी ,अंसार गर्ल्स इंटरकालेज में प्रबंधक मुख्तारूल हक ,मदरसा अनवारूल उलूम में ,मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान ने ध्वजारोहण किए ।विकास खंड कार्यालय पर प्रमुख अफसरुन निशां पत्नी इम्तियाज ने ध्वजारोहण किया। मदरसा इस्लामिया अबूहलीम पटटी में प्रबंधक नदीम इंतेखाब, मदरसा जामिया अरबिया मौलाना में प्रबंधक शेख अब्दुल रहमान, हाफिज यासीन ने फहराया ,मोहम्मदपुर सराय अली में ग्राम प्रधान अशोक कुमार उर्फ गुड्डू ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन में ध्वजारोहण किया। मऊआइमा क्षेत्र के समस्त शिक्षा संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया।

## श्रीकृष्ण संस्कृत उ.मा. विद्यालय में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के उंचडीह खदरहन का पुरा स्थित श्रीकृष्ण संस्कृत विद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को सुबह झंडारोहण के बाद स्कूल के शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने बसंत पंचमी का उत्सव मनाते हुए मां सरस्वती की पूजा उपासना किया। इस मौके पर प्रबंधक सोमदेव मिश्र, सत्यदेव मिश्र, प्रधानाचार्य पीयूष पांडेय, आयव्यय निरीक्षक रमाकांत पांडेय, ग्रामप्रधान प्रतिनिधि मुन्नालाल, ओम शंकर मिश्र, राकेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सरकारी और गैरसरकारी सगठनों ने धूमधाम से मनाया 74 वा गणतंत्र दिवस



**फाफामऊ।** 74 वा गणतंत्र दिवस फाफामऊ क्षेत्र के सरकारी और गैरसरकारी संगठनों ने धूमधाम से मनाया। शांतिपुरम स्थित आरएएफ 101 बटालियन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारतीय संविधान के इस पावन पर्व पर वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम नए क्वार्टर गार्ड मैं राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा इस शुभ अवसर पर सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी व जवानों को बल के गरिमामई इतिहास के बारे में अवगत कराया। इसी तरह शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में स्कूल के प्रबंधक कृपा शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह ने ध्वजा रोहण किया। गद्दोपुर स्थित देव प्रयाग स्कूल और एसआर मिमोरियल में प्रधानाचार्य गोल्डन कौल और रमेश कौल ने ध्वजा रोहण किया। शांतिपुरम स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य विनोद कुमार द्विवेदी ने ध्वजा रोहण किया। बाईपास फाफामऊ स्थित विनीता हॉस्पिटल में निदेशक डॉ.बिंदू विश्वकर्मा, डॉ. विनीता विश्वकर्मा ने अस्पताल परिसर में ध्वजा रोहण किया। फाफामऊ बाजार में अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन के प्रदेश सचिव गौरव अग्रवाल व विपीन बिहारी अग्रवाल ,मनोज अग्रवाल ने ध्वजा रोहण किया। फाफामऊ बाजार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी ध्वजा रोहण किया। इसी क्रम में वार्ड नंबर 39 के भाजपा प्रत्याशी गोपाल पांडे के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा बाइक द्वारा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे


ध्वजारोहण करते वरिष्ठ नागरिक भोलानाथ गुप्ता व उपस्थित लोग

## गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित

**नैनी।** अवंन्तिका विकास समिति के तत्वावधान में शीतला माई पार्क में गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठ नागरिक भोलानाथ गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उक्त अवसर पर बच्चो एवं महिलाओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस अवसर पर समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह, सहसंयोजक बद्री प्रसाद मिश्रा, उपसंयोजक संजीव गुप्ता, ब्लॉक संयोजक एन पी मिश्रा, के०एल० जयसवाल, सुनील श्रीवास्तव, सुनील साहनी, विजेन्द्र पाठक, कन्हैया कुमार, आशुतोष मिश्रा, ज्ञानचंद्र पटेल, आदि का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर आयोजित प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागी आयुष श्रीवास्तव, अविरल पाण्डेय, श्रुति पटेल, कार्तिका श्रीवास्तव, देव शुक्ला, हर्षिता पटेल, कृष्णा, सम्राट जायसवाल, आंचल यादव, रुनिता यादव को मेंडल देकर सम्मानित किया गया। अवंतिका महिला विकास समिति की संयोजिका मीना जायसवाल, चंद्रावती तिवारी, आशा पटेल, नमिता त्रिपाठी, राजकुमारी, रानी जयसवाल, आरती पांडे, पूजा यादव, ननका देवी पटेल, मोनिका जायसवाल, रुनिता जायसवाल, ऊषा पांडे, रीता शर्मा, ऊषा केसरवानी, उर्मिला यादव की सहभागिता सराहनीय रही।

# मां शिवकुमारी शुक्ला इं0 का0 में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस


झण्डारोहण समारोह में उपस्थित बच्चे

**लालापुर।** क्षेत्र के मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज लालापुर में गुरुवार को धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्रबंधक लाला शुक्ला ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि गणतन्त्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 में भारत का 74वां गणतंत्र दिवस मनाया जा गया है। इसी दिन सन् 1950 को भारत सरकार अधिनियम (1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। यह भारत के तीन राष्ट्रीय अवकाशों में से एक है, भारतीय संविधान के रचियता डॉ. भीमराव अम्बेडकर हैं।एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे लागू करने के लिये 26 जनवरी की तिथि को इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वराज घोषित किया था।

इस दिन हर भारतीय अपने देश के लिए प्राण देने वाले अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति राष्ट्र के नाम संदेश देते हैं। स्कूलों,कॉलेजों आदि मे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत के राष्ट्रपति दिल्ली के राजपथ पर भारतीय ध्वज फहराते हैं। राजधानी दिल्ली में बहुत सारे आकर्षक और मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दिल्ली को अच्छी तरह सजाया जाता है कर्त्तव्यपथ पर बड़ी धूम-धाम से परेड निकलती है जिसमें विभिन्न प्रदेशों और सरकारी विभागों की झांकियाँ होतीं हैं। देश के कोने कोने से लोग दिल्ली मे 26 जनवरी की परेड देखने आते हैं। भारतीय सेना अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन होता है। 26 जनवरी के दिन धूम-धाम से राष्ट्रपति की सवारी निकाली जाती है तथा बहुत से मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस मौके पर कॉलेज के समस्त शिक्षक व क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## देश की आन बान तिरंगा इसे भुलाया नहीं जा सकता : कमलेश द्विवेदी



**करछना।** विकासखंड करछना के प्राथमिक विद्यालय खजुरी द्वितीय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को ध्वजारोहण के पश्चात सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी करछना अनिल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप पाठक व खजुरी द्वितीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक रत्नेश कुमार मिश्र मनोज मिश्र की ओर से सभी के प्रति आभार भी जताया गया। इस मौके पर सुरेश पांडेय प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी मिथिलेश द्विवेदी श्रीमती शैल कुमारी, कुसुम लता,दूध नाथ यादव, ओम प्रकाश पटेल सुरेश पांडेय क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञानचंद यादव भाई प्रदीप मिश्रा राजा तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



तिरंगे की सलामी लेते मुख्य अतिथि

**मेजा।** कोहड़ार मेजा ऊर्जा निगम में गुरुवार को 74वां गणतन्त्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चंद्रशेखर आजाद परेड मैदान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केदार रंजन पान्डु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमयूए नपीएल) द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा परेड की सलामी ली गयी।

कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में श्री पान्डु ने देश की गौरवशाली लोकतान्त्रिक परम्पराओं से सभी को अवगत कराया तथा कहा कि एनटीपीसी तथा मेजा ऊर्जा निगम भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए निर्बाद्ध रूप से कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर बाल भवन, आवर लिटिल किंग्डम तथा संत जोसफ स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कि टुकड़ी द्वारा प्रस्तुत वी०आई०पी० सिक्यूरिटी तथा फायर सेफ़्टी ड्रिल को भी दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। समारोह के दौरान परियोजना के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर परियोजना के सभी महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष, अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा डा० चिन्मयी दास तथा अन्य उपाध्यक्ष, कार्यपालक संगठन तथा कर्मचारी कल्याण केंद्र के प्रतिनिधि, सी०आई०एस०एफ० के सहायक समादेष्टा, संत जोसफ स्कूल के प्राचार्य, इत्यादि भी उपस्थित थे।



## सेंटपीटर्स स्कूल सिरसा में मनाया 74वाँ गणतंत्र दिवस

**मेजा।** सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा में 74वाँ गणतंत्र दिवस एवम् बसंत पंचमी धूमधाम से मनाया गया। कार्यकम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्याक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने देश भक्ति गीत गाये साथ ही देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया । प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए संविधान के बारे में विस्तार से बताया । श्रीमती खेड़ा ने बच्चों को संविधान के रचयिता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के बारे में बताया और देश के लिए संविधान क्यों जरूरी है उस पर भी चर्चा किया। इस दौरान मुख्य रूप से नव्या केशरी, समृद्धि केशरी, एंजल केशरी, विशाखा केशरी अन्वय, अन्वेषी सहित अभिभावक व दर्जनों बच्चे मौजूद रहे।

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एन्ड कॉलेज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**मेजा।** क्षेत्र के दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एन्ड कॉलेज गोशौरा कलां में गुरुवार को 74वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस दौरान मौजूद बतौर मुख्य अतिथि डॉ विशाल शर्मा तहसीलदार मेजा ने मॉ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया । इस दौरान छात्र - छात्राओं ने विभिन्न देशभक्ति गीत एवं नृत्य एवं मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुये विशाल वर्मा ने कहा कि यह विद्यालय मेजा के बच्चों के विकास में मिल का पत्थर सबित होगा। विद्यालय की प्रबंधक डॉ स्वतंत्र मिश्रा ने कहा की आज के ही दिन 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। देश स्वतंत्र होने के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान अपनाया था। वहीं, 26 जनवरी 1950 को संविधान को लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया। इस दिन भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। कार्यक्रम में ई नित्यानंद उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष बार मेजा अधिवक्ता तुलसीदास तिवारी, समाजसेवी सिद्धान्त तिवारी, पप्पू उपाध्याय, श्रीराम पाण्डेय, बलराम पाण्डेय, ग्राम प्रधान रेणु पाण्डेय, कोऑर्डिनेटर अमित बाजपेई सुजान मिश्रा, जुवेरिया, इंद्रदेव श्रीवास्तव, एवं समस्त शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच मैनेजर मऊआइमा ने गणतंत्र दिवस पर बच्चो को दिया गिफ्ट




**मऊआइमा।** गणतंत्र दिवस पर मऊआइमा के बैंक ऑफ बड़ौदा में ब्रांच मैनेजर गोपाल अग्रवाल ने झंडा रोहण करने के बाद सामने स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को गिफ्ट वितरित किया गिफ्ट पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर ब्रांच मैनेजर गोपाल अग्रवाल, बैंक ऑफिसर आशुतोष जी ,आनन्द साहू, राकेश मौर्या, दिनेश पाण्डेय तथा बैंक के समस्त बैंक मित्र एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य व समस्त स्टाप मौजूद रहे।

## बेनी माधव पीजी कॉलेज में हुआ ध्वजा रोहण

**थरवई।** गणतंत्र दिवस पर थरवई स्थित बेनी माधव पीजी मधोनागर में बड़े धूम धाम के साथ ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मौके पर माधुरी सिंह सचिव कृपा राम मिश्रा डॉ देवेंद्र विक्रम सिंह महेंद्र गिरि राजमणि मौर्या करुणेश शुक्ला गोपाल सिंह राम कैलाश यादव अजय यादव सत्यम मिश्रा बीडी सिंह विवेक सुमन शर्मा डॉ पीयूष मिश्रा प्रशांत पाण्डेय सोनू लाल वर्मा डॉ ज्ञान सिंह राम प्रसाद आदि कई लोग उपस्थित रहे।

### थप्पड़ चैंपियनशिप जीतने वाले शख्स का सूज गया चेहरा, लोग बोले- बैन करो

**बुखारेस्ट।** रोमानिया में आरएफएक्स स्लैप (थप्पड़) फाइटिंग चैंपियनशिप जीतने वाले कॉमसा सोरिन नामक शख्स का चेहरा सूज गया और उनका चेहरा बिगड़ा हुआ दिखा। चैंपियनशिप की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर बैन लगाने की मांग की। एक यूजर ने कहा, ऐसा खेल बेकार है जिसमें आप खुद अपना बचाव नहीं कर सकते।



# भारत के सामने 'करो या मरो' की स्थिति, ईशान किशन और दीपक हुड्डा को दिखाना होगा जलवा

## भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी

**लखनऊ।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी तथा मुख्य गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन से पहला मैच गंवाने वाली भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम रांची में पहले मैच में न्यूजीलैंड के स्पिन जाल में फंस गई थी और उसे 21 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों की कमजोरी भी सामने आई क्योंकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने रन लुटाकर टीम को दबाव में डाला।



मलिक ने जहां अपने एक ओवर में 16 रन दिए उन्हें अर्शदीप ने पारी के अंतिम ओवर में 27 रन लुटाए। इससे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम पर दबाव बन गया। अर्शदीप का आखिरी ओवर आखिर में मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। भारत की बल्लेबाजी में शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसके चोटी के तीन बल्लेबाज केवल 15 रन जोड़ पाए। भारत यदि हार का अंतर कम कर पाया तो उसका श्रेय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को जाता है जिन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। वाशिंगटन ने बाद में स्वीकार किया कि 150 का स्कोर बराबरी का होता। कप्तान पांड्या इसके बावजूद तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पदार्पण का मौका देंगे इसकी संभावना कम लगती है। वह संभवतः अर्शदीप को वापसी का मौका दे सकते हैं। शुभमन गिल वनडे में बेहतरीन फॉर्म में थे लेकिन टी20 में वह इसे बरकरार नहीं रख पाए। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं और उन्हें आगे मौका दिया जाना तय है लेकिन टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता ईशान किशन और दीपक हुड्डा की फॉर्म है। किशन ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक जड़ा था लेकिन इसके बाद वह इस फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाए। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतर रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने उसके बाद 37, 2, 1, 5, नाबाद 8, 17 और 4 रन की पारियां खेली हैं। अगर टी20 अंतरराष्ट्रीय की ही बात करें तो इस प्रारूप में उन्होंने अपना आखिरी अर्धशतक 14 जून 2022 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। हुड्डा भी पावर हिटर के रूप में खास सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। पिछली 13 पारियों में उनका औसत केवल 17.88 है। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर श्रीलंका के खिलाफ मुंबई में नाबाद 41 रन रहा।

रांची में शुक्रवार को पहले मैच में वह 10 गेंदों पर केवल 10 रन बना पाए थे। इसके बावजूद मध्यक्रम में जितेश शर्मा को विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में लाए जाने की संभावना नहीं है। पहले मैच में हार के बावजूद भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के अलावा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर 50 रन भी बनाए। विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में चल रहे हैं लेकिन उन्हें शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है। जहां तक न्यूजीलैंड की बात है तो वह भारत में श्रृंखला जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

उसका दारोमदार एक बार फिर से डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल पर टिका रहेगा।

***टीमें इस प्रकार हैं***

**भारतः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, पृथ्वी साव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

**न्यूजीलैंडः** मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलेन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, डेन क्लीवर (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, डेरिल मिशेल, माइकल रिपन, लॉकी फर्ग्यूसन, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर, जैकब डफी , हेनरी शिपले और बेन लिस्टर। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

## भारत को विश्व कप खिताब दिलाने पर लगी शेफाली की निगाहें

**पोटचेफस्ट्रूम।** विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा अपनी अगुआई में भारत को रविवार को यहां आईसीसी के शुरूआती अंडर-19 टी20 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ जीत दिलाकर इतिहास रचने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने काफी सफलता अर्जित की है लेकिन टीम किसी भी स्तर पर विश्व कप ट्राफी नहीं जीत सकी है और सीनियर टीम के साथ दो विश्व कप और एक राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल का हिस्सा रह चुकी शेफाली अंडर-19 विश्व कप की ट्राफी जीतकर घर लौटना चाहेंगी। सीनियर टीम तीन मौकों पर विश्व कप के फाइनल में पहुंची है लेकिन फाइनल की बाधा पार नहीं कर सकी है। 2005 में भारत को आस्ट्रेलिया से 98 रन से, 2017 में इंग्लैंड से नौ रन से और 2020 फाइनल में आस्ट्रेलिया से 85 रन से हार मिली। रोहतक की युवा खिलाड़ी दो विश्व कप के अलावा पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता टीम का भी हिस्सा थीं। और अब वह इस मौके को हाथ से नहीं निकलने देना चाहतीं।



## जर्मनी के जज्बे से बेल्जियम को रहना होगा सतर्क, रविवार को होगा फाइनल मुकाबला

### विश्व हॉकी में पिछले एक दशक में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करने वाला बेल्जियम इस सूची में खुद को शामिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा


**भुवनेश्वर।** ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम को यदि एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने वाली केवल चौथी टीम बनना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जर्मनी के वापसी करने के जज्बे से सावधान रहना होगा। अभी तक पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ही विश्वकप में लगातार दो खिताब जीत पाए हैं। विश्व हॉकी में पिछले एक दशक में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करने वाला बेल्जियम इस सूची में खुद को शामिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उसने इसी कलिंग स्टेडियम में 2018 में खिताब जीता था। बेल्जियम के 11 खिलाड़ी 30 वर्ष से अधिक और तीन खिलाड़ी 35 साल से अधिक उम्र के हैं। उसकी इस टीम ने चार साल पहले विश्वकप और पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उसके खिलाड़ियों ने दिखा दिया है कि वह पूरी तरह से फिट है और उम्र की तुलना में अनुभव अधिक मायने रखता है। बेल्जियम की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने चार साल पहले विश्वकप और फिर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था।



बेल्जियम की टीम में किसी तरह की खामी निकालना बहुत मुश्किल है। उसकी टीम में तेजतर्रार स्ट्राइकर और दमदार रक्षकों के अलावा पेनल्टी कॉर्नर के अच्छे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। उसके पास विन्सेंट वनाश के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शामिल गोलकीपर है। वर्तमान टूनामेंट में बेल्जियम ने अभी तक 18 गोल किए हैं जिनमें से उसके स्टार स्ट्राइकर टॉम बून ने सर्वाधिक सात गोल किए हैं। बेल्जियम ने अभी तक केवल पांच गोल खाए हैं। विश्व की नंबर दो टीम बेल्जियम को हालांकि जर्मनी की कभी हार नहीं मानने की प्रवृत्ति और वापसी करने के जज्बे से सतर्क रहना होगा। विश्वकप में अभी तक जर्मनी ने दो बार 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करके जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। दो बार (2002 और 2006) का चैंपियन जर्मनी क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ दो गोल से पीछे चल रहा था लेकिन उसने आखिरी ढाई मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की।

## जमैका के फर्राटा धावक उसेन बोल्ट को लगा एक करोड़ 27 लाख डॉलर का चूना

**सान जुआन (प्यूर्टोरिको)।** जमैका के फरार्टा धावक उसैन बोल्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह इस बात से हैरान है की एक निजी निवेश कंपनी से उनके एक करोड़ 27 लाख डॉलर कैसे गायब हो गये। यह जमैका में एक दशक पहले हुए धोखाधड़ी के मामलों से जुड़ा मामला है। धोखाधड़ी के इन मामलों की जांच की जा रही है। बोल्ट ने इसके साथ ही कहा कि उन्होंने अपने बिजनेस मैनेजर को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि वह आपसी सहमति से अलग नहीं हुए हैं। बोल्ट से पूछा गया कि क्या वह इस धोखाधड़ी से टूट चुके हैं तो यह स्टार एथलीट हंसने लगा। उन्होंने कहा, मैं टूटा नहीं हूं लेकिन निश्चित तौर पर मुझे बड़ा नुकसान हुआ है। यह धनराशि मेरे भविष्य के लिए थी। सभी जानते हैं कि मेरे तीन बच्चे हैं और मैं अपने माता-



पिता की देखरेख भी करता हूं और मैं अब भी अच्छा जीवन व्यतीत करना चाहता हूं। बोल्ट के वकील ने कहा कि किंग्स्टन स्थित 'स्टॉक्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड' में इस एथलीट का लगभग एक करोड़ 28 लाख डॉलर जमा था जो कि अब घटकर 12000 डॉलर ही रह गया है। उन्होंने कंपनी को धनराशि लौटाने या दीवानी और आपराधिक कार्रवाई का सामना करने के लिए शुक्रवार तक का समय दिया था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि शुक्रवार की रात को किसी तरह की कार्रवाई की गई या नहीं।

# बेलारूस की एरिना सबालेंका ने जीता करियर का पहला ग्रैंड स्लैम, एलिना रिबाकिना को दी मात

**मेलबर्न।** बेलारूस की एरिना सबालेंका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सांस रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में कजाकस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। रॉड लैवर एरिना पर ढाई घंटे से ज्यादा चले महिला एकल मुकाबले में सबालेंका ने गत विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से मात दी।

पहला सेट हारने के बाद सबालेंका ने मुकाबले में शानदार वापसी की और मजबूत फोरहैंड से खेलते हुए रिबाकिना की मुश्किलें बढ़ाई। सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 की बढ़त लेने के बाद 40-30 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया। रिबाकिना गेम को 40-40 की बराबरी पर लाईं,





लेकिन इससे वह सबालेंका की यादगार जीत को कुछ देर के लिए ही टाल सकीं।


सबालेंका ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन और ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। इससे पहले उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विंबलडन (2021) और अमेरिका ओपन (2021, 2022) में आया जहां उन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सबालेंका हालांकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन का महिला युगल खिताब 2021 में जीत चुकी हैं।

बेलारूसी खिलाड़ी ने इस यादगार जीत के बाद कहा, मैं अभी भी कांप रही हूं और बहुत घबराई हुई हूं। मेरी टीम दौरे की सबसे बेहतरीन टीम है। हम पिछले साल काफी उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। हमने बहुत मेहनत की। तुम लोग इस ट्रॉफी के ज्यादा हकदार हो, यह मुझसे ज्यादा तुम्हारे बारे में है। पिछले साल विंबलडन में पहला ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रिबाकिना ने पहला सेट प्रभावशाली रूप से जीता था। वह अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम से सिर्फ एक सेट दूर थीं, लेकिन सबालेंका ने उन्हें इससे वंछित कर दिया।

रिबाकिना ने करीबी हार के बाद सबालेंका को संबोधित करते हुए कहा, मैं जानती हूं तुमने इसके लिये कितनी मेहनत ही है। उम्मीद है कि हम भविष्य में और भी कई बार आमने-सामने आयेंगे। सबालेंका ने 2023 में अपने सभी 11 मुकाबले जीते हैं, और इस दौरान उन्होंने सिर्फ एक सेट गंवाया है। उन्होंने रिबाकिना के खिलाफ भी अपने चारों मुकाबलों में विजय हासिल की है। इस जीत के साथ वह ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम जीतने वाली 58वीं खिलाड़ी बन गयी हैं।

## इस समय सफेद गेंद के क्रिकेट में मिशेल सैंटनर सर्वश्रेष्ठ स्पिनर : डेरिल मिशेल

**रांची।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर डेरिल मिशेल का मानना है कि कार्यवाहक टी20 कप्तान मिशेल सैंटनर इस समय सफेद गेंद के क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया। सैंटनर ने चार ओवर में महज 11 रन देकर दो विकेट झटके जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 21 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। सैंटनर ने शानदार स्पैल डाला और पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव को मेडन ओवर फेंककर रन गति पर लगाम लगाई। डेरिल मिशेल को 30 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेलने के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह इस समय सफेद गेंद के विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक है। सैंटनर ने फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का विकेट झटका जिन्होंने इससे पहले वनडे श्रृंखला में भारत की 3-0 की जीत में अहम भूमिका अदा की थी। डेरिल मिशेल ने कहा, वह (सैंटनर) अपनी काबिलियत साबित करता रहा है। यह उसका विशेष स्पैल था जिसने हमें जीत की स्थिति में पहुंचाया। वह यह लंबे समय से करता आ रहा है, हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में है। स्पिनरों के लिये मददगार रांची की पिच पर न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने पांच विकेट झटके। इस पर उन्होंने कहा, स्पिनरों से निश्चित रूप से क्रीज पर काफी परेशानी हो रही थी।



# आथिया केएल राहुल मैरिज फोटो: झुकी पलकें, चेहरे पर मुस्कान...पति राहुल की बाहों में नजर आई अथिया शेट्टी

**नई दिल्ली।** 23 जनवरी को क्रिकेटर केएल राहुल और सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी शादी के बंधन में बंधे। अब उन्होंने शादी की अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में अथिया शेट्टी पति केएल राहुल की बाहों में लिपटी नजर आ रही हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में अथिया शेट्टी की मां उन्हें अपना आशीर्वाद देती नजर आ रही हैं। शादी की रस्म निभाते हुए अथिया झोली खोले बैठी दिख रही हैं। अथिया शेट्टी मां के साथ रस्में पूरी करती नजर आ रही हैं। साड़ी में नई नई दुल्हन का खूबसूरत अवतार बेहद प्यारा लग रहा है। अथिया शेट्टी के में हैवी कंगन और केएल राहुल के नाम की मेहंदी इस तस्वीर को और भी ज्यादा खास बना रही है। अथिया शेट्टी का वेडिंग फंक्शन लुक काफी शानदार रहा है। पिंक ब्लाउज के साथ बनारसी साड़ी में एक्ट्रेस बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। गोल्डन साड़ी में अथिया शेट्टी बेहद प्यारी लग रही हैं। परिवार ने इस अंदाज में सभी रस्मों को अदा किया। इस तस्वीर में तो वह पति केएल राहुल की बाहों में सिमटी नजर आ रही हैं। दोनों की ये तस्वीरें देख आपका दिल धक धक करने लगेगा। दोनों साथ में बहुत प्यारे लग रहे हैं। हाल में ही केएल राहुल ने अथिया शेट्टी के साथ हल्दी की फोटोज भी शेयर की थी। जहां वह पति को हल्दी लगाती नजर आई थीं। अथिया शेट्टी की शादी सुनील शेट्टी के खंडाला वाले बंगले पर हुई। जहां परिवार और दोस्तों के बीच शादी की रस्में पूरी की गईं।





## ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 में डिएड डी ग्रूट ने दिखाया दम, लगातार 9वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता

**मेलबर्न।** नीदरलैंड की दिग्गज खिलाड़ी डिएड डी ग्रूट ने यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट के महिला व्हीलचेयर एकल फाइनल में जापान की युई कामीजी को 0-6, 6-2, 6-2 से हराकर अपना लगातार नौवां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। डी ग्रूट का यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पांचवां और कुल 17वां ग्रैंडस्लैम खिताब है। क्वाड व्हीलचेयर के एकल फाइनल में नीदरलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त सैम श्रोडर ने अपने हमवतन और शीर्ष वरीयता प्राप्त नील्स विंक को 6-2, 7-5 से हराया। पुरुषों के व्हीलचेयर एकल फाइनल में ब्रिटेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्फी हेवेट ने जापान के विश्व में तीसरे नंबर के खिलाड़ी टोकिटो ओडा को 6-3, 6-1 से पराजित करके खिताब जीता।



# भारत आज दुनिया के हर बड़े मंच पर डंके की चोट पर अपनी बात कहता है: पीएम मोदी

## पीएम ने भीलवाड़ा जिले के मालासेरी में लोक देवता भगवान देवनारायण के अवतार महोत्सव में कहा, आज भारत दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती ताकत को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि आज भारत दुनिया के हर बड़े मंच पर अपनी बात डंके की चोट पर कहता है और दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल में समाज के हर उपेक्षित एवं वंचित तबके को सशक्त करने का प्रयास किया है और वह वंचितों को वरीयता मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। मोदी भीलवाड़ा जिले के मालासेरी में लोक देवता भगवान देवनारायण के अवतार महोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया के हर बड़े मंच पर अपनी बात डंके की चोट पर कहता है। आज भारत दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। इसलिए ऐसी हर बात, जो हम देशवासियों की एकता के खिलाफ है, उससे हमें दूर रहना है। हमें अपने संकल्पों को सिद्ध कर दुनिया की उम्मीदों पर खरा उतरना है। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर मैंने लाल किले की प्राचीर से पंच प्रण पर चलने का आग्रह किया था। उद्देश्य यही है कि हम सभी अपनी विरासत पर गर्व करें, गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलें और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को याद रखें। अपने मनीषियों के दिखाए रास्ते पर चलना और हमारे बलिदानी शूरवीरों के शौर्य को याद रखना भी इसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा, यह देश का दुर्भाग्य है कि ऐसे अनगिनत सेनानियों को हमारे इतिहास में वह स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे।

लेकिन आज का नया भारत बीते दशकों में हुई उन भूलों को भी सुधार रहा है। अब भारत की संस्कृति व स्वतंत्रता की रक्षा के लिए, देश के विकास में जिसका भी योगदान रहा है, उसे सामने लाया जा रहा है। मोदी ने कहा, 21वीं सदी का यह कालखंड भारत के विकास के लिए, राजस्थ्ज्ञान के विकास के लिए बहुत अहम है। हमें एकजुट होकर देश के विकास के लिए काम करना है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर बहुत उम्मीदों से देख रही है।

उन्होंने कहा, भारत ने जिस तरह से पूरी दुनिया को अपना सामर्थ्य दिखाया है, अपना दमखम दिखाया है, उसने शूरवीरों की इस धरती का भी गौरव बढ़ाया है। आज भारत दुनिया के हर बड़े मंच पर अपनी बात डंके की चोट पर कहता है। आज भारत दूसरे देशों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, इसलिए ऐसी हर बात, जो हम देशवासियों की एकता के खिलाफ है... उससे हमें दूर रहना है। हमें अपने संकल्पों को सिद्ध कर दुनिया की उम्मीदों पर खरा उतरना है। मुझे पूरा विश्वास है कि भगवान श्री देवनारायण जी के आशीर्वाद से हम सब जरूर सफल होंगे। हम सब मिलकर कड़ा परिश्रम करेंगे। सबके प्रयास से सिद्धि प्राप्त होकर रहेगी।

उन्होंने कहा, भारत केवल एक भू-भाग नहीं है, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और संभावनाओं की एक अभिव्यक्ति है। आज भारत अपने भविष्य की नींव रख रहा है, इसके पीछे जो सबसे बड़ी प्रेरणा शक्ति है... वो हमारे समाज की शक्ति है, जन-जन की शक्ति है। मोदी ने कहा कि भारत के लोग हजारों साल पुराने अपने इतिहास, अपनी सभ्यता पर गर्व करते हैं। उन्होंने कहा, भारत को भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से तोड़ने के बहुत प्रयास हुए, लेकिन कोई भी देश के अस्तित्व को ताकत समाप्त नहीं कर पाई।

### त्रिपुरा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की 48 उम्मीदवारों की लिस्ट, टाउन बादोवाली से ही लड़ेंगे सीएम माणिक साहा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने त्रिपुरा विधानसभा चुनावों के लिए आज अपने 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें मुख्यमंत्री माणिक साहा को टाउन बोडोवाली सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी एवं भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के संगठन महासचिव बी एल संतोष, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, पार्टी में त्रिपुरा प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेश शर्मा, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देव तथा चुनाव समिति के अन्य सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। पहली सूची के 48 उम्मीदवारों में करीब एक चौथाई यानी 11 महिलाएं हैं। त्रिपुरा विधानसभा की कुल 60 सीटों के लिए 16 फरवरी को मतदान होगा जबकि मतगणना दो मार्च होगी। उम्मीदवारों के नामांकन की अंतिम तिथि 30 जनवरी है।

# रवीना टंडन जल्द ही एक नयी वेब सीरीज में नजर आएंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार की एक नयी वेब सीरीज में नजर आएंगी। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने शनिवार को इसकी घोषणा की। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आगामी सीरीज में रवीना एक नये अंदाज में नजर आएंगी। हाल ही में पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुनी गईं अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा कि इस सीरीज ने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। अभिनेत्री ने एक बयान में कहा, 'मैं डिज्नी प्लस हॉटस्टार परिवार का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह शो मेरे लिए बहुत खास होने वाला है क्योंकि मैंने हमेशा अपने द्वारा निभाए गए हर किरदार की चुनौती को स्वीकार किया है और इस सीरीज से मुझे उसका फिर से एक मौका मिला है। इससे पहले 48 वर्षीय अभिनेत्री नेटफ्लिक्स के शो 'अरण्यक' में नजर आयी थीं। एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार के प्रमुख (सामग्री) गौरव बनर्जी ने कहा, हम रवीना के साथ काम करने को लेकर बहुत रोमांचित हैं। हालांकि डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने अभी तक शो की कहानी, शीर्षक और अन्य कलाकारों के बारे में जानकारी साझा नहीं की है।

## खास खबर

### हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार, डॉक्टर के खिलाफ जांच के आदेश खारिज

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक सरकारी महिला डॉक्टर को उसकी अस्वस्थ बेटी की देखाभाल के लिए छुट्टी न देकर, उल्टा इस्तीफा देने पर उसी के खिलाफ विभागीय जांच किए जाने पर, राज्य सरकार को जमकर फटकार लगाई है। न्यायालय ने कहा है कि सभी प्रयासों के बावजूद, आज भी एक कामकाजी महिला को कितना परेशान किया जा सकता है, वह इस मामले में परिलक्षित हो रहा है। न्यायालय ने इन टिप्पणियों के साथ महिला डॉक्टर के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायालय ने इस्तीफे की तिथि से याची को कार्यमुक्त मानते हुए, उसके सेवा से सम्बंधित लाभ दो माह में देने के आदेश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी की एकल पीठ ने डॉ. प्रियंका गर्ग की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा की दलील थी कि याची की बेटी ब्रॉन्कियल अस्थमा से पीड़ित है।

### नागरिकों के मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने का निर्देश देने संबंधी याचिका दाखिल

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका की दायर की गयी है जिसमें केंद्र एवं अन्य को एक ऐसा तंत्र तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध है जिससे नागरिकों को संसद में अर्जी के माध्यम से अपनी बात पहुंचाने और उनके द्वारा उठाये गये मुद्दों पर देश के शीर्ष विधायी निकाय में चर्चा शुरू करवाने की व्यवस्था हो। यह याचिका शुक्रवार को न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने याचिकाकर्ता करण गर्ग की ओर से पेश वकील से याचिका की एक प्रति केंद्र सरकार के वकील को देने को कहा और मामले की सुनवाई फरवरी के लिए स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहन जे अल्वा ने दलीलें रखी।

# देश भर में 50,000 से अधिक फोरेंसिक वैज्ञानिकों की आवश्यकता होगी: शाह

## कहा, हम छह साल से अधिक कारावास के साथ दंडनीय सभी अपराधों के लिए फोरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य करने जा रहे



**हुबली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि छह साल से अधिक कारावास की सजा वाले अपराधों के लिए फॉरेंसिक साक्ष्य को अनिवार्य बनाने के केंद्र के कदम के लिए देश भर में 50,000 से अधिक फोरेंसिक वैज्ञानिकों की आवश्यकता होगी। शाह ने यहां कहा, हम छह साल से अधिक कारावास के साथ दंडनीय सभी अपराधों के लिए फोरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य करने जा रहे हैं। इसके लिए 50,000 से अधिक फोरेंसिक वैज्ञानिकों की आवश्यकता होगी और फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षित होने से विज्ञान के छात्रों के लिए बहुत सारे अवसर पैदा होंगे। शाह यहां केएलई टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (केएलईटीयू) के इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन करने और बीवीबी अमृत महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, फोरेंसिक विज्ञान जल्द ही देश में एक प्रमुख क्षेत्र होगा। शाह ने कहा कि नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) की स्थापना फॉरेंसिक साइंस फील्ड के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि धारवाड़ में एनएफएसयू की ऑफ-कैंपस सुविधा गांधीनगर स्थित एनएफएसयू का सातवां कैंपस है और यह युवाओं के लिए अवसर भी पैदा करेगा। बाद में, शाह ने धारवाड़ में एनएफएसयू ऑफ-कैंपस सुविधा के लिए आधारशिला रखी। शाह ने युवाओं के लिए मोदी की दृष्टि, शैक्षणिक संस्थानों की संख्या बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों और अन्य कार्यक्रमों के बारे में भी बात की। भारत के आर्थिक विकास का उल्लेख करते हुए, उन्होंने युवाओं से 2047 तक देश को सभी क्षेत्रों में नंबर एक बनाने और इस संबंध में मोदी की अपील का जवाब देने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया।

### शाहजहांपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष की दो भैंसें हुईं चोरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पुलिस अपने कारनामों की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती है। कभी सपा नेता आजम खान की भैंस ढूंढने वाली पुलिस अब जिला पंचायत अध्यक्ष की दो भैंसों की तलाश में जुटी है। यह मामला शाहजहांपुर जिले का है। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव के आवास से दो भैंसें चोरी हो गईं। भैंसों को तलाश करने के लिए दो थानों की पुलिस को लगाया गया है। थाना सिंधौली और सदर पुलिस ने घटना के बाद मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए थे, जिसमें पांच चोर नजर आ रहे हैं। इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। सिंधौली थाना क्षेत्र के नियामतपुर गांव में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव का आवास है। 25 जनवरी की रात वह शादी समारोह में गईं थीं। रात में तमंचा लेकर आए चोरों ने खुद को पुलिस बताकर उनके नौकर को बंधक बना लिया। साथ ही डेयरी के अंदर बंधी दो भैंसों को पिकअप से ले गए। सूचना आने के बाद रात में जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव ने एसपी एस. आनंद को खबर दी।

# मीर जाफर और वोट कटवा हैं आजाद, जिन्हें भाजपा ने खड़ा किया है: जयराम रमेश

## पदयात्रा कर रहे रमेश ने कहा कि अभी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल किया जाए और चुनाव कराए जाएं



**अवंतीपुरा (कश्मीर)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि पार्टी के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद मीर जाफर बनेंगे और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन्हें जम्मू कश्मीर में कांग्रेस का वोट काटने के लिए खड़ा किया है। भारत जोड़ो यात्रा में पदयात्रा कर रहे रमेश ने कहा कि अभी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल किया जाए और चुनाव कराए जाएं। उन्होंने कहा कि साथ ही यह भी जरूरी है कि लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत लाया जाए ताकि यह नौकरशाहों द्वारा नहीं बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा शासित हो। भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर में अपने अंतिम चरण में है और इसका समापन 31 जनवरी को होने वाला है। उन्होंने डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के प्रमुख एवं कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद को वोटों को बांटने की भाजपा की योजना के तहत सूचीबद्ध किया। रमेश के अनुसार उस सूची में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी और आम आदमी पार्टी (आप) भी शामिल है। रमेश ने कहा, कांग्रेस से उनका जाना वोट काटने की मोदी-शाह की योजना का हिस्सा था। भारत में तीन वोट कटवा हैं - भाजपा द्वारा खड़े किये गए असदुद्दीन ओवैसी और आप तथा जम्मू कश्मीर में कांग्रेस के वोट काटने के लिए खड़े किए गए आजाद। मुझे नहीं लगता कि ऐसा वास्तव में होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या आजाद अपनी डीएपी से कांग्रेस की संभावनाओं में सेंध लगाएंगे, रमेश ने कहा कि आजाद के साथ कांग्रेस छोड़कर गए अधिकतर कार्यकर्ता और नेता पार्टी में वापस लौट आए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या आजाद कभी कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं जैसा उनकी नवगठित पार्टी के सहयोगियों ने वापसी की है, रमेश ने कहा, मुझे नहीं पता कि आजाद की क्या योजनाएं हैं। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह वास्तव में कांग्रेस छोड़ देंगे। यही वह पार्टी है जिसने लगभग 50 वर्षों तक उन्हें एक पहचान दी, उन्हें मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, विपक्ष के नेता सहित पार्टी और सरकार में हर संभव पद दिया लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह मीर जाफर होंगे। मीर जाफर बंगाल के नवाब सिराज उद-दौला के तहत बंगाल सेना का कमांडर था। मीर जाफर ने प्लासी की लड़ाई के दौरान सिराज उद-दौला को धोखा दिया, जिससे भारत में अंग्रेजों के शासन का मार्ग प्रशस्त हुआ। कांग्रेस महासचिव रमेश ने यह स्वीकार किया कि वह कभी भी आजाद के करीबी सहयोगी नहीं रहे।

# हिमाचल के बिलासपुर जिले में शुरू होगा 'हैंगिंग रेस्तरां', पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

## बीबीएमबी की एक ऊंची क्रेन की मदद से एक 'हैंगिंग रेस्तरां' बनाया जाएगा




**हमीरपुर/शिमला।** बिलासपुर जिले के मंडी भरारी जंक्शन पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सड़क के किनारे 'हैंगिंग रेस्तरां' खोला जाएगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उपायुक्त पंकज राय ने बताया कि पर्यटन परिसर के अंदर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की एक ऊंची क्रेन की मदद से एक 'हैंगिंग रेस्तरां' बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और बीबीएमबी के सहयोग से शुरू की जाएगी और जल्द ही इस संबंध में पर्यटन विभाग और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस परियोजना के लिए प्रशासन के द्वारा एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार की जा रही है।

इस परियोजना के तहत लोगों को कई सुविधाएं भी दी जाएगी जिनमें खाने-पीने की दुकान, आवश्यक वस्तुओं की दुकान, बैंक एटीएम, शौचालय, स्नानघर, स्वास्थ्य केंद्र और बच्चों के लिए पार्क की सुविधाएं शामिल होगी। वहीं, स्थानीय स्तर पर कृषि और हाथ से बने उत्पादों की बिक्री के लिए हाट भी लगेगा। उपायुक्त ने बताया कि 'हैंगिंग रेस्तरां' बनाने का यह विचार इलाके को पर्यटन के लिए आकर्षक बनाने के साथ-साथ शिमला-चंबा और चंडीगढ़-मनाली राजमार्गों से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के अवसर पैदा करना है।

# मोदी पर बनी डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाना लोकतंत्र पर हमला : शरद पवार

## बोले-लोग धार्मिक मुद्दों पर अपना वोट नहीं देंगे, लोगों ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' यात्रा का समर्थन किया लेकिन केंद्र सरकार ने गांधी की अलग छवि पेश करने की कोशिश की



**कोल्हापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री द मोदी क्वेश्चन पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लोकतंत्र पर हमला है।

पवार ने यहां एक होटल में आज सुबह आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीबीसी मीडिया समूह द्वारा बनायी गयी डॉक्यूमेंटरी पर प्रतिबंध का निर्णय लेना पूरी तरह से लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि लोग धार्मिक मुद्दों पर अपना वोट नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' यात्रा का समर्थन किया और जगह-जगह उसमें शामिल भी हुए लेकिन केंद्र सरकार ने गांधी की अलग छवि पेश करने की कोशिश की। राहुल गांधी को आम लोगों से बड़े पैमाने पर समर्थन मिलने के कारण सरकार अपने प्रयास में पूरी तरह विफल रही। राज्य के राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के प्रस्तावित इस्तीफे की चर्चा पर, शरद पवार ने कहा कि यह अच्छी बात है कि छत्रपति शिवाजी महाराज और अन्य महापुरुषों पर कई विवादास्पद बयानबाजी करने वाले व्यक्ति से राज्य के लोगों मुक्त किया जा रहा है। पवार ने कहा कि एक सर्वेक्षण में यह संकेत दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता में नहीं आएगी और इस आधार पर हम सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अभी तक इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। हर राज्य में अलग-अलग मुद्दे हैं और इसे सुलझाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से विभिन्न विपक्षी दलों के बीच समन्वय को लेकर चर्चा शुरू होगी। पवार ने वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के नेता प्रकाश अंबेडकर के इस बयान का खंडन किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सच है कि मोदी केंद्रीय जांच प्रणाली का दुरुपयोग कर रहे हैं। शिवसेना (ठाकरे) और वीबीए के बीच गठबंधन पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए, पवार ने कहा, हमने अब तक वीबीए के साथ चर्चा नहीं की है।

एमवीए के रूप में हम आने वाले चुनावों का एकजुट होकर सामना करेंगे और हम उद्धव ठाकरे के साथ हैं।

# भारत-चीन के बीच लद्दाख में और होंगी झड़प की घटनाएं, रिपोर्ट में दावा

## चीन की ओर से सीमा के उस पार लगातार सैन्य बुनियादी ढांचा खड़ा किया जा रहा



**नई दिल्ली।** लद्दाख पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने हिमालयी क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर अपने अध्ययन में आशंका जताई है कि भविष्य में चीनी सैनिकों के साथ भारतीय सैनिकों की झड़पें बढ़ सकती हैं। चीन की ओर से सीमा के उस पार लगातार सैन्य बुनियादी ढांचा खड़ा किया जा रहा है जिससे हालात बिगड़ने के आसार हैं। लद्दाख पुलिस ने स्थानीय खुफिया इनपुट के आधार पर तैयार अपनी रिपोर्ट में अभी और झड़प होने की आशंका जताई है। दिल्ली में संपन्न डीजीपी-आईजी बैठक में यह रिपोर्ट साझा की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास हुई झड़प में कई भारतीय जवान शहीद हुए। सैन्य एवं रणनीतिक वाताओं के चलते सीमा पर तनाव कम हुआ है लेकिन इसके बाद पिछले साल दिसंबर में अरुणाचल प्रदेश में पूर्वी सीमा पर चीनी सैनिकों ने भारतीय जवानों के साथ झड़प की। तब भी हमारे जवानों ने उन्हें पीछे हटने को मजबूर किया। 2013-14 के बाद से दो से तीन साल के अंतराल में एलएसी पर लगातार तनाव की स्थिति पैदा होती रही है।

# राहुल गांधी ने पुलवामा का दौरा किया आतंकी हमले के बहादुरों को दी श्रद्धांजलि

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुईं महबूबा मुफ्ती, बेटी ने भी किया कदमताल



**पुलवामा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पुलवामा आतंकवादी हमले के बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के लिए आतंकवादी हमले के स्थान पर रुके और वीरों को श्रद्धांजली दी। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में चालीस जवानों की जान चली गई थी जब कश्मीर में आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था।

कांग्रेस ने शनिवार को अवंतीपोरा से अपनी यात्रा फिर से शुरू की और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती इसमें शामिल हुईं। यात्रा वर्तमान में जम्मू और कश्मीर से गुजर रही है और 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 27 जनवरी की ₹सुरक्षा चूक₹ घटना के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा और जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की।

खड़गे ने अपने पत्र में कहा कि हम अगले दो दिनों में यात्रा और श्रीनगर में 30 जनवरी को होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए एक विशाल सभा की उम्मीद कर रहे हैं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों के नेता इस दिन होने वाले समापन समारोह में भाग ले रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने शाह को लिखे अपने पत्र में कहा, यदि आप व्यक्तिगत रूप से इस मामले में हस्तक्षेप कर सकते हैं और संबंधित अधिकारियों को यात्रा की समाप्ति और 30 जनवरी को श्रीनगर में होने वाले समारोह तक पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की सलाह दे सकते हैं, तो मैं आपका आभारी रहूंगा। राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि शुक्रवार सुबह यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था ₹पूरी तरह चरमरा गई₹ थी। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि आज सुबह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, दुर्भाग्य से, पुलिस व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और भीड़ को प्रबंधित करने वाली पुलिस कहीं नहीं दिखी। मेरे सुरक्षाकर्मी यात्रा पर मेरे आगे चलने से बहुत असहज थे इसलिए मुझे यात्रा रद्द करनी पड़ी। मेरी पैदल यात्रा अन्य यात्रियों ने पदयात्रा की।

### आप ने मेयर चुनाव टालने के विरोध में निकाली पदयात्रा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेयर का चुनाव बार-बार टालने के विरोध में शनिवार को दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में पदयात्रा निकाली। आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा दिल्ली की एक-एक चीज पर नियंत्रण पाना चाहती है। निगम में 15 सालों के कुशासन से परेशान होकर जब जनता ने आम आदमी पार्टी को बहुमत दिया तो भाजपा को समझ नहीं आ रहा है कि इस सत्ता को वापस कैसे पाया जाए। वह हर हाल में निगम को अपने अंतर्गत रखना चाहते हैं। यही वजह है कि निगम चुनाव के नतीजे आए एक माह से अधिक हो गए है लेकिन भाजपा आप का मेयर नहीं बनने दे रही है। उन्होंने कहा कि अबतक मेयर के चुनाव के लिए दो बार सदन की बैठक हुई है लेकिन भाजपा बार-बार हंगामा करके मेयर का चुनाव नहीं होने दे रही है। यह बेहद शर्मनाक है और जनता के फैसले का अपमान करना है।



### मुगल गार्डन का बदला नाम, अमृत उद्यान होगी नई पहचान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में स्थित मुगल गार्डन का नाम अब अमृत उद्यान कर दिया गया है। अमृत महोत्सव के तहत गार्डन का नाम बदला गया है। अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) में 12 किस्म के ट्यूलिप के फूल होते हैं। अब उद्यान भी हर साल की तरह इस बार भी आम लोगों के लिए खुलने वाला है, जहां लोग ट्यूलिप और गुलाब के फूलों का दीदार कर सकेंगे। हर साल अमृत उद्यान आम लोगों के लिए खोला जाता है, जो अब 31 मार्च को खुलेगा और 26 मार्च तक दो माह तक के लिए खुला रहेगा। गार्डन खुलने का समय 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। 28 मार्च को किसानों के लिए, 29 को दिव्यांगों के लिए, 30 पुलिस और सेना के लिए यह खुलेगा। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक 7500 लोगों के लिए टिकट मिलेगा। उसके बाद 12 से चार बजे तक 10 हजार लोगों को प्रवेश मिलेगा। यह राष्ट्रपति भवन में उद्यान भवन की तरह होगा। उद्यान में 12 तरह के विशेष किस्म के ट्यूलिप के फूल लगाए हैं। गार्डन में सेल्फी प्वांइट भी हैं, साथ ही यहां फूड कोर्ट भी चालू रहेगा। लोग क्यूआर कोड से पौधों के किस्मों की जानकारी ले सकेंगे।

# हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर अडाणी ग्रुप का जवाब: अमेरिकी शॉर्ट सेलर के आरोपों को बताया गलत

## अडाणी ने कहा-रिपोर्ट का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं

**नई दिल्ली।** हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर अब अडाणी ग्रुप का जवाब सामने आया है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने 27 जनवरी (शुक्रवार) को हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर अडाणी ग्रुप के रिस्पांस को कवर करते हुए एक प्रेजेंटेशन दिया। जिसका टाइटल 'मिथ्स ऑफ शॉर्ट सेलर' रखा गया। इसमें अडाणी ग्रुप ने अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के सभी आरोपों को गलत बताया है।



अडाणी ग्रुप ने हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को बोगस बताते हुए कहा कि इस रिपोर्ट का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। यह जानकारी अडानी एग्जेक्यूटिव्स के कांफ्रेंस कॉल में हिस्सा लेने वाले बॉन्डहोल्डर्स ने दी है। अडानी ग्रुप ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर बॉन्डहोल्डर्स के साथ एक कॉल कांफ्रेंसिंग की थी। इस इंवेस्टर कॉल को बार्सलेज, ड्यूश बैंक एजी, मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंसिंग एल ग्रुप और स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने आयोजित किया था। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडानी ग्रुप की कंपनियों पर मार्केट मैनिपुलेशन और फजीवाड़े का आरोप लगाया था। हालांकि, अडाणी ग्रुप ने अब अपने बिजनेस पोर्टफोलियो की एक स्पष्ट तस्वीर देकर रिपोर्ट का जवाब दिया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के कुछ मुद्दों को लेकर अडाणी ग्रुप ने कॉल कांफ्रेंसिंग पर जवाब दिया है। इस कॉल कांफ्रेंसिंग में 'मिथ्स ऑफ शॉर्ट सेलर' के रूप में 18 पेज का एक प्रेजेंटेशन पेश किया गया। ग्रुप का कहना है कि इस मामले में वह जवाब के रूप में शुक्रवार को 100 पेज का एक डोजियर जारी करेगा। अडानी ग्रुप ने निवेशकों से कहा कि अकाउंटिंग फ्रॉड सिर्फ तथ्यों को नजरअंदाज करने के चलते दिख रहा है। अडाणी ग्रुप के प्रेजेंटेशन के अनुसार, हिंडनबर्ग ने टोटल 89 सवाल पूछे हैं। जबकि इनमें से कुछ सवाल ग्रुप के रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन, डीआरआई (डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस) और कोर्ट केसेस के संबंध में हैं। हालांकि, कुल मिलाकर 21 सवाल ऐसे हैं, जिनके बारे में 2 साल के समय में किसी भी रिसर्च का रिजल्ट होने का दावा नहीं किया जा सकता है। क्योंकि उनके बारे में 2015 के बाद से कई पब्लिक डाक्यूमेंट्स में खुलासा किया गया था।

***ग्रुप की 9 लिस्टेड कंपनियों में से 8 के पास 6 बड़े ऑडिटर***

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, प्रेजेंटेशन में जानकारी दी गई कि अडाणी ग्रुप की 9 लिस्टेड कंपनियों में से 8 के पास डेलॉइट हास्किन्स एंड सेल्स, एसआरबीसी एंड कंपनी (एश) और धर्मेश पारिख एंड कंपनी (जॉइंट ऑडिटर), शाह धनधरिया एंड कंपनी, अर्न्स्ट एंड यंग, पीकेएफ, वॉकर चंदिओक एंड कंपनी और के एस राव एंड कंपनी जैसे 6 बड़े ऑडिटर हैं।

***लीवरेज के मुद्दे पर अडाणी ग्रुप ने क्या कहा?***

इसके अलावा लीवरेज के मुद्दे पर अडाणी ग्रुप ने बताया कि उसकी विभिन्न कंपनियों में से 100 को रेटिंग दी गई है। इसके अलावा रेवेन्यू और बैलेंस शीट को आर्टिफिशियल रूप से बढ़ाए जाने या मैनेज करने के संबंध में अडाणी पोर्टफोलियो में 9 लिस्टेड कंपनियों में से 6 कंपनियां रेवेन्यू, कॉस्ट और कैपेक्स के लिए स्पेसिफिक सेक्टर रेगुलेटरी रिव्यू के अधीन हैं। इस बीच गवर्नेंस के मामले में अडाणी की 4 बड़ी कंपनियां उभरते बाजारों, सेक्टर और दुनिया में टॉप 7% पीयर ग्रुप में हैं।

## वित्त मंत्री के 2023-24 में राजकोषीय घाटे को 6 प्रतिशत से नीचे लाने की कोशिश करने की संभावना

**नई दिल्ली।** जैसा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए सरकार का आखिरी पूर्ण बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, वह राजकोषीय समेकन पर ध्यान केंद्रित करने और राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत से कम करने की कोशिश कर सकती हैं।1 फरवरी को, वह राजकोषीय घाटे के आंकड़े को देखने की कोशिश कर सकती हैं, जो कि सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत से बहुत कम है, जो कि 2022-23 के पिछले बजट में लक्ष्य था। पिछले दो वित्तीय वर्षों में, जो कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित थे, घाटा लगभग 10 प्रतिशत के स्तर को छू गया था। राजकोषीय घाटा किसी राष्ट्र की व्यापक आर्थिक स्थिरता का आकलन करने में मदद करता है, जो मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करता है। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि वित्त मंत्री 2023-24 के आगामी बजट में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 5.5 फीसदी और 6 फीसदी के आसपास रख सकती हैं। अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच,



अर्थशास्त्रियों को लगता है कि सरकार के लिए राजकोषीय समेकन के पथ पर बने रहना एक चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि भारत को राजकोषीय समेकन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेज गति से विकास करना होगा, यह देखते हुए कि यह व्यय और राजस्व जुटाने पर तेजी से आगे बढ़ सकता है। सूत्रों ने कहा कि पिछले साल की तरह, बजट में फोकस का एक अन्य क्षेत्र कर संग्रह होगा। चूंकि महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में ढील दिए जाने के बाद व्यवसाय धीरे-धीरे वापस लौट रहे हैं, इसलिए प्रत्यक्ष कर संग्रह में अच्छी वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान, प्रत्यक्ष कर संग्रह ने उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई, क्योंकि यह नवंबर 2022 तक साल-दर-साल आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 8.77 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## बैंक यूनियंस ने 30 और 31 जनवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल स्थगित

**चेन्नई।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 30 और 31 जनवरी को होने वाली देशव्यापी बैंक हड़ताल स्थगित कर दी है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव सी. एच. वेंकटचलम ने बताया कि भारतीय बैंक संघ ने 31 जनवरी को सभी यूनियन के साथ बैठक करने पर सहमति जताई है। बैंक यूनियंस की पांच दिवसीय बैंकिंग समेत कई मांगें हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने मुंबई में हुई सुलह बैठक में बनी सहमति के बाद 30-31 जनवरी को होने वाली दो दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल स्थगित कर दी है। बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के अखिल भारतीय महासचिव सी. एच. वेंकटचलम ने यह जानकारी दी। वेंकटचलम के अनुसार भारतीय बैंक संघ (आईबीए) 31 जनवरी को यूनियनों के साथ बैठक करने पर सहमत हो गया है। शुक्रवार को हुई सुलह बैठक में निर्णय लिया गया कि तीन सामान्य मुद्दों पांच दिवसीय बैंकिंग, पेंशन का अपडेशन और पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर 31 जनवरी को चर्चा की जाएगी।

## आगामी चुनावों के साए में पेश किया जाएगा बजट, अहम कदम उठाए जाने की संभावना

### पिछले कुछ वर्षों में मजबूत गति की तुलना में म्यूट नॉमिनल जीडीपी की वृद्धि कर राजस्व और सरकारी खर्च को बाधित करेगी

**नई दिल्ली।** फिलिप कैपिटल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 के केंद्रीय बजट के राजकोषीय मार्गदर्शन और 2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए एक सख्त कदम उठाने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया, हम वित्त वर्ष 2024 के लिए 5.8-6.0 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023 के 6.2 प्रतिशत पर राजकोषीय घाटा का अनुमान लगाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में मजबूत गति की तुलना में म्यूट नॉमिनल जीडीपी की वृद्धि कर राजस्व और सरकारी खर्च को बाधित करेगी। कैपेक्स, ग्रामीण, सामाजिक, नीतिगत प्रोत्साहन, सब्सिडी और कर/विकास उछाल को शामिल करते हुए एक प्रभावी बजट देने के लिए सरकार के इनोवेशन का परीक्षण किया जाएगा। अगर सरकार राजकोषीय मार्ग के लिए एक आसान धष्टिकोण अपनाती है, तो समग्र विस्तार की उम्मीद की जा सकती है। आगामी बजट में, हम पीएलआई




प्रोत्साहन (नए क्षेत्रों के लिए), आत्मनिर्भर भारत (आयात का प्रबंधन करते हुए विनिर्माण, निर्यात बढ़ाने के लिए), स्थिरता (नवीकरणीय ऊर्जा और वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों की आपूर्ति/मांग के लिए) और बुनियादी ढांचे (रक्षा, रेलवे, बंदरगाह, रसद और सड़कों के लिए) के विस्तार पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार नई आयकर व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। ग्रामीण भारत को वित्तीय सहायता जारी रहेगी, हम किसी भी सार्थक प्रोत्साहन पर नजर रखेंगे। रिपोर्ट में आगे कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि साइक्लिकल्स के साथ अच्छा पूंजीगत व्यय होगा। रक्षा पूंजी परिव्यय, सड़क, मेट्रो परियोजनाओं, आवास और रेलवे के लिए अधिक आवंटन की उम्मीद है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र, रोबोटिक्स, आईटी हार्डवेयर, फुटवियर आदि में पीएलआई विस्तार होने की संभावना है। रेलवे के मॉडल हिस्से में वृद्धि, भंडारण क्षमता में वृद्धि, और कंटेनरों के घरेलू निर्माण के लिए समर्थन द्वारा परिवहन पर ध्यान आकर्षित किया जा सकता है। ऑटो में, हम एफएएमई सहायक का विस्तार और इन्फ्रा और फ्लेक्स-ईंधन वाहनों को चार्ज करने के लिए प्रोत्साहन देख सकते हैं। 2070 तक भारत के नेट जीरो लक्ष्य के साथ, नवीकरणीय (हरित हाइड्रोजन/अमोनिया/सौर/पवन/जैव ईंधन) प्रौद्योगिकियां रडार पर होंगी। वित्त वर्ष 2023 के लिए कुल व्यय नवंबर के अंत तक बजट अनुमान का 62 प्रतिशत था।

## फ्यूचर रिटेल के कार्यकारी चेयरमैन और निदेशक किशोर बियानी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** उद्योगपति किशोर बियानी ने कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के निलंबित निदेशक मंडल के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। यह कंपनी मौजूदा समय में दिवालिया कार्यवाही का सामना कर रही है। फ्यूचर रिटेल ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी के 'कार्यकारी चेयरमैन एवं निदेशक' बियाणी ने अपना त्यागपत्र सौंपा है। अब दिवालिया संहिता के तहत उनके इस्तीफे को ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के समक्ष रखा जाएगा। कंपनी के समाधान पेशेवर को 24 जनवरी, 2023 को ईमेल के जरिये यह सूचना मिली। एफआरएल को बैंक ऑफ इंडिया से मिले कर्ज की चूक करने पर दिवाला कार्यवाही का सामना करना पड़ा।

इस्तीफा देने के साथ ही बियानी ने पूर्व प्रबंधन के पास जो भी जानकारी और डेटा उपलब्ध थे और वे कर्मचारियों या तीसरे पक्ष से प्राप्त डेटा को सौंपने का काम पूरा कर लिया है।

## 2022 में अशनीर ग्रोवर को मिला 1.69 करोड़ रुपये वेतन

**नई दिल्ली।** भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर को वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान वेतन के रूप में 1.69 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। उनकी पत्नी और कंपनी की पूर्व हेड ऑफ कंट्रोल्स माधुरी जैन को उक्त अवधि



के दौरान वेतन मद में 63 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। कंपनी की ओर से एक रेग्युलेटरी फाइलिंग के दौरान यह जानकारी दी गई। बता दें कि पिछले साल की शुरूआत में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद दंपति को कंपनी से बाहर कर दिया गया था। कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान उसके पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुहैल समीर को 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि भारतपे के वर्तमान चेयरमैन और भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व चीफ रजनीश कुमार को पारिश्रमिक के तौर पर महज 21.4 लाख रुपये दिए गए। बता दें कि इसी महीने की शुरूआत में समीर ने भारत पे के सीईओ का पद छोड़ दिया था। कंपनी के अन्य प्रमुख लोगों की बात करें तो संस्थापक और बोर्ड सदस्य शास्वत नकरानी को उक्त अवधि में 29.8 लाख रुपये जबकि निदेशक मंडल के सदस्य केवल हांडा को 36 लाख रुपये का भुगतान किया गया।

## लुमिनस ने उत्तराखंड में सोलर पैनल मैनुफैक्चरिंग प्लांट की घोषणा की

**नई दिल्ली** । पावर साल्यूशंस बिजनेस में इनोवेशन लीडर, लुमिनस पावर टेक्नालाजीज ने उत्तराखंड में अपने नए व आधुनिक सोलर पैनल मैनुफैक्चरिंग प्लांट की घोषणा की। औद्योगिक शहर, रुद्रपुर में स्थित इस आधुनिक प्लांट में आवासीय व कमर्शियल उपयोग के लिए उच्च गुणवत्ता के सोलर पैनल्स का डिजाईन व उत्पादन करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नालाजी मौजूद होगी। यह नया मैनुफैक्चरिंग प्लांट कंपनी के सोलर पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इस साल के अंत तक पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। प्रीति बजाज, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, लुमिनस पावर टेक्नालाजीज ने कहा, हम भारत में अपनी पहली सोलर पैनल सुविधा की स्थापना रुद्रपुर में करने की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।

यह एक स्वच्छ व ज्यादा सस्टेनेबल भविष्य की ओर लुमिनस पावर टेक्नालाजीज के सफर में एक बड़ा कदम है और साल 2070 तक नेट जीरो बनने के प्रधानमंत्री के उद्देश्य के अनुरूप है।

## अडाणी समूह का एफपीओ की कीमत, तारीखों में बदलाव से इनकार

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह ने अपनी अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ) के तहत निर्धारित कीमतों या बिक्री की तारीखों में किसी तरह के बदलाव की संभावना से शनिवार को इनकार किया। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज समेत समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज की गयी है।

समूह के प्रवक्ता ने कहा, अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का एफपीओ निर्धारित समय और घोषित मूल्य दायरे के अनुसार चल रहा है। निर्गम मूल्य के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।" प्रवक्ता ने कहा, "बैंकरों और निवेशकों सहित हमारे सभी हितधारकों को एफपीओ पर पूरा भरोसा है। हम एफपीओ की सफलता को लेकर बेहद आश्वस्त हैं। अडाणी समूह ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट दुर्भावनापूर्ण और फर्जी है और उसके एफपीओ को



नाकाम करने के इरादे से लाई गई है। अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ को शुक्रवार को आवेदन के पहले दिन केवल एक प्रतिशत अभिदान मिला था। यह एफपीओ 31 जनवरी को बंद होगा। शेयर बाजार बीएसई पर उपलब्ध सूचना के अनुसार अडाणी एंटरप्राइजेज लि. के एफपीओ के पहले दिन 4.55 करोड़ शेयर के बदले केवल 4.7 लाख शेयरों के लिए ही बोली आई। कंपनी ने एफपीओ के लिये कीमत दायरा 3,112 से 3,276 रुपये प्रति शेयर रखा हुआ है। हालांकि शुक्रवार को इसका शेयर बीएसई में 2,762.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। खुदरा निवेशकों ने चार लाख शेयरों के लिये आवेदन किये।

## गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों व बढ़ते राष्ट्रीय कर्ज पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** गेहूं के आटे की कीमतें 10 साल के उच्च स्तर पर पहुंचने और अन्य आवश्यक वस्तुओं के भी उत्तर की ओर बढ़ने के साथ, विपक्ष को उम्मीद है कि सरकार केंद्रीय बजट में बढ़ती मुद्रास्फीति की जांच के उपायों की घोषणा करेगी और देश में रोजगार पैदा करने के लिए एमएसएमई के लिए रियायतें भी देगी।विपक्ष सरकार को बढ़ते राष्ट्रीय ऋण पर भी घेरेगा, जो 2014 के बाद से 250 प्रतिशत बढ़ गया है, जब मनमोहन सिंह सरकार थी। कांग्रेस का कहना है कि पिछले नौ वर्षों में प्रति भारतीय कर्ज 43,124 रुपये से बढ़कर 1,09,373 रुपये हो गया है और 2014 की तुलना में यह 2.53 गुना अधिक हो गया है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने आरोप लगाया कि भारत सरकार का कुल बकाया कर्ज, जो 31 मार्च,



2014 को 55.87 लाख करोड़ रुपये था, अब 31 मार्च, 2023 तक बढ़कर 155.31 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, वित्तीय वर्ष 2023 के अंत तक, प्रत्येक भारतीय को 1,09,373 रुपये का ऋण देना होगा, एक ऐसा ऋण जो उन्होंने कभी नहीं लिया। 1947 से 31 मार्च 2014 तक, प्रति भारतीय ऋण 43,124 रुपये था। लेकिन पिछले नौ वर्षों में, प्रति भारतीय ऋण 2014 की तुलना में 2.53 गुना हो गया है। पिछले नौ वर्षों में प्रति भारतीय ऋण में 66,249 रुपये की वृद्धि हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोगों से अपील की थी कि वे अपने घरों से बाहर निकलें और महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा और आरएसएस द्वारा फैलाई गई नफरत के खिलाफ संघर्ष में शामिल हों। उन्होंने कहाः राहुल गांधी ने 7 सितंबर को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी और अब अपने अंतिम गंतव्य के करीब है। मैं सभी से घरों से बाहर निकलने और भाजपा और आरएसएस द्वारा फैलाई गई महंगाई, बेरोजगारी और नफरत के खिलाफ खड़े होने की अपील करता हूं। हालांकि दिसंबर 2022 के लिए थोक मूल्य सूचकांक-आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति लगभग दो साल के निचले स्तर 4.95 प्रतिशत पर आ गई, खाद्य और कच्चे तेल के साथ-साथ पेट्रोलियम की कीमतों में गिरावट के कारण नवंबर 2022 में डब्ल्यूपीआई-आधारित मुद्रास्फीति 5.85 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके कारण वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में गिरावट आएगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों, वस्त्रों और रसायनों और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में गिरावट ने थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट में योगदान दिया है।

## बीएमडब्ल्यू ने भारत में अपनी थर्ड जेनरेशन बीएमडब्ल्यू एक्स1 लॉन्च की

**नई दिल्ली।** लग्जरी कार निमार्ता बीएमडब्ल्यू ने शनिवार को भारत में उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल दोनों वेरिएंट में ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स1 स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल (एसएवी) लॉन्च किया।बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादित, कार 45,90,000 रुपये (पेट्रोल) और 47,90,000 रुपये (डीजल) की शुरूआती कीमतों पर आती है और कंपनी के डीलरशिप नेटवर्क और इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग के लिए उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि बीएमडब्ल्यू एक्स1 (डीजल) की डिलीवरी मार्च से और



बीएमडब्ल्यू एक्स1 (पेट्रोल) की डिलीवरी जून से शुरू होगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने एक बयान में कहा, ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स1 अपने शक्तिशाली बिल्ड और विशिष्ट मस्कुलर डिजाइन के साथ इसकी क्लास और बढ़ाती है। इंटीरियर प्रभावशाली रूप से आधुनिक और डिजिटल है, जो उन्नत कनेक्टिविटी और उपयोग में शानदार आसानी से चिह्नित है। यह सब, अभी भी सबसे फुतीर्ली लक्जरी स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल होने के बावजूद, एक्स1 की सफलता को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए बाध्य है। थर्ड जेनरेशन की ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स1 लक्जरी एसएवी में कई नई विशेषताएं हैं, जिनमें हाई बीम असिस्टेंट के साथ अडैप्टिव एलईडी हेडलाइट्स, बीएमडब्ल्यू कर्व्ड डिस्प्ले के साथ बीएमडब्ल्यू लाइव कॉकपिट प्लस, रिमोट फंक्शन के साथ माई बीएमडब्ल्यू ऐप, कम्फर्ट एक्सेस के साथ डिजिटल की प्लस, पार्किंग और रिवर्सिंग असिस्टेंट, एक्टिव सीट्स, इंस्ट्रूमेंट पैनल लक्जरी, हारमोन कार्डन ऑडियो सिस्टम और भी बहुत कुछ शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी ने उल्लेख किया कि बीएमडब्ल्यू एक्स1 (डीजल) 8.9 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ती है, जबकि बीएमडब्ल्यू एक्स1 (पेट्रोल) 9.2 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ती है।

## संक्षेप

### उच्चतम स्थान पर प्रीमियम सेगमेंट, भारत में 32 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर 5जी फोन

**नई दिल्ली।** प्रीमियम सेगमेंट (30,000 रुपये और उससे अधिक) ने भारत के स्मार्टफोन शिपमेंट में 11 प्रतिशत और 2022 में कुल बाजार राजस्व में 35 प्रतिशत का योगदान दिया, जो अब तक का सबसे अधिक है।काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, सैमसंग ने 2022 में 22 प्रतिशत शेयर के साथ शिपमेंट वैल्यू शेयर के मामले में बाजार का नेतृत्व किया, इसके बाद देश में एप्पल का स्थान रहा। हालांकि, शिपमेंट वॉल्यूम के मामले में, शाओमी ने 2022 में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार का नेतृत्व किया, जिसके बाद सैमसंग का स्थान रहा। 2022 की चौथी तिमाही में शाओमी, सैमसंग और विवो के साथ क्रमशः पहले और दूसरे स्थान से तीसरे स्थान पर खिसक गया। 2022 में 5जी स्मार्टफोन ने 32 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की। सैमसंग 2022 में 21 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला 5जी ब्रांड बन गया। एप्पल ने प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट का नेतृत्व करना जारी रखा, जिसमें आईफोन 13 सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल के रूप में उभरा। शिपमेंट मूल्य के मामले में एप्पल ने 2022 की चौथी तिमाही में भी बाजार का नेतृत्व किया। वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्राचीर सिंह ने कहा, दूसरी तिमाही से उपभोक्ता मांग में गिरावट शुरू हुई जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कई व्यापक आर्थिक मुद्दों जैसे सर्वकालिक उच्च मुद्रास्फीति, बढ़ती बेरोजगारी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अपंग हो गई थी, जो भारत की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रही है। दूसरी तिमाही के बाद चैनलों में इन्वेंट्री बिल्ड-अप के कारण वर्ष की दूसरी छमाही में अपेक्षा से कम शिपमेंट हुआ।

### सिंगापुर ने कहा- क्रिप्टोकरेंसी पर बैन व्यावहारिक नहीं, जोखिम कम करने का प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण सिंगापुर सेंट्रल बैंक ने क्रिप्टोकुरेंसी में व्यापार से उपभोक्ताओं के नुकसान के जोखिम को कम करने के लिए नियामक उपायों का प्रस्ताव पत्र प्रकाशित किया है। सार्वजनिक डोमेन में नियामक उपायों को ध्यान में रखते हुए सिंगापुर के केंद्रीय बैंक ने कहा कि हालांकि क्रिप्टोकरेंसी में व्यापार अत्यधिक जोखिम भरा है और आम जनता के लिए उपयुक्त नहीं है। हालांकि उसने यह भी कहा कि डिजिटल संपत्ति व्यापक डिजिटल परिसंपत्ति पारिस्थितिकीय तंत्र में सहायक भूमिका निभाती है, यही कारण है कि उसका मानना है कि उन पर प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं होगा। केंद्रीय बैंक के एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया है कि क्रिप्टोकरेंसी में सट्टा व्यापार से उपभोक्ताओं को होने वाले जोखिम को कम करने के लिए उसका मानना है कि कि उचित व्यावसायिक आचरण और ₹पर्याप्त जोखिम के मानक₹ सुनिश्चित किया जाएं। ऐसा करने के लिए ऐसी डिजिटल संपत्ति के सेवा प्रदाताओं की आवश्यकता होगी।

### जीआरएसई का समुद्री डीजल इंजन बनाने के लिए रोल्स रॉयस सॉल्यूशंस के साथ करार

**कोलकाता।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने समुद्री डीजल इंजन बनाने के लिए जर्मनी की रोल्स रॉयस सॉल्यूशंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यहां बताया कि इस एमओयू के तहत जीआरएसई के रांची स्थित संयंत्र में समुद्री डीजल इंजन बनाए जाएंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर के समय भारतीय नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल संदीप नैथानी भी मौजूद थे। जीआरएसई के अधिकारी ने एक बयान में कहा, "यह एमओयू समुद्री डीजल इंजन बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण, पेंटिंग, कलपुर्जे लेने और बिक्री के बाद सेवा से संबंधित है। इसे जीआरएसई के रांची स्थित डीजल इंजन संयंत्र में असेंबल किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय कलपुर्जा विनिमार्ताओं को विशेष लाभ होगा। समझौते के तहत एमटीयू एस4000 समुद्री इंजनों को बनाया जाएगा। तीव्र गति वाले गश्ती जहाजों, इंटरसेप्टर नौकाओं और तीव्रगामी पोतों में इस्तेमाल होने वाले इन इंजनों को फिलहाल आयात किया जाता है।

### डीसीबी बैंक ने तीसरी तिमाही में 114 करोड़ का शुद्ध लाभ किया दर्ज

**नई दिल्ली।** डीसीबी बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही(अक्टूबर -दिसंबर 2022) में 51प्रतिशत वृद्धि दर के साथ 114 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है । बैंक के शनिवार को जारी वित्तीय परिणामों के अनुसार पिछले वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी को 75 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। वर्ष 2022- 23 की तीसरी तिमाही में कंपनी का ऋण कारोबार में पिछले साल की तुलना में 21प्रतिशत तथा जमा में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गत 31 दिसंबर 2022 को बैंक की सकल एनपीए कर्ज.के 3.62 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 1.37 के बराबर थी। बैंक का एनपीए का स्तर पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही की तुलना में घटा है। गत 31 दिसंबर 2022 को बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.26 प्रतिशत था। डीसीबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी मुरली एम नटराजन ने तिमाही वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी में कहा, हमारा कार्यप्रदर्शन हमारी योजना और उम्मीद के अनुरूप है। हम आने वाले महीनों में अपनी आए और उत्पादकता बढ़ाना चाहते हैं। हमारे एनपीए कर्ज.लागत और पुनर्गठित ऋणों के मोर्चे पर स्थिति लगातार सुधर रही है।

### सैमसंग इंडिया ने कनॉट प्लेस में सबसे बड़े प्रीमियम एक्सपीरियंस स्टोर खोला

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी सैमसंग इंडिया ने आज दिल्ली के कनॉट प्लेस में उत्तर भारत के अपने सबसे बड़े प्रीमियम एक्सपीरियंस स्टोर का उद्घाटन किया। इस नए एक्सपीरियंस स्टोर में कनेक्टेड लिविंग, स्मार्टफोन, ऑडियो, गेमिंग, लाइफस्टाइल स्क्रीन और वियरेबल्स जैसे मजेदार जोन के साथ सैमसंग के संपूर्ण प्रोडक्ट इकोसिस्टम को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही यहां स्मार्टथिंग्स के साथ इसकी मल्टी-डिवाइस कनेक्टिविटी की झलक भी पेश की गई है। इस स्टोर से खरीदारी करने वाले पहले 500 में से 5 ग्राहकों को गैलेक्सी जेड फोल्ड4 या गैलेक्सी जेड फ्लिप4 जीतने का मौका मिलेगा। वहीं 10,000 रुपये से अधिक खर्च करने वाले पहले 200 ग्राहकों को हर खरीदारी पर निश्चित उपहार मिलेगा। कंपनी के वरिष्ठ निदेशक सुमित वालिया ने कहा, हमें दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक नया सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर खोलकर बेहद खुशी हो रही है। दिल्ली का दिल कहा जाने वाला कनॉट प्लेस नए जोश, विविध संस्कृतियों और समृद्ध विरासत से भरपूर एक लोकप्रिय स्थल है।

### दुनियाभर में स्मार्टफोन की बिक्री घटी:बीते साल भारत में 9% और चीन में 14% कम बिके स्मार्टफोन

बीते साल दुनियाभर में स्मार्टफोन की बिक्री में गिरावट देखने को मिली। दो सबसे बड़े मोबाइल मार्केट में शुमार चीन और भारत में भी यही स्थिति रही। लेकिन, भारत में चीन के मुकाबले कम गिरावट आई। काउंटर पॉइंट मार्केट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2022 के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री 2021 की तुलना में 9% घट गई और 15.2 करोड़ स्मार्टफोन बिके। ये गिरावट मुख्य रूप से एंट्री लेवल और बजट सेगमेंट के फोन में रही। इस दौरान प्रीमियम सेगमेंट की बिक्री में बढ़ोतरी जारी रही। स्मार्टफोन की कुल बिक्री में हिस्सेदारी पहली बार डबल डिजिट यानी 11% पर पहुंच गई। मार्केट की आय में 30,000 रुपए से ज्यादा के स्मार्टफोन की हिस्सेदारी भी बढ़कर 35% हो गई, जो एक रिकॉर्ड है। सबसे बड़े मोबाइल मार्केट चीन में लगातार पांचवें साल स्मार्टफोन की बिक्री घटी है। बीते साल 14% गिरावट के साथ स्मार्टफोन की बिक्री दशक के निचले स्तर पर आ गई। सभी बड़े ब्रांड की बिक्री में गिरावट रही। बिक्री 3% घटने के बावजूद एपल ने ओप्पो को पीछे छोड़ते हुए चीन में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। स्मार्टफोन की बिक्री में 5जी फोन की हिस्सेदारी 2021 के 19% से 2022 में बढ़कर 32% हो गई। 21% हिस्सेदारी के साथ सैमसंग अव्वल रहा। कमाई में भी स्मार्टफोन की बिक्री में इसकी 22% हिस्सेदारी रही।

# पशु तस्करों ने सेंवई नाले पर फेंका दस गोमुंड, धड़ गायब

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के पटैला बाजार के पास सेंवई नाले के तट पर शनिवार को दस गोमुंड पड़ा देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे व क्षेत्राधिकारी शाहगंज चोब सिंह मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में सभी गोमुंड बोरे में भरकर वहां से हटवा दिया गया। सीओ ने घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात पशु तस्करों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लेने का दावा किया।

शनिवार की सुबह कुछ ग्रामीण नाले के किनारे अपना मवेशी चरा रहे थे तभी उनकी नजर तट पर फेंके गए गोमुंडो पर पड़ी। वे शोर मचाने लगे तो गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल के बगल बान्हदैत्य बाबा का प्राचीन मंदिर भी स्थित है। इसके बगल गोमुंड फेंके जाने से मामला धार्मिक रंग लेने लगा।

समय रहते पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला गोमुंड वहां से हटवा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोहत्या कहीं दूसरी जगह कर मुंडी यहां लाकर फेंका गया है। घटना को अंजाम देने वाले तस्करों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### महजूदा में नायब तहसीलदार ने हटवाया अवैध अतिक्रमण

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर सुरियावां क्षेत्र के महजूदा गाँव में नायब तहसीलदार ने शनिवार को गाँव की आराजी संख्या 248 में किये गए अतिक्रमण व खोले गए व्यावसायिक प्रतिष्ठान से अवैध अतिक्रमणकर्ताओ का कब्जा हटाया साथ ही मौके पर अवैध तरीके से बना कमरा व दस ट्रक बालू ग्राम प्रधान को सुपुर्द किया। ग्राम सभा महजूदा की लगभग सत्तर बीघे सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण के मामलें की शिकायत ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने जिलाधिकारी गौरांग राठी को शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया था, ग्राम प्रधान की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम भदोही व तहसीलदार को तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय में पुलिस व राजस्व व खनन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुँच कर आराजी संख्या 248 जो की राजस्व अभिलेख में ऊसर के नाम से दर्ज हैं उक्त भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओ ने अवैध तरीके से कमरा बनाकर व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोल लिया था। पुलिस व राजस्व टीम ने अवैध अतिक्रमण कर्ताओ का कब्जा हटवाकर अवैध निर्मित एक कमरे में ताला लगाया व मौके पर मौके पर रखी 10 ट्रक बालू सीज कर ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर दिया।

## छापेमारी कर एक दर्जन लोगों के बिजली कनेक्शन काटे

**खेतासराय।** अधीक्षण अभियंता अरबी राय के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने शनिवार को नगर में छापेमारी की। इस दौरान चार लोग अवैध रूप से घर में से तार खींचकर दुकान में अवैध रूप से उपयोग करते पकड़े गए। चार दुकानदारों और बिल जमा न करने वाले आठ बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। बिजली विभाग की टीम दोपहर में नगर के गोलाबाजार पहुंची। टीम के पहुंचते ही अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान चार दुकानदार अपने घर से दुकान में बिजली खींचकर उपयोग करते पकड़े गए। टीम ने चारों दुकानदारों को हिदायत देते हुए कनेक्शन काट दिया। वहीं लंबे समय से बिल का भुगतान न करने पर आठ बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। टीम में एसडीओ अजीत कुमार यादव, जेई पुनीत सिंह, जेई संतोष कुमार यादव, लाइन मैन दयाराम समेत अन्य विद्युत कर्मचारी रहे।

# बच्चे होंगे शिक्षित तो देश का होगा विकास : डॉ. सुषमा

कार्यक्रम

**विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बेटियों की शिक्षा दीक्षा पर दिया गया बल**


वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के गांव समसपुर स्थित स्व. नन्हकू यादव शिक्षण संस्थान में विद्यालय का वार्षिकोत्सव तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षित व संस्कारित होंगे तो देश व समाज का विकास होगा। शिक्षा ही देश की पहचान है। युवा ही देश के भविष्य है। कहाकि बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में शिक्षक के साथ ही माता पिता को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में नाटक के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर बेटियों की शिक्षा पर बल दिया गया।

छात्र-छात्राओं में प्रिया सिंह, प्रियंका यादव, साक्षी, अनमोल, आयुषी, नव्या, महक साहू, काजल साहू, तनु सिंह, प्रियांशी, अनुपमा व सचिन आदि ने देश भक्ति, धार्मिक, पंजाबी नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य, होली गीत पर नृत्य तथा दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या व बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। रिया मिश्रा व आयुषी ने स्वागत गीत तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। अध्यक्षता एडवोकेट राम शिरोमण यादव तथा संचालन शैलेंद्र यादव ने किया। प्रबंधक विनोद यादव तथा प्रधानाचार्या सीमा यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

इस मौके पर शैलेंद्र साहू, सुनीता साहू, सरिता, माधुरी, रामकृपाल, डब्लू सिंह, महेंद्र यादव, लाल बहादुर व वीरेंद्र कुमार बिंद आदि मौजूद रहे।

## वाट्स ऐप पर स्टेटस लगाने की बात को लेकर मारपीट में चार घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के अमरा गांव में वाट्सअप पर स्टेटस लगाने की बात को लेकर जम कर मारपीट हो गई जिसमें चार युवकों को गंभीर चोट आई वहीं इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। गांव के रहने वाले रितिक राय, अनमोल राय, शिवम राय, इंद्रेश राय से गांव के ही एक जाति के लोगों से वाट्सअप पर स्टेटस लगाने की बात को लेकर कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था। आरोप है कि यह चारों शनिवार की सुबह गांव के भट्ठे के तरफ खेत देखने गए थे तभी करीब पच्चीस की संख्या में एक वर्ग के लोग इकठ्ठा होकर आए और जम कर लाठी और ईट बरसाया जिसमें अनमोल राय, रितिक राय, शिवम राय, इंद्रेश राय को चोट आई वहीं करीब दो दर्जन लोग थाने पर घायलों को लेकर पहुंचे पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक अस्पताल चोरसंड पर भेजवाया। गांव में तनाव व्याप्त है। इस बारे में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया गया है जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

## प्रभारी बीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण


विकास कार्यों का निरीक्षण करते प्रभारी बीडीओ

**गौराबादशाहपुर।** प्रभारी बीडीओ धमार्पुर संजय श्रीवास्तव ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर जमीन हिसामपुर में प्रशासन द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो की जमीनी हकीकत भ्रमण कर जानी। प्रभारी बीडीओ श्री श्रीवास्तव ने शनिवार को ग्राम पंचायत रामपुर जमीन हिसामपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने आवास, शौचालय, कंपोजिट विद्यालय व पंचायत भवन के लिए चयनित स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने पंचायत भवन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराने का निर्देश सचिव स्वतंत्र कुमार व ग्राम प्रधान उमानाथ यादव को दिया। कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान एमडीएम का भोजन रोस्टर के अनुसार बना मिला।

विद्यालय कैम्पस के अंदर लगे ट्रांसफार्मर को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने हटवाने के लिए प्रभारी बीडीओ से आग्रह किया। जिस पर उन्होंने बिजली विभाग की मदद से ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए सचिव को निर्देश दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान उमा नाथ यादव व सेक्रेटरी स्वतंत्र कुमार मौजूद रहे।

# मौसमी बीमारियों के प्रति लोगों को किया जागरूक

आयोजन

**जरूरत मंद महिलाओं को सवा सौ कंबल वितरित**

जनसंदेश न्यूज


जरूरतमंद को कम्बल वितरित करती ग्राम प्रधान

**करंजाकला।** सरायख्वाजा गांव के ग्राम प्रधान के आवासीय परिसर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया और उन्हें मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

सरायख्वाजा की ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह के आवास परिसर के मैदान मे कंबल वितरण एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया जिसका आयोजन यूनिवर्सल चैरिटेबल ट्रस्ट अकबरपुर अंबेडकरनगर द्वारा किया गया था जिसमें सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सवा सौ जरूरतमंदों का चयन सूचीबद्ध किया गया और भाजपा नेता राज्यमंत्री के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्चू की अध्यक्षता में कंबल वितरण किया। प्रधान रैना संतोष सिंह ने कंबल वितरित किया। इनके साथ ही डॉक्टर राजेश्वर सिंह, डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मौसम का बदलाव है और मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ेगा। इससे बचाव जरूरी है। बचाव के उपाय बताए। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के प्रतिनिधि अजय सिंह ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उन्होने कहाकि महिलाओं को स्वरोजगार का सृजन करे, सरकार आर्थिक मदद करेगी। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर राजेंद्र प्रसाद सिंह, इंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार अस्थाना, सुरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, घनश्याम सिंह मौजूद रहे। प्रधान रैना संतोष सिंह ने यूनिवर्सल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों के सहयोग कदम की सराहना की।

## कोटिलासन मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस

**सुजानगंज।** क्षेत्र के पूराराम सहाय (चवरिया) ग्राम सभा स्थित सई नदी के किनारे कोटलासन मंदिर पर शुक्रवार के दिन देर शाम स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहाकि आज लोगों में खास तौर पर नवयुवक वर्ग के लोगों में जिस प्रकार देवी-देवताओं के प्रति आस्था बढ़ी है।यह हिंदू समाज के लिये प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। हमारा देश पौराणिक काल से ही देवी देवताओं के प्रति आस्था रखने वाला देश है। यहां पर सभी वर्ग के लोग अपने अपने धर्म अनुसार देवी देवताओं में आस्था रखते हैं। इस मौके पर श्याम सुंदर कोटेदार, राजू श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, दान बहादुर, ममता सिंह ग्राम प्रधान, रमाशंकर सिंह, दारा सिंह, गुड्डू सिंह, डॉ. चौहान, दिनेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए हुए आगंतुकों का प्रधान पति विनय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### समाधान दिवस : साल भर से रास्ते के विवाद का नहीं हो पाया निस्तारण



**खेतासराय।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम अंकित कुमार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल नौ फरियादियों ने प्रार्थना-पत्र दिए। जिसमें तीन मामले का निस्तारण किया गया। पोरईखुर्द गांव से पहुंची फरियादी कमला पत्नी स्व.बहादुर एक साल से लगातार हर समाधान दिवस पर प्रार्थना देते आ रही है। पुलिस प्रशासन ने मामले का निस्तारण के लिए प्रयास किया लेकिन आज तक इस महिला फरियादी के रास्ते के विवाद का निस्तारण नहीं हो पाया। इस महिला के मामले के साथ अन्य मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के रया गांव में कुंवर साहब सिंह के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा के दूसरे दिन श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य कथावाचक आचार्य दिलीप शास्त्री महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन के विकार नष्ट हो जाते हैं। यह श्रीमद् भागवत कथा के सारांश में मनुष्य के जीवन जीने का बहुत बड़ा महत्व बताया गया है। कथा में मंगलाचरण, सुखदेव जी का जन्म, व्यास जी द्वारा भागवत निर्माण, महाभारत की कथा आदि पर विस्तार से चर्चा कर श्रोताओं को रसपान कराया। कथा के पूर्व मुख्य यजमान सरोजा देवी पत्नी कुंवर साहब सिंह ने भगवान बेदी पर पर धूप माला आदि से पूजा पाठ कर कथा की शुरूआत करवाई। इस अवसर पर सौरभ सिंह सैनी, नंदकिशोर, विपिन सिंह, राय साहब सिंह आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### राजस्वकर्मियों के साथ डीएम व एसपी ने थाना चौरी पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**ज्ञानपुर।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से राजस्वकर्मियों के साथ थाना चौरी पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। यशवंत सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) व राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना ऊंज पर जनसुनवाई की गई। समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों को दोनों पक्षों के समक्ष ही बना कर उनके हस्ताक्षर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-94 प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया एवं 26 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई।

### सेंट मेरिज स्कूल में मनाया गया एनुअल फेट 2023



**भदोही।** नई बाजार में स्थित सेंट मेरिज स्कूल में शनिवार को एनुअल फेट-2023 का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ.विनोद सोनकर शास्त्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सेंट मेरिज स्कूल के प्रांगण में आयोजित किए गए एनुअल फेट में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भी तमाम प्रकार के खाने-पीने वाले सामानों की दुकानें सजाई गई थी। वहीं उनके द्वारा गेम्स के भी स्टाल लगाए गए थे। एनुअल फेट में छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल होने के लिए पहुंचे। छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में लगे सभी स्टालों को घूम-घूमकर देखा। वहीं बच्चों तथा टीचर्स द्वारा बनाए गए तमाम प्रकार के व्यंजनों को खरीदकर उसका जमकर लुत्फ उठाया। सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों ने वहां पर बनाए गए व्यंजनों की खूब तारीफ की। एनुअल फेट में बच्चों ने खूब धमाल मचाते हुए उसका भरपूर आनंद लिया। मुख्य अतिथि डॉ.विनोद सोनकर शास्त्री ने उद्घाटन के बाद विद्यालय प्रांगण में लगे स्टालों का अवलोकन किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल फादर आनंद लाकरा, सिस्टर रेनू, सिस्टर फ्लोरेंसिया, नीरज मिश्र, मुमताज अंसारी बबलू, वसीम अंसारी, सिद्धार्थ सोनकर शास्त्री व सुभाष चंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# इन्वेस्टर्स समिट में 1129.15 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

बोले डीएम

**"उ.प्र.ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023" मनाये जाने के क्रम में "एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट" का एकमा सभागार में हुआ आयोजन**

**जनपद में उद्यमियों के सहयोग के लिये प्रशासन प्रतिबद्ध**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले उ. प्र.ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 मनाये जाने के निर्देश के क्रम में शनिवार को जनपद में एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट का आयोजन एकमा सभागार भदोही में किया गया। इंवेस्टर्स समिट का शुभारम्भ विधायक औराई दीना नाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह व एकमा सचिव असलम महबूब के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के निवेशक व उद्यमी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक औराई दीना नाथ भास्कर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन होने वाला हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जनपदों की भाति जनपद भदोही में भी इसका आयोजन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि इंवेस्टर्स समिट केन्द्र एवं प्रदेश के साथ ही जनपद की आर्थिक विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन करके प्रदेश में उद्यमियों को निवेश करने लिये आमंत्रित किया जा रहा हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की जो भी समस्याये हो, चाहे जमीन से सम्बनिधत हो या अन्य कोई भी समस्या हो तो उसका हर सम्भव प्रशासनिक मदद कराया जायेगा। इन्वेस्टर्स समिट के तहत 92 उद्यमियों द्वारा 1129.15 करोड़ का निवेश का प्रस्ताव दिया गया, जिसमें 8721 व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है।



### बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाया गया स्टाल रहा आकर्षण का केंद्र

**भदोही।** उ.प्र.ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 मनाये जाने के क्रम में एकमा सभागार में लगाये गए एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा टी एल एम का लगाया गया स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में पहुंचे निवेशक व उद्यमी स्टाल पर जाने से अपने को रोक न सके। प्राथमिक विद्यालय मरियादपट्टी नगर क्षेत्र भदोही के बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक टीएलएम बनाकर लगाया गया था। जो यह दर्शा रहा था कि बच्चों को पढ़ाने के लिए कितने आसान तरीके अपनाए जा सकते हैं। इस दौरान बीईओ चन्द्र शेखर आजाद, जिला समन्वयक शिवम सिंह, एआरपी विनोद सिंह, बीएल पाल, गुलाब साबिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म कर वीडियो बनाने की घटना के सम्बन्ध में गत 26 जनवरी को प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा-376 भा.द.वि., 3/4 पॉक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी।डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त शकील खां पुत्र स्वर्गीय पीर मोहम्मद निवासी सिंहपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# एसपी ने किया कोतवाली भदोही का निरीक्षण, दिए निर्देश

जायजा

**थाना कार्यालय, परिसर भोजनालय, शस्त्रागार, व महिला हेल्प डेस्क आदि का भ्रमण कर, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**वार्षिक निरीक्षण के उपरांत थाना समाधान दिवस के अवसर पर की गई जनसुनवाई**

जनसंदेश न्यूज


कोतवाली भदोही का निरीक्षण करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**भदोही।** शनिवार को डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा कोतवाली भदोही का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। थाना परिसर में खड़े वाहनों के नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। वार्षिक निरीक्षण के उपरांत एसपी द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को भी सुना गया। जनसुनवाई के दौरान शिकायतों को सुनते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

# बिजली विभाग के चेकिंग अभियान में 6 लोगों पर एफआईआर

कार्रवाई

**बिजली विभाग की टीम ने 56 लोगो का कनेक्शन काटा 23 लाख 94 हजार रुपए वसूला समन शुल्क**

जनसंदेश न्यूज


कोट बाड़ा में अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में जांच करते विद्युत कर्मी

**भदोही।** बिजली विभाग ने शनिवार को अभियान चलाकर भदोही नगर के लगभग सभी मोहल्लों में सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान बिजली विभाग की टीम ने 56 लोगो का कनेक्शन काटा , 23 लाख 94 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया। आधा दर्जन लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया गया।

अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने जमुन्द, कोटबाड़ा, स्टेशन रोड, पीरखनपुर आदि इलाके में चेकिंग की, चेकिंग के दौरान 16 लोगो का कनेक्शन कटा, वसूली 7.75 लाख व एफआईआर दो लोगो पर किया गया। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने रजपुरा, चौरी रोड, पिपरिस, निदुर, बौलिया में चेकिंग की, 17 लोगो का कनेक्शन काटा 5.25 लाख रुपए की वसूली की साथ ही तीन लोगो पर एफआईआर दर्ज किया गया। अवर अभियंता सुजीत पटेल ने काजीपुर, दरोपुर, सहबाबाद में चेकिंग करते हुए 16 लोगों का कनेक्शन काटा, 7.38 लाख की वसूली की।

इसी तरह अवर अभियंता मनोज कुमार ने घमहापुर,नई बस्ती में चेकिंग करते हुए सात कनेक्शन काटा साथ ही 3.56 लाख रुपये की वसूली किया व एक पर एफआईआर दर्ज कराया। बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में अफरा तफरी मची रही। कई जगह लोग अपने कनेक्शन आदि ठीक करते देखे गए।



# ‘दो कॉरपोरेट घरानों में वर्चस्व की लड़ाई से भूचाल’

**अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग के एक घराने के खिलाफ प्रतिकूल खबर ने भी किया बवाल**

**अडाणी समूह के दबाव के साथ-साथ आम बजट की चिंता भी गिरा रही है बाजार को**

**एलआईसी में लाए गए आईपीओ के चलते खतरे में देश का सबसे बड़ा वित्तीय संस्थान**

**सरकार के समक्ष राजकोषीय घाटे पर काबू करने व जन योजनाओं को बढ़ाने की चुनौती**

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार काला दिन साबित हुआ। शेयर धड़ाम हुए तो निवेशकों की लुटिया डुबी। वैसे भी आम बजट के पूर्व शेयर बाजार में उथल-पुथल होती है। लेकिन यह उथल-पुथल इतनी नहीं होती, जितनी की शुक्रवार को देखने-सुनने-पढ़ने को मिली। बाजार विशेषज्ञ शेयर बाजार के लिए ब्लैक फ्राइडे साबित होने के पीछे कई कारण मानते हैं। सबसे बड़ा कारण ‘दो कॉरपोरेट घरानों के बीच वर्चस्व की लड़ाई’ मानते हैं। कहते हैं कि जिस तरह से एक कॉरपोरेट घराने के शेयर तेजी से बढ़ रहे थे, उससे दूसरे कॉरपोरेट घराने में बेचैनी का आलम था। यहीं वजह रहा है कि देश के मजबूत दो धनकुबेरों के बीच वर्चस्व की लड़ाई गुपचुप तरीके से सामने आ रही है। इसके लिए शेयर बाजार के कंधे का इस्तेमाल किया गया। कहा तो यहां तक जा रहा है कि एक कॉरपोरेट घराने ने दूसरे कॉरपोरेट घराने की लुटिया डुबोने के लिए एक विदेशी शोध एजेंसी का सहारा लिया। जब विदेशी शोध एजेंसी की रिपोर्ट सामने आयी तो भारतीय शेयर बाजार में भूचाल आ गया, जो बीते शुक्रवार को देखने और सुनने को मिला। अब निवेशकों की निगाहें सोमवार पर टिकी हुई हैं कि उस दिन स्टॉक मार्केट किस तरह रिएक्ट करेगा।

## भारतीय शेयर बाजार का हाल

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को आयी भारी गिरावट क्या केवल अडाणी समूह से संबंधित है या इस गिरावट के पीछे कुछ अन्य कारण भी है? पर क्या यह गिरावट निवेशकों के लिए नये अवसर ला रही है? विशेषज्ञों का कहना है कि एक घराने अडाणी समूह की कंपनियों के बारे में अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की प्रतिकूल खबर के चलते बीते शुक्रवार न केवल इस समूह के शेयरों में, बल्कि पूरे बाजार में भारी बिकवाली का दबाव दिखा। अडाणी समूह के कई शेयरों में निचले सर्किट लग चुके हैं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अडाणी समूह के दबाव के साथ-साथ आम बजट की चिंता भी शेयर बाजार को गिरा रही है। एलआईसी में लाए गए आईपीओ के चलते देश का सबसे बड़ा यह वित्तीय संस्थान भी खतरे में पड़ गया है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के समक्ष राजकोषीय घाटे पर काबू करने और जन-कल्याण योजनाओं को आगे बढ़ाने की दोहरी चुनौती भी जो होगी। भारतीय शेयर बाजार में यह उथल-पुथल अभी कुछ दिन और रहने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि ‘अडाणी समूह के एफपीओ से पहले डेरिवेटिव बाजारों में बिकवाली सौदों (शॉर्ट सेल) के संगठित हमले ने भारतीय बाजार में निवेशकों के आत्मविश्वास को हिला दिया है।’ वे कहते हैं कि बाजार में कारोबारियों (ट्रेडरों) के लिए सटीक समय ही सब कुछ है। अडाणी का एफपीओ आने और इस समूह पर नकारात्मक रिपोर्ट ने कारोबारियों को इस स्थिति का लाभ उठाने में मदद की है।

बैंकों पर इसलिए प्रभाव पड़ा है कि क्योंकि उन्होंने अडाणी समूह को कर्ज दे रखा है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वैसे भी शेयर बाजार में बजट पूर्व घबराहट और वैश्विक बाजारों की उथल-पुथल का असर दिख रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में बीते शुक्रवार की गिरावट अडाणी समूह के बारे में आयी निगेटिव रिपोर्ट और आगामी बजट से जुड़ी घबराहट, दोनों का मिला-जुला नतीजा है। बाजार को यह डर है कि कर (टैक्स) प्रावधानों में कुछ फेरबदल किया जा सकता है। लेकिन बाजार में स्थिरता आ जायेगी।

## हिंडनबर्ग ने ली अडानी से टक्कर?

*बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका की एक इनवेस्टमेंट रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी गौतम अडाणी को हिला दिया है। इस रिसर्च फर्म ने अडाणी समूह पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अडाणी समूह की कंपनियां गले तक कर्ज में डूबी हुई हैं। साथ ही ये भी कहा गया है कि अडाणी समूह दशकों से स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड में शामिल है। इस रिपोर्ट के आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट का दौर जारी है।*

## शेयर बाजार का खेल ‘शेयरबाज’ ही जानें



शेयर बाजार का खेल घुटे हुए ‘शेयरबाज’ ही जान सकते हैं। अनाड़ी खिलाड़ी तो शेयर बाजार में औंधे मुंह गिर जाता है और घाटा उठाता है। इसलिए शेयर बाजार में निवेश करने के पूर्व जांच-परख करना आवश्यक है। यह वैसे हैं, जैसे आप बर्तन खरीदने के पहले खूब ठोक-बजाते हैं। रहीं बात बीते शुक्रवार को शेयर बाजार में आयी भारी गिरावट की तो यह तो मैं भी समझ नहीं पा रहा हूं। लेकिन बाजार में जो चर्चा है कि अडाणी ग्रुप के खिलाफ आए निगेटिव रिपोर्ट के चलते शेयर बाजार धाराशायी हुआ है। हो सकता है कि यह सच भी हो। मुझे तो लगता है कि आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते मार्केट में भूचाल आया है। अब सरकार कह रही है कि इसे जल्द ही मैनेज कर लिया जाएगा। लेकिन उन निवेशकों का क्या होगा, जिनका पैसा डूब गया है। वैसे भी निवेशकों को अपनी गाढ़ी कमाई को खूब-सोच समझ कर बाजार में लगाना चाहिए।

**आरबी चौबे, अध्यक्ष-यूपी बैंक कर्मचारी संघ वाराणसी जिला**

## शुरू से ही हो रहा था एलआईसी में आईपीओ का विरोध



भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जब आईपीओ लाया गया था, तो उसका कर्मचारी संगठनों ने जबर्दस्त विरोध किया था। कर्मचारी संगठन जानता था कि जब देश की सबसे बड़ी इस वित्तीय संस्था में आईपीओ का शुभारंभ हो जाएगा तो जनता का पैसा सुरक्षित नहीं रहेगा। क्योंकि पीपीपी मॉडल पर आईपीओ लाया गया और बाजार में इसे ओपेन कर दिया गया। पीपीपी मॉडल पर आईपीओ लाने का मतलब ही होता है कि एक पूंजीपति या एक कॉरपोरेट घराने का वर्चस्व होना। जब आईपीओ लाया गया था तो एलआईसी के साथ-साथ अन्य सरकारी कर्मचारियों को इसकी खरीदारी करने को कहा गया था, लेकिन एलआईसी के कर्मचारियों ने ऐसा नहीं किया, क्योंकि वह जानता था कि जब पीपीपी मॉडल पर इसे लाया जा रहा है तो एक न एक दिन यह धड़ाम होगा और हुआ भी यहीं। करीब 850 रुपये का शेयर भाव वर्तमान में 500 रुपये के नीचे चला गया है। वैश्विक बाजार में एलआईसी की अपनी गहरी साख है, लेकिन अब उस साख पर बट्टा लग चुका है। एलआईसी ने करीब 50 हजार करोड़ रुपये अडाणी ग्रुप को उधार दिए थे, जो अब डूबने के कगार पर है। बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार को अडाणी ग्रुप का करीब चार लाख करोड़ रुपये से अधिक शेयर बाजार में डूब गया। माना जा रहा है कि ऐसे में एलआईसी पर वित्तीय संकट गहराने लगा है। हालांकि पॉलिसी होल्डर को अभी घबराने की जरुरत नहीं है। उनको फिलहाल धैर्य रखने की आवश्यकता है।

**नारायण चटर्जी अध्यक्ष-वाराणसी डिवीजन इंश्योरेंस इम्प्लाइज एसोसिएशन**

## प्रतिकूल रिपोर्ट ने डुबोयी निवेशकों की लुटिया



‘एशिया के सबसे धनी उद्यमी की कंपनियों के बारे में एक प्रतिकूल शोध रिपोर्ट आने से भारतीय शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को तेज गिरावट आई। इस समूह को कर्ज देने वाले बैंकों पर जोखिम बढ़ने से बैंकिंग शेयरों पर भी असर देखा जा रहा है। निजी बैंकों की तुलना में सार्वजनिक बैंकों पर इसकी मार अधिक पड़ी।’ अमेरिकी हिंडनबर्ग कंपनी ने अडाणी ग्रुप के बारे में जो प्रतिकूल रिपोर्ट दी है, उसमें करीब 58 सवाल पूछे गये ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी से? चर्चा है कि एक भी सवाल के संतोषजनक जवाब ग्रुप की तरफ से सामने नहीं आए। यहीं वजह रहा कि शेयर बाजार में भूचाल आया और सबसे अधिक अडाणी ग्रुप का स्टॉक टूटा। माना जाता है कि अडाणी ग्रुप को करीब चार लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। अडाणी ग्रुप ने स्टॉक मार्केट में बीते शुक्रवार को ही करीब 1500 से लेकर 1550 रुपये का नया एसपीओ लेकर आए थे। नये शेयर होल्डर ने ताबड़तोड़ खरीदारी की और अब शेयर बाजार में हुए उथल-पुथल के चलते उनको जबर्दस्त घाटा उठाना पड़ा। बता दें कि अदाणी समूह की प्रतिनिधि कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज बीते शुक्रवार को ही 20,000 करोड़ रुपये का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) लेकर आई, लेकिन हिंडनबर्ग रिपोर्ट के असर में उसके शेयर 18.52 फीसदी तक धराशायी हो गए। इसी तरह अदाणी पोर्ट्स 16 फीसदी, अदाणी पावर पांच फीसदी, अदाणी ग्रीन एनर्जी 19.99 फीसदी और अदाणी टोटल गैस 20 फीसदी तक लुढ़क गईं। वैसे ही शेयर बाजार का खेल जोखिम भरा होता है। आगामी आम बजट के पूर्व भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। इस मार्केट इस कदर टूटेगा, किसी को अंदेशा नहीं था। यह सब अडाणी ग्रुप के खिलाफ आए प्रतिकूल रिपोर्ट का ही असर रहा कि मार्केट इतना अधिक टूटा।

**बृजेंद्र सिंह निदेशक-विश्वसनीय शेयर और निवेश**

## आमतौर पर बजट पूर्व होती रही शेयर बाजार में उथल-पुथल



आमतौर पर आने वाले केंद्रीय आम बजट के पूर्व भारतीय शेयर बाजार में उथल-पुथल देखने को मिली रही है। यह सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है। इस बार भी कुछ ऐसा ही अंदेशा था, क्योंकि बजट भले ही एक फरवरी को पेश को होगा, लेकिन बजट बनकर तैयार हो चुका है और बजट में क्या है, तमाम कॉरपोरेट घरानों और बड़े पूंजीपतियों को इसकी भनक लग जाती है। इसका असर शेयर बाजार पर दिखने लगता है। आगामी बजट को लेकर जो बात छनकर सामने आ रही है, वह है कि आने वाला बजट कॉरपोरेट घरानों के लिए फायदेमंद नहीं रहेगा। माना जा रहा था कि इसके चलते शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है। लेकिन भारतीय शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को जो हुआ, वह अप्रत्याशित रहा। हाल के वर्षों में इतनी बड़ी गिरावट देखने को नहीं मिली थी, जो अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद हुई। एक कॉरपोरेट घराने यानी अडाणी ग्रुप के खिलाफ हुई प्रतिकूल टिप्पणी ने शेयर बाजार को हिला कर रख दिया। ऐसे में निवेशकों को धैर्य रखने की आवश्यकता है। वैसे भी निवेशकों को चाहिए कि वे सीधे निवेश न करें। बल्कि निवेश करने के पूर्व अपने कर सलाहकार से अवश्य राय-मशविरा कर लिया करें। हमारे समझ से शेयर बाजार के बजाय म्युचुअल फंड में निवेश करना न सिर्फ मुनाफे का सौदा होता है, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से ही सही होता है। निवेशकों को कम अवधि के बजाय लंबी अवधि में निवेश करना चाहिए। लेकिन लोग जल्द से जल्द धनवान बनने के लालच में कम अवधि वाले शेयर में निवेश करते हैं और यहीं गच्चा खा जाते हैं।

**जय प्रधवानी पूर्व अध्यक्ष-दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली वाराणसी शाखा**

## शेयर बाजार की मौजूदा स्थिति से निवेशक घबराएं नहीं : विशेषज्ञ

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार की यह प्रकृति है कि वह नीचे जाने के बहाने खोजता है और हिंडनबर्ग रिपोर्ट ऐसा ही एक बहाना है। पर निवेशकों के लिए सबसे बड़ा सवाल है कि अभी उन्हें करना क्या चाहिए? शेयर बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए, पर साथ ही बहुत आक्रामक भी नहीं होना चाहिए। छोटी मात्राओं में खरीदारी करने का यह अवसर है। परंतु खरीदारी के लिए रणनीति बनाने की जरुरत है। निवेशकों को संयम बरतते हुए सावधानीपूर्वक खरीदारी खरीदारी करने की रणनीति पर चलना चाहिए। शेयर बाजार की तुलना में म्युचुअल फंड में निवेश न सिर्फ फायदेमंद बल्कि सुरक्षित भी माना जाता है। ऐसे में निवेशकों को शेयर बाजार के साथ-साथ म्युचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। इसके लिए 40 :60 का तुलनात्मक रेसियो बनाना होगा। ताकि शेयर बाजार में झटका लगने पर वे सदमे में न हो और संभलने का मौका मिल सके। निवेशकों को यह सदैव करना चाहिए।

# गणतंत्र दिवस पर नगर में रही ध्वजारोहण की धूम

## पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मना गणतंत्र दिवस



**वाराणसी।** पॉपुलर कालेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बच्छाव में 26 जनवरी को 74वां गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण संस्थान के चेयरमैन डा. एके कौशिक व संस्थान के एकेडमिक डीन सह प्राचार्य प्रो. सुधाकर ने किया। चेयरमैन ने कहा कि हम सभी देशवासियों को भारत का नागरिक होने पर गर्व है। डीन सह प्राचार्य ने नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के विषय में बताया। इस अवसर पर नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल विद्यार्थियों ने परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत देशभक्ति भाषण, गायन, नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में चेयरमैन डा. एके कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. किरन कौशिक, एकेडमिक डीन सह प्राचार्य प्रो. सुधाकर ए. डा. पर्थ वरडे(मेडिकल सुपरिटेंडेंट पापुलर हास्पिचल) उप प्राचार्य डा. जानसी रानी टी, एसोसियेएट प्रो. अनुराग सिंह, सनी डेनियल समेत काफी लोग मौजूद थे।



## स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में हुआ ध्वजारोहण

**वाराणसी।** स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल बनपुरवा गड़वाघाट, जगतगंज के प्रांगण में 74वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद ने ध्वजारोहण किया। कहा कि किसी निश्चित सीमाओं से घिरे भूभाग को देश नहीं कहते बल्कि उसमें निहित पशु-पक्षी, नदी-पर्वत व रहने वाले जीव-जतुंओं को मिला कर देश बनता है। एनएनसी की टुकड़ी ने परेड को सलामी दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मनोहर यादव तथा शौर्य को बेस्ट एनसीसी कैडेट से अलंकृत होकर लौटने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. एके चौबे ने भाषण दिया। संचालन मिर्जा विलायत बख्त व धन्यवाद ज्ञापन छात्रावास अधीक्षक ले. एमएस यादव (रि.) ने दिया। इस मौके पर काफी लोग मौजूद थे।

## वाराणसी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**वाराणसी।** वाराणसी गर्ल्स डिग्री कालेज में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया झंडारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने भी भागीदारी की। वर्षा कुमारी को सर्वाधिक अंक लाने के लिए तथा पलक विश्वकर्मा को सर्वश्रेष्ठ छात्रा चुना गया। प्राचार्य डा. अनुपमा सिंह ने गणतंत्र के महत्व को रेखांकित किया। प्रबंधक डा. रवि सिंह ने कहा कि गणतंत्र हमें अधिकार व कर्तव्य से परिचित कराता है। संचालन प्रीति चौरसिया व नेहा वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. भागीरथी ने किया। कार्यक्रम में डा. अनुपमा श्रीवास्तव, डा. नीता लाल, डा. धर्मराज, शतरूद्र, डा. श्रवण तिवारी, सशमी, राजेश भारती, सुनील आदि मौजूद थे।

## सेंट जॉन्स स्कूल मढ़ौली में मना गणतंत्र दिवस



**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल मढ़ौली के विशाल प्रांगण में 26 जनवरी को अत्यन्त उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्तों को नमन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डा. आरके ओझा (डायरेक्टर आरके नेत्रालय महमूरगंज) ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को प्रधानाचार्य फॉदर हेनरी ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।

## स्याद्वाद महाविद्यालय में हुआ ध्वजारोहण



**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस पर जैन घाट स्थित स्याद्वाद महाविद्यालय में सुबह दस बजे भारतीय ध्वज का ध्वजारोहण विजय कुमार जैन कोषाध्यक्ष, डा. फूलचंद जैन अधिष्ठाता, डा. आकाश जैन प्राचार्य, डा. निर्मला जैन वरिष्ठ प्राध्यापक, सुरेन्द्र जैन पुस्तकालयाध्यक्ष ने किया। महाविद्यालय के छात्रों ने मंगलाचरण किया। समारोह में 50 से अधिक लोग शामिल हुए।

## जीवनदीप में मनाया गया गणतंत्र दिवस




**वाराणसी।** जीवनदीप पब्लिक स्कूल बड़ालालपुर चांदमारी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष डा. अशोक कुमार सिंह ने ध्वजारोहण के साथ किया। उन्होंने सीबीएसई क्लस्टल के राष्ट्रीय स्तर पर जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त छात्रा अंशिका सिंह को सम्मानित किया। इसके अलावा एथलेटिक्स में विभिन्न प्रतिस्पर्धा में पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने विविधता में एकता रखने वाले भारत देश की तरक्की में योगदान देने के लिए छात्र-छात्राओं का आह्वान किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ ही सुंदरकांड पाठ भी किया गया। इस मौके पर डा. अंशु सिंह, प्रधानाचार्य डा. ममता सिंह समेत संस्थान के सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे।




## जैपुरिया स्कूल पड़ाव में वसंत पंचमी व गणतंत्र दिवस की धूम

**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल पड़ाव कैंपस में गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने ध्वज फहराया। साथ ही विद्यालय परिवार ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। तीन रंगों के गुब्बारे को आकाश में छोड़ा गया। सातवीं व आठवीं कक्षा के बच्चों ने योद्धा बन कर समूह नृत्य किया। जबकि छठवीं कक्षा के बच्चों ने संस्कृत देशभक्ति गीत व कक्षा चार के बच्चों ने युगल नृत्य व यूकेजी के बच्चों ने मोहक गीतों की प्रस्तुति की। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना ने सभी को संबोधित किया। इस मौके पर निदेशक श्याम सुंदर बजाज, मंजुबुधिया प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना, प्रियंका समेत काफी लोग मौजूद थे। संचालन नोरिता जैन व नव्या ने किया।

## सेंट जॉन्स स्कूल बीएलडब्ल्यू में समारोह



**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल बीएलडब्ल्यू में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि डा. फादर फिलिप डेनिस ने ध्वजारोहण से किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि ने खेलकूद प्रारंभ करने की घोषणा की। खेलकूद में 800, 400, 200 व 100 मीटर दौड़ रस्साकशी व रिले दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि डा. फादर फिलिप डेनिस ने जनतंत्र का अर्थ समझाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का हमारे देश में पूर्ण अधिकार है चाहे वह महिला हो या पुरुष। प्रधानाचार्य फादर गुरू शांताराज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विद्यालय के डायरेक्टर ने फहराया ध्वज



**पिंडरा।** गणतंत्र दिवस पर बाबतपुर स्थित केजे कालेज आफ फार्मेसी के चेयरमैन प्रदीप सिंह इलाका ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कालेज के वाइस चेयरमैन डा. योगेन्द्र कुमार सिंह ने कालेज ग्राउण्ड में तिरंगा फहराया व राष्ट्रगान किया। कहा कि इस अवसर पर आत्ममंथन करने की जरुरत है। कार्यक्रम में डायरेक्टर डा. मिथिलेश द्विवेदी, पंकज कुमार त्रिपाठी, सचिन अग्रहरि, उपमा सिंह, प्रीति पांडेय, राजलक्ष्मी पांडेय, सत्यम मिश्र, पवन पटेल, ऋषभ श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार, नेहा सिंह, शुभम सिंह आदि मौजूद थे।